
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक
# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 61 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 10 दिसम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# ब्राजील यात्रा पर नौसेना प्रमुख, शीर्ष रक्षा एवं सैन्य नेतृत्व से करेंगे द्विपक्षीय वार्ताएं

**समाज जागरण**

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी 9 दिसंबर से ब्राजील की आधिकारिक यात्रा पर हैं, जो 12 दिसंबर तक जारी रहेगी। नौसेना के अनुसार, इस दौरे का उद्देश्य भारतीय नौसेना और ब्राजीलियाई नौसेना के बीच मजबूत और निरंतर विकसित हो रहे समुद्री सहयोग को और सुदृढ़ करना है। यह समुद्री सहयोग भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी का एक अहम स्तंभ माना जाता है।

### शीर्ष रक्षा एवं सैन्य नेतृत्व से महत्वपूर्ण द्विपक्षीय वार्ताएं

अपने प्रवास के दौरान, नौसेना प्रमुख ब्राजील के शीर्ष रक्षा एवं सैन्य नेतृत्व से महत्वपूर्ण द्विपक्षीय वार्ताएं करेंगे। वह ब्राजील के रक्षा मंत्री, ब्राजीलियाई सशस्त्र बलों के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ तथा ब्राजीलियाई नौसेना के कमांडर एडमिरल मार्कोस से मुलाकात करेंगे। इन उच्चस्तरीय बैठकों में दोनों देशों के बीच जारी समुद्री सहयोग की समीक्षा की जाएगी और संचालन स्तर पर तालमेल को और मजबूत बनाने पर चर्चा होगी।

### बहुपक्षीय ढांचों के तहत सहयोग जैसे मुद्दों पर विशेष फोकस

ब्राजील यात्रा के दौरान भविष्य के सहयोग के नए अवसरों की भी पहचान की जाएगी। नौसेना प्रमुख ब्राजीलियाई नौसेना के विभिन्न ऑपरेशनल कमांड, नौसैनिक अड्डों और जहाज निर्माण यार्डों का दौरा करेंगे, जिससे दोनों नौसेनाओं के बीच व्यावहारिक



सहयोग, तकनीकी समझ और अनुभवों के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। बातचीत में साझा समुद्री प्राथमिकताओं, नौसैनिक अंतर-संचालन क्षमता, क्षमता निर्माण तथा बहुपक्षीय ढांचों के तहत सहयोग जैसे मुद्दों पर विशेष फोकस रहेगा।

### नौसेना प्रमुख की यह यात्रा समुद्री सुरक्षा, पेशेवर आदान-प्रदान और क्षमता निर्माण के लिहाज से महत्वपूर्ण

इसके साथ ही, व्यापक 'दक्षिण-दक्षिण सहयोग' के तहत समुद्री क्षेत्र में समन्वय को आगे बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। नौसेना प्रमुख की यह यात्रा समुद्री सुरक्षा, पेशेवर आदान-प्रदान और क्षमता निर्माण के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यह यात्रा ब्राजीलियाई नौसेना के साथ गहरे सहयोग के प्रति भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित करती है। यह सहयोग वैश्विक समुद्री क्षेत्रों में स्थिरता, सुरक्षा और नियम आधारित व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में भी योगदान देगा।

### रणनीतिक मुद्दों पर सार्थक वार्ता

उल्लेखनीय है कि इससे पहले एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने पिछले महीने अमेरिका की एक महत्वपूर्ण आधिकारिक यात्रा की थी। नौसेना के अनुसार, उस यात्रा का उद्देश्य भारतीय नौसेना और अमेरिकी नौसेना के बीच पहले से मजबूत समुद्री साझेदारी को और आगे बढ़ाना था। अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान नौसेना प्रमुख ने वहां के युद्ध विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर अनेक रणनीतिक मुद्दों पर सार्थक वार्ता की थी। (इनपुटः आईएएनएस)

## सत्य नडेला का एआई भविष्य पर बड़ा दांव

### भारत में 1.5 लाख करोड़ रुपए निवेश करेगी माइक्रोसॉफ्ट



माइक्रोसॉफ्ट कॉर्पोरेशन भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बुनियादी ढांचे, कौशल विकास और संप्रभु क्षमताओं के निर्माण में सहयोग के लिए 17.5 अरब डॉलर (लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपए) का बड़ा निवेश करने जा रही है।

### भारत की एआई महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में सहयोग देने के लिए माइक्रोसॉफ्ट 17.5 अरब डॉलर का निवेश

कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ सत्य नडेला ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि भारत की एआई महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में सहयोग देने के लिए माइक्रोसॉफ्ट 17.5 अरब डॉलर का निवेश कर रही है। यह एशिया में कंपनी का अब तक का सबसे बड़ा निवेश होगा। नडेला के अनुसार, यह निवेश एआई-प्रधान भविष्य के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे, कौशल और संप्रभु क्षमताओं को मजबूत करेगा।

## मतदाताओं को पूरे अधिकार देने के लिए चुनाव आयोग ने कई सुधार किए : अनुराग ठाकुर

**समाज जागरण**

लोकसभा में चुनावी सुधारों पर चर्चा जारी है। इस दौरान भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि चुनाव आयोग ने नागरिकों को पूर्ण मतदान अधिकार सुनिश्चित करने के लिए कई सुधार किए हैं, और ऐसे कदमों का विरोध नहीं होना चाहिए।



### मोदी सरकार ने ब्रिटिश काल के हजारों पुराने कानूनों को समाप्त किया

अनुराग ठाकुर ने कहा, "चुनावी सुधारों के बारे में मैं सिर्फ इतना कहूंगा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने ब्रिटिश काल के हजारों पुराने कानूनों को समाप्त किया है। साथ ही, आजाद भारत के नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए नए कानून भी बनाए गए हैं।"

### चुनाव आयोग ने मतदाताओं को पूरे अधिकार देने के लिए कई चुनावी सुधार किए

उन्होंने आगे कहा, "अब चुनाव आयोग ने मतदाताओं को पूरे अधिकार देने के लिए कई चुनावी सुधार किए हैं। इनका विरोध नहीं होना चाहिए। बिहार चुनावों के दौरान किसी भी व्यक्ति ने यह दावा नहीं किया कि उसका नाम मतदाता सूची से हटाया गया है। राजनीतिक दलों को आपत्ति उठाने के लिए पर्याप्त समय मिला था, लेकिन किसी ने यह नहीं कहा कि उन्हें मतदान से रोका गया।"

### लोकसभा में चुनाव सुधारों पर विस्तृत चर्चा

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान मंगलवार को लोकसभा में चुनाव सुधारों पर विस्तृत चर्चा हो रही है। सदन ने इस विषय पर 10 घंटे का समय निर्धारित किया है। लंबी बहस में कई प्रमुख मुद्दों के उठने की उम्मीद है-जिनमें चुनाव आयोग की भूमिका, चुनाव प्रचार में फंडिंग की पारदर्शिता, आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों पर रोक, ईवीएम की विश्वसनीयता, और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण जैसी प्रक्रियाएं शामिल हैं।

**इस प्रयास का उद्देश्य चुनावी निष्पक्षता को मजबूत करना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाना है**

सरकार का कहना है कि इस प्रयास का उद्देश्य चुनावी निष्पक्षता को मजबूत करना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाना है। हालांकि, विपक्ष द्वारा चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल उठाए जाने तथा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' जैसे प्रस्तावों पर आपत्तियां दर्ज किए जाने की भी संभावना है।

### स्पीकर ओम बिड़ला ने सदस्यों से आग्रह किया कि वे आरोप-प्रत्यारोप से बचें

बता दें कि कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा की शुरूआत की। चर्चा शुरू होने से पहले स्पीकर ओम बिड़ला ने इसे संवेदनशील विषय बताते हुए सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे आरोप-प्रत्यारोप से बचें और चर्चा को चुनाव सुधारों पर केंद्रित रखें। (इनपुटः आईएएनएस)

# घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए योगी सरकार का फुलप्रूफ प्लान

**समाज जागरण**

उत्तर प्रदेश में घुसपैठियों को पहचानने और राज्य से बाहर करने के लिए योगी सरकार ने एक फुलप्रूफ योजना तैयार कर ली है, जो पूरे देश के लिए मॉडल साबित हो सकती है। सरकार घुसपैठियों की पहचान में हाई-टेक और आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर रही है, जिससे प्रदेश में छुपकर रहने की उनकी हर कोशिश को नाकाम किया जा सके। जिन डिटेंशन सेंटरों में इन्हें रखा जाएगा, वहां सुरक्षा व्यवस्था इतनी कड़ी होगी कि परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा।



### डिटेंशन सेंटरों में रखे गए घुसपैठियों की विस्तृत बायोमेट्रिक प्रोफाइल बनाने की तैयारी

सूत्रों के अनुसार, योगी सरकार डिटेंशन सेंटरों में रखे गए घुसपैठियों की विस्तृत बायोमेट्रिक प्रोफाइल तैयार करने जा रही है। इन सभी नामों को 'निगेटिव लिस्ट' में दर्ज किया जाएगा, जिसे देशभर में साझा किया जाएगा ताकि ये लोग दोबारा न तो प्रदेश में और न ही देश की सीमा में प्रवेश कर सकें।

### योगी आदित्यनाथ ने घुसपैठियों को प्रदेश से बाहर करने के लिए शीर्ष अधिकारियों के साथ की बैठक

हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घुसपैठियों को प्रदेश से बाहर करने के लिए शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की। सूत्रों का कहना है कि अधिकारियों को हाई-टेक तकनीक का उपयोग करते हुए घुसपैठियों की पहचान सुनिश्चित करने और बिना किसी चूक के उन्हें डिटेंशन सेंटर भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

### घुसपैठियों के फर्जी पहचान पत्र और अन्य संदिग्ध सरकारी दस्तावेजों को किया जाएगा स्कैन

जानकारों के अनुसार, आधुनिक तकनीक की मदद से घुसपैठियों के फर्जी पहचान पत्र और अन्य संदिग्ध सरकारी दस्तावेजों को स्कैन किया जाएगा तथा उनके पुराने रिकॉर्ड की गहन जांच की जाएगी। इससे यह पता लगाया जाएगा कि वे कब से प्रदेश में छुपकर रह रहे हैं और किस प्रकार उन्होंने फर्जी दस्तावेज तैयार किए।

### फर्जी दस्तावेज बनाने वाले नेटवर्क की भी जांच

सूत्रों के मुताबिक, घुसपैठियों की पहचान के साथ ही उनके फर्जी दस्तावेज बनाने वाले नेटवर्क की भी जांच की जाएगी। इस नेक्सस का भंडाफोड़ कर कठोर कार्रवाई की जाएगी, ताकि आगे कोई भी व्यक्ति फर्जी दस्तावेज न बनवा सके।

### भविष्य में नहीं करा पाएंगे आधार कार्ड जैसी किसी भी सरकारी पहचान प्रणाली में पंजीकरण

डिटेंशन सेंटरों में रखे गए घुसपैठियों की बायोमेट्रिक प्रोफाइल के तहत उनके फिंगरप्रिंट, फेशियल रिकॉग्निशन डेटा आदि एकत्र किए जाएंगे। इसके बाद इन नामों की एक विशेष सूची तैयार होगी, जिसे निगेटिव लिस्ट में शामिल किया जाएगा। इस कदम के बाद ये लोग आधार कार्ड जैसी किसी भी सरकारी पहचान प्रणाली में भविष्य में पंजीकरण नहीं करा पाएंगे। यह सूची देश के अन्य राज्यों से भी साझा की जाएगी, ताकि दोबारा कोई घुसपैठिया भारत की सीमा में प्रवेश न कर सके।

### देश के लिए एक मॉडल के रूप में उभर सकती है योगी सरकार का यह फुलप्रूफ प्लान

योगी सरकार का यह फुलप्रूफ प्लान और कार्यशैली पूरे देश के लिए एक मॉडल के रूप में उभर सकती है। यह योजना एक बार फिर मुख्यमंत्री की स्पष्ट नीति, गंभीरता और सटीक विजन को दशार्ती है।(इनपुटः आईएएनएस)

# कड़कड़डूमा कोर्ट में निलंबित अधिवक्ता पर हमला

**समाज जागरण**

नई दिल्ली, 10 दिसंबर 2025: राजधानी के कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर में सोमवार को निलंबित अधिवक्ता राकेश किशोर पर कथित रूप से 100-150 लोगों द्वारा हमला किए जाने की घटना सामने आई है। आरोप है कि भीड़ ने उन्हें चप्पलों से पीटा और अभद्र व्यवहार किया।

हमले के बाद राकेश किशोर ने मीडिया से बात करते हुए दावा किया कि भीड़ ने उन्हें बताया कि यह हमला उस घटना के चलते किया



गया है, जिसमें उन्होंने कथित रूप से तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गवई के प्रति अभद्र टिप्पणी की थी।

उन्होंने कहा, "जब लोग मुझे मार रहे थे, मैंने उनसे पूछा कि क्यों मार रहे हैं। उन्होंने जवाब दिया–'गवई साहब के साथ जो हुआ था और क्योंकि तुमने सनातन धर्म का अपमान किया है।'"

घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कोर्ट परिसर में इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एक साथ पहुंचना और हमला करना सुरक्षा में बड़ी चूक माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घटना पर बार एसोसिएशन और संबंधित न्यायिक अधिकारियों की प्रतिक्रिया का इंतजार है।

# हार्दिक पंड्या की तूफानी फिफ्टी के बाद गेंदबाजों का कहर,

### भारत ने साउथ अफ्रीका को पहले टी20 में 101 रनों से पीटा, सीरीज में बनाई 1-0 की बढ़त

**समाज जागरण**

कटकः हार्दिक पंड्या की तूफानी फिफ्टी के बाद घातक गेंदबाजी से टीम इंडिया ने पहले टी20 में साउथ अफ्रीका को 101 रनों से हरा दिया. इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है. मुकाबले में टीम इंडिया ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के खेल में 6 विकेट के नुकसान पर 175 रन का स्कोर किया था. इसके जवाब में मेहमान टीम 12.2 ओवर में 74 रन बनाकर सिमट गई.



लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका की टीम ने अर्शदीप सिंह के खिलाफ पहले ही ओवर में क्विंटन डिकॉक का विकेट गंवा दिया. इसके बाद तो मानों आने-जाने का सिलसिला ही शुरू हो गया. टीम ने 50 रन के स्कोर पर अपने पांच विकेट गंवा दिए. मिडिल ऑर्डर में एक समय डेवाल्ड ब्रेविस और मार्को यानसेन को देखकर लगा कि वह टीम इंडिया के गेंदबाजों के सामने चुनौती पेश करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया. भारतीय गेंदबाजों के आगे साउथ अफ्रीका के निचले क्रम बल्लेबाजों ने आसानी से घुटने टेक दिए. साउथ अफ्रीका के लिए सर्वोच्च स्कोर ब्रेविस रहे जिन्होंने 22 रनों की पारी खेली.

## ATM काटकर लाखों की चोरी करने वाला गैंग गिरफ्तार – मोरादाबाद पुलिस की बड़ी कार्यवाही

मोरादाबाद। उत्तर प्रदेश पुलिस की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत मोरादाबाद पुलिस ने एटीएम काटकर चोरी करने वाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के पांच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों के पास से: 3,08,300/- नगद,05 अवैध असलहे, फर्जी नंबर प्लेट लगी कार, बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, गिरोह हाईटेक तरीके से वारदात को अंजाम देता था और अब तक लाखों रुपये की चोरी कर चुका था।

# वीसी के माध्यम से मासिक समीक्षा बैठक–DGP ने दिए निर्देश: शिकायतों के त्वरित निस्तारण और साइबर अपराध नियंत्रण पर जोर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के डीजीपी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जनपद स्तर के अधिकारियों के साथ मासिक स्टाफ बैठक की। बैठक में पुलिस सेवा को और अधिक जन-केंद्रित बनाने पर जोर दिया गया।

डीजीपी ने निर्देश दिए कि: जन शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# कहीं रोहिंग्या बने टीचर, कहीं बस गई 'बर्मा कॉलोनी'; CJI की रेड-कार्पेट वाली चेतावनी जम्मू में सच साबित

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा था कि भारत में घुसपैठियों के लिए किसी तरह का 'रेड कार्पेट वेलकम' नहीं होना चाहिए." यह टिप्पणी भारत की सुरक्षा और अवैध घुसपैठ के प्रति उसके सख्त रुख को दशार्ती है. लेकिन, जम्मू की जमीन पर तस्वीर कुछ और ही बयां कर रही है. म्यांमार से आए रोहिंग्या मुस्लिम समुदाय के लोग न सिर्फ यहा आकर बसे हैं बल्कि अब कई इलाकों में उनकी स्थायी बसावट, कारोबार और यहां तक कि समानांतर ढांचे तक बनते दिखाई दे रहे हैं. यह स्थिति सुप्रीम कोर्ट के संदेश और जमीनी हकीकत के बीच एक बड़ी खाई पैदा करती है.

### कासिम नगर बना बर्मा बस्ती

पहले रोहिंग्या समुदाय के लोग जम्मू शहर और आसपास के इलाकों में अस्थायी कैम्पों तक सीमित थे. लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है. कई क्षेत्रों में इनकी परमानेंट बस्तियां बस गई हैं. झुग्गियों का विस्तार हुआ है और यहां तक कि छोटी-छोटी दुकानें व बाजार भी खड़े हो चुके हैं. ये अब सिर्फ अस्थायी रूप से रहने के मकसद से नहीं आए हैं बल्कि उनका इरादा यहीं बस जाने का लगता है. सरकारी और सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, जम्मू के नरवाल, सुंजवां, भठिंडी और अन्य इलाकों में रोहिंग्या परिवारों ने ढांचों का स्थायी रूप लेती बस्तियां खड़ी कर ली हैं. एक रिपोर्ट के मुताबिक, 1994 में दो बच्चों समेत एक रोहिंग्या परिवार जम्मू पहुंचा था. इसके बाद 2009 के बाद इनकी उपस्थिति में तेज उछाल आया. 2007 से 2015 के बीच बड़ी संख्या में रोहिंग्या भारत आए और जम्मू में बसने लगे. पहले इस जगह का नाम कासिम नगर हुआ करता था. 2007 में इसे रोहिंग्या बस्ती के नाम से जाना जाने लगा. 2020 के बाद रोहिंग्या मुस्लिम समुदाय ने अपने संगठन को इतना मजबूत कर लिया कि स्थायी रूप से बसने की चाह में इस जगह को 'बर्मा बस्ती' का नाम भी दे दिया गया है. यह नामकरण अपने आप में उनकी बढ़ती पकड़ और स्थायी पहचान की तलाश को दशार्ता है.

# लोकसभा में अखिलेश का मोदी-योगी और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप

**संजय सक्सेना,लखनऊ**

समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेता अखिलेश यादव ने आज 09 दिसंबर को लोकसभा में अपना भाषण देते हुए चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग स्वतंत्र संस्था का स्वरूप खो चुका है और सत्ताधारी दल के इशारों पर नाच रहा है। विशेष वोटर सूची संशोधन प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं हो रही हैं, जिससे विपक्षी दलों के समर्थकों के वोट कटने की साजिश रची जा रही है। अखिलेश ने स्पष्ट शब्दों में आरोप लगाया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और उसके सहयोगियों ने जिन सीटों पर जीत हासिल की थी, उन क्षेत्रों में पांच हजार से अधिक वोट जानबूझकर डिलीट करने की तैयारी चल रही है। उन्होंने चुनाव आयोग को चेतावनी दी कि यह लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ है और जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।



भाषण की शुरूआत में ही अखिलेश ने लोकसभा अध्यक्ष से अपील की कि सदन का माहौल शांत रखा जाए ताकि उनकी बात सुनी जा सके। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में स्वतंत्र वोटर सूची संशोधन के नाम पर सत्ताधारी दल विपक्ष को कमजोर करने का कुचक्र चला रहा है। बिहार के बाद उत्तर प्रदेश में यह प्रक्रिया तेज हो गई है और मुस्लिम, दलित, पिछड़े तथा अति पिछड़े वर्गों के इलाकों में मतदान केंद्र अधिकारी घर-घर जाकर वोटरों के नाम मिटाने का काम कर रहे हैं। अखिलेश ने उदाहरण देते हुए बताया कि 2022 के विधानसभा चुनाव में भी इसी तरह की चालाकी से समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने की राह में रोड़ा अटकाया गया था। उन्होंने दावा किया कि अब 2027 के चुनाव से पहले यही सिलसिला दोहराया जा रहा है, जिससे डेढ़ से दो करोड़ वोट प्रभावित हो सकते हैं।

भाषण के दौरान अखिलेश ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार घुसपैठियों को पकड़ने के नाम पर डिटेंशन सेंटर बना रही है, लेकिन असल में यह अल्पसंख्यक समुदाय को डराने का हथकंडा है। अखिलेश ने तंज कसते हुए पूछा कि अगर घुसपैठिए इतने खतरनाक हैं तो इन्हें पकड़ने के बजाय क्यों निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाजवादी पार्टी घुसपैठ के खिलाफ है, लेकिन निर्दोषों को सताने का विरोध करेगी। योगी सरकार के डिटेंशन सेंटरों को अखिलेश ने अमानवीय बताया और कहा कि इससे प्रदेश की शांति भंग होगी। उन्होंने सदन के सदस्यों से अपील की कि इस मुद्दे पर एकजुट होकर आवाज उठाएं।

अखिलेश ने चुनाव आयोग की कमियों को गिनाते हुए कहा कि आयोग ने बिना किसी तैयारी के स्वतंत्र वोटर सूची संशोधन शुरू कर दिया। मतदान केंद्र अधिकारियों पर इतना दबाव बनाया गया कि गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और राजस्थान में कई ने आत्महत्या तक कर ली। उन्होंने आयोग से मांग की कि इस प्रक्रिया को स्थगित कर समय बढ़ाया जाए ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। भाषण में अखिलेश ने सत्ताधारी दल पर भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद भाजपा भ्रष्टाचार की चरम सीमा पर पहुंच गई है। भाजपा भविष्य की बातें करती है, लेकिन वर्तमान में जनता की पीड़ा को नजर-अंदाज कर रही है। अखिलेश ने चार सौ चौदह दिनों में उत्तर प्रदेश चुनाव होने की बात कही और दावा किया कि समाजवादी पार्टी इस साजिश का डटकर मुकाबला करेगी। उन्होंने विपक्षी दलों से एकता की अपील की और कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए सबको साथ आना होगा।

अखिलेश के भाषण के बीच में सत्ताधारी दल के सदस्यों ने हंगामा किया, लेकिन अखिलेश ने शांत स्वर में अपनी बात जारी रखी। उन्होंने कहा कि सच्चाई से सरकार डर रही है, इसलिए हंगामा कर रही है। अखिलेश ने बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान का हवाला देते हुए कहा कि आरक्षण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जातीय जनगणना जरूरी है। उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा कि अगर पहले साथ देते तो आज यह मांग न करनी पड़ती। भाषण में ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया गया। अखिलेश ने सेना की बहादुरी की तारीफ की, लेकिन सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पुलवामा जैसी घटनाओं में खुफिया तंत्र की नाकामी की जिम्मेदारी कौन लेगा। सीजफायर का फैसला किस दबाव में हुआ, इसका जवाब सरकार दे। अखिलेश ने आर्थिक नीतियों पर भी प्रहार किया। उन्होंने कहा कि व्यापारिक गतिविधियों पर पड़ रही मार को रोकने के लिए गंभीर कदम उठाने होंगे। रक्षा बजट को सकल घरेलू उत्पाद का तीन प्रतिशत करना चाहिए और इसे गैर-लंचेपदह बनाना चाहिए। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की बात करते हुए कहा कि देश को अपनी रक्षा सामग्री खुद बनाने पर जोर देना होगा।

भाषण के अंत में अखिलेश ने सुझाव दिए कि पाकिस्तान और आतंकवाद पर दस-पंद्रह वर्षीय रणनीति बनानी चाहिए। उन्होंने चीन सीमा विवाद का जिक्र किया और सरकार से इंफ्रास्ट्रक्चर पर स्पष्टता मांगी। अखिलेश का यह भाषण करीब पैंतालीस मिनट चला और सदन में जोरदार प्रतिक्रिया पैदा की। विपक्ष ने तालियां बजाईं तो सत्ताधारी दल ने विरोध जताया। गृह मंत्री अमित शाह ने भी जवाब में कई बातें कहीं। अखिलेश के भाषण ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता इसे चुनावी हथियार के रूप में देख रहे हैं। अखिलेश ने साबित कर दिया कि वे मुद्दों पर सीधी बात कहने से पीछे नहीं हटते। चुनाव आयोग पर आरोपों ने विपक्ष को मजबूत एकजुटता का संदेश दिया। डिटेंशन सेंटरों पर टिप्पणी से योगी सरकार पर दबाव बढ़ गया। अखिलेश का यह आक्रामक रुख 2027 के चुनावों की दिशा तय कर सकता है। उन्होंने जनता से अपील की कि सच्चाई के साथ रहें और साजिशों को नाकाम करें। भाषण ने राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा छेड़ दी है। मीडिया चैनलों पर इसे प्रमुखता से दिखाया जा रहा है। समाजवादी पार्टी का आधार मजबूत करने में यह भाषण मील का पत्थर साबित होगा। अखिलेश ने सिद्ध किया कि वे न केवल कुशल वक्ता हैं बल्कि मुद्दों के जानकार भी।

# मानव अधिकार दिवस : सभ्यता के नैतिक विवेक का दर्पण



**महेन्द्र तिवारी**




हर वर्ष 10 दिसंबर को दुनिया मानवता के उस मूल्य को याद करती है जो किसी भी राष्ट्र, धर्म या शासन की सीमाओं से परे है–मानवाधिकार। यह दिन कैलेंडर की एक साधारण तारीख नहीं, बल्कि उस आत्मा का उत्सव है जो मनुष्य को मनुष्य बनाती है। यह हमें याद दिलाता है कि सभ्यता का विकास केवल तकनीकी प्रगति से नहीं, बल्कि इस बात से मापा जाता है कि हम सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सबसे कमजोर व्यक्ति के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। मानव अधिकार दिवस हमें हमारे सामूहिक विवेक से यह प्रश्न पूछने का अवसर देता है कि क्या सचमुच हम उस दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं जहाँ हर मनुष्य गरिमा, सम्मान और स्वतंत्रता के साथ जी सके।

द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका ने दुनिया को भीतर तक झकझोर दिया था। जब नस्ल, धर्म और विचार के आधार पर मनुष्यों का निर्मम संहार हुआ, तब मानवता ने महसूस किया कि सभ्यता का ढांचा कितनी आसानी से ध्वस्त हो सकता है। इसी ऐतिहासिक चेतना ने 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा को ह्यमानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणाह्ल अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिसने पहली बार यह स्पष्ट किया कि मनुष्य के अधिकार राज्य की इच्छा नहीं हैं, बल्कि जन्मसिद्ध हैं–वे मनुष्य होने के कारण स्वतः प्राप्त हैं। इस घोषणा का पहला वाक्य–ह्लसभी मनुष्य जन्म से स्वतंत्र और समान गरिमा एवं अधिकारों के अधिकारी हैंह्व–आज भी नैतिकता का सबसे स्पष्ट और सार्वभौमिक घोषणापत्र है। यह अंतःकरण की वह आवाज है जो किसी एक देश या संस्कृति की नहीं, बल्कि पूरी मानवता की है।

भारत ने, स्वतंत्रता के तत्काल बाद, इन सिद्धांतों को अपने संविधान में समाहित करके एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। संविधान के मौलिक अधिकार नागरिकों को समानता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, जीवन और स्वतंत्रता, धार्मिक स्वतंत्रता और शोषण से मुक्ति का आश्वासन देते हैं। यह न केवल राजनीतिक दस्तावेज है, बल्कि हमारे लोकतंत्र का नैतिक आधार भी है। 1993 में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की स्थापना इसी प्रतिबद्धता की निरंतरता है, जिसका उद्देश्य राज्य की नीतियों और कार्यवाहियों से उत्पन्न होने वाले किसी भी अन्याय की निगरानी करना है। यह आयोग उन नागरिकों की आवाज बनने का प्रयास करता है जो शक्ति-संरचनाओं में हाशिए पर छूट जाते हैं।

परंतु मानव अधिकार का अर्थ केवल विधिक सुरक्षा तक सीमित नहीं है। यह किसी वर्ग को दिया गया उपकार भी नहीं है। यह मनुष्य की गरिमा का वह बुनियादी सिद्धांत है जो बताता है कि किसी व्यक्ति के साथ किया गया अन्याय केवल उसके विरुद्ध नहीं, बल्कि पूरी मानवता के विरुद्ध अपराध है। महात्मा गांधी ने कहा था कि ह्लकिसी एक मनुष्य का अपमान, समूची मानवता का अपमान है।ह्व यही व्यापकता और संवेदनशीलता मानवाधिकारों की आत्मा है। जहाँ गरिमा का हनन होता है–चाहे वह जाति के आधार पर भेदभाव हो, लिंग असमानता, धार्मिक उत्पीड़न, श्रम का शोषण, या अभिव्यक्ति पर प्रतिबंध–वहाँ मानवाधिकार खतरे में पड़ जाते हैं।

आज का समय इन अधिकारों को नए प्रकार की चुनौतियों के बीच परखता है। युद्ध और आतंकवाद ने दुनिया के कई हिस्सों में नागरिक जीवन को अस्थिर कर रखा है। मध्य पूर्व और अफ्रीका के संघर्षों के कारण लाखों लोग विस्थापित हुए हैं और मूलभूत अधिकारों के लिए संघर्षरत हैं। एशिया के कई देशों में राजनीतिक असहमति पर अंकुश और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर खतरे बढ़ रहे हैं। लोकतांत्रिक देशों में भी निगरानी प्रणालियों, डेटा-संग्रह और डिजिटल प्लेटफॉर्मों के विस्तार ने निजता के अधिकार पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं। वही तकनीक, जो विकास का साधन हो सकती है, कई बार नियंत्रण का साधन बनकर सामने आती है। संयुक्त राष्ट्र का 2025 का थीम–ह्लडिजिटल समानता और मानव गरिमाह्व–विश्व समुदाय को चेतावनी देता है कि तकनीकी प्रगति यदि मानवीय मूल्यों के साथ संयोजित न हो, तो वह नई असमानताओं को जन्म दे सकती है।

भारत जैसे विविधतापूर्ण समाज में मानव अधिकार विमर्श और भी जटिल हो जाता है। जाति, लिंग, वर्ग और धर्म के आधार पर भेदभाव की ऐतिहासिक परंपराएँ आज भी सामाजिक व्यवहार में दिखाई देती हैं। दलित, आदिवासी, महिला और अल्पसंख्यक समुदायों को कई बार अपने अधिकारों के लिए अत्यधिक संघर्ष करना पड़ता है। न्यायपालिका और मीडिया कई मामलों में आवाज उठाते हैं, लेकिन एक लोकतांत्रिक समाज का स्वास्थ्य केवल संस्थानों पर निर्भर नहीं हो सकता। सामाजिक चेतना और नागरिक संवेदनशीलता उतनी ही आवश्यक है। जब तक समाज अपने भीतर निहित असमानताओं को स्वीकार करके उन्हें मिटाने का प्रयास नहीं करेगा, तब तक मानवाधिकार केवल कानूनी वाक्यों तक सीमित रह जाएँगे।

मानव अधिकारों के साथ कर्तव्यों का संबंध भी उतना ही अनिवार्य है। अक्सर यह गलतफहमी रहती है कि मानवाधिकार केवल अधिकारों की माँग का दस्तावेज है। परंतु किसी समाज में अधिकारों की रक्षा तभी संभव है जब नागरिक स्वयं दूसरों के अधिकारों के प्रति संवेदनशील हों। संविधान के मौलिक कर्तव्य इसी संतुलन की ओर संकेत करते हैं। अधिकार और कर्तव्य एक-दूसरे के पूरक हैं; जहाँ अधिकारों की अनदेखी अत्याचार को जन्म देती है, वहीं कर्तव्यों की उपेक्षा अव्यवस्था पैदा करती है।

21वीं सदी ने मानवाधिकारों के दायरे को और विस्तृत कर दिया है। स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार, जलवायु न्याय, इंटरनेट पहुँच, डेटा सुरक्षा, और लैंगिक विविधता की मान्यता–ये सभी नए आयाम हैं जिनके बिना आधुनिक समाज में समता और सम्मान की कल्पना अधूरी है। जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित वे समुदाय हैं जिनके पास संसाधन और राजनीतिक शक्ति सबसे कम है। इस संदर्भ में जलवायु न्याय एक वैश्विक नैतिक जरूरत के रूप में उभर रहा है। इसी प्रकार डिजिटल अधिकारों की लड़ाई यह सुनिश्चित करती है कि तकनीक मानव को नियंत्रित करने का औजार न बने, बल्कि उसकी स्वतंत्रता और अवसरों का विस्तार करे।

मानव अधिकार दिवस इसलिए महज एक स्मृति-दिवस नहीं, बल्कि भविष्य की जिम्मेदारी का दिन है। यह हमें याद दिलाता है कि दुनिया की वास्तविक प्रगति इस बात में नहीं है कि हमने कितने बड़े बाँध या कितनी तेज मशीनें बनाई हैं; बल्कि इसमें है कि हमारे समाज में सबसे कमजोर व्यक्ति कितनी गरिमा के साथ जीवन जी रहा है। जब दुनिया का हर मनुष्य भय, अपमान और भेदभाव से मुक्त होकर जी सकेगा, तभी मानव अधिकार दिवस की भावना सचमुच साकार होगी। मानवता की असली कसौटी यही है कि हम अपने भीतर और अपने समाज में कितनी दया, न्याय और समानता को जगह देते हैं। यही विवेक हमारी सभ्यता का भविष्य सुनिश्चित करेगा।

## भारत रूस सामरिक समझौते का वैश्विक प्रभाव'
# यूरोपीय देशों की चिंता का कारण।



वैश्विक सामरिक परिदृश्य के निरंतर बदलते समीकरणों और विश्व राजनीति में शक्ति-संतुलन की तीव्र प्रतिस्पर्धा के बीच भारत-रूस सुरक्षा सहयोग आज एक ऐसी निर्णायक अवस्था में पहुँच गया है, जिसने न केवल दोनों देशों के संबंधों को नए आयाम दिए हैं, बल्कि विश्व व्यवस्था पर भी गहरा प्रभाव डालने की क्षमता प्रदर्शित की है। जब दुनिया दो बड़े ध्रुवों अमेरिका-यूरोप-नाटो समूह और चीन-रूस शक्ति-धुरी के बीच विभाजित होती दिखाई दे रही है, तब भारत की स्वतंत्र रणनीतिक नीति और रूस के साथ उसकी निरंतर मजबूत हो रही साझेदारी वैश्विक स्तर पर चिंता, उत्सुकता और नए सामरिक विश्लेषण का विषय बन गई है। भारत-रूस रक्षा-सहयोग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि दशकों पुरानी है, जिसमें सोवियत संघ के काल से लेकर आज तक रूस भारत का भरोसेमंद सैन्य सहयोगी रहा है।

2000 में दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की और 2010 में इसे विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी का दर्जा मिला। इस संबंध के अंतर्गत रक्षा क्षेत्र को सदैव अत्यधिक प्राथमिकता प्राप्त रही भारत की वायुसेना, नौसेना और थलसेना के कई अहम प्लेटफॉर्म रूस के सहयोग से खड़े हुए, जिनमें टी-90 टैंक, सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29, कामोव हेलीकॉप्टर, रक्षाझ्रइंजन और ब्रह्मोस मिसाइल जैसी परियोजनाएँ प्रमुख उदाहरण हैं। समय के साथ-साथ दोनों देशों ने यह महसूस किया कि केवल हथियारों की खरीद-फरोख्त भविष्य की सुरक्षा आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त नहीं होगी, इसलिए 2021 से 2031 तक का सैन्य-तकनीकी सहयोग कार्यक्रम लागू किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में सह-अनुसंधान, सह-विकास और सह-उत्पादन को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भरता और वैश्विक निर्यात क्षमता का विकास करना था।

इसी कड़ी में भारत-रूस के बीच नया सुरक्षा-समझौता फ्रछडर रिसिप्रोकल एक्सचेंज का लॉजिस्टिक्स सपोर्ट सामने आया, जिसने दोनों देशों की सैन्य पहुंच, नौसैनिक संचालन क्षमता और रणनीतिक लॉजिस्टिक दक्षता को एक नए स्तर पर स्थापित किया। फ्रछडर के तहत दोनों देशों की सेनाएँ एक-दूसरे के सैन्य अड्डों, हवाई अड्डों, समुद्री बंदरगाहों, मरम्मत सुविधाओं, ईंधन-आपूर्ति, स्पेयर-पार्ट्स और अन्य लॉजिस्टिक संरचनाओं का उपयोग कर सकती हैं। इसका सबसे बड़ा प्रभाव यह है कि भारत के लिए अब अपनी सैन्य ताकत को हिंद महासागर क्षेत्र तक सीमित रखने की आवश्यकता नहीं रही, बल्कि वह आर्कटिक क्षेत्र, बाल्टिक समुद्र, सुदूर-पूर्व रूस तथा मध्य-एशिया के सामरिक गलियारों में भी प्रभावी उपस्थिति दर्ज करा सकेगा। वहीं रूस के लिए भारतीय नौसैनिक अड्डे, हिंद महासागर और अरब सागर के क्षेत्र में सामरिक पहुंच प्रदान करेंगे, जिससे एशिया-प्रशांत की शक्ति संरचना में महत्वपूर्ण परिवर्तन संभव है। यही कारण है कि यह समझौता अमेरिका, नाटो और चीन के रणनीतिक विश्लेषकों के लिए चिंता का विषय बन गया है, क्योंकि यह वैश्विक शक्ति समीकरणों में एक तीसरे और स्वतंत्र ध्रुव के गठन की संभावना को सुदृढ़ करता है। भारत का यह संदेश स्पष्ट है कि वह किसी एक ध्रुव का हिस्सा बनने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार स्वतंत्र निर्णय लेने और बहुध्रुवीय विश्व-व्यवस्था को स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। चीन के संदर्भ में देखा जाए तो भारत-रूस सहयोग समुद्री सुरक्षा, आर्कटिक मार्ग और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में संतुलन स्थापित कर सकता है। यदि भारत रूसी आइस-ब्रेकर जहाजों, आर्कटिक अनुसंधान केंद्रों और उत्तरी समुद्री मार्ग का उपयोग करता है, तो यह चीन की बेल्ट-एंड-रोड और समुद्री विस्तार योजनाओं के लिए चुनौती बन सकता है।

संयुक्त रूप से निर्मित ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली दोनों देशों की रणनीतिक नवाचार क्षमता का जीवंत उदाहरण है और भविष्य में ब्रह्मोस-क्क लड़ाकू विमान इंजन कार्यक्रम, अक्ल-सबमरीन टेक्नोलॉजी और स्पेस-डिफेंस प्लेटफॉर्म जैसी परियोजनाएँ वैश्विक हथियार बाजार में भारत-रूस को एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित कर सकती है' त्रि-सेवा सैन्य अभ्यासों की बढ़ती श्रृंखला यह संकेत देती है कि दोनों देशों का सहयोग केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि प्रशिक्षण, रणनीति और संयुक्त सैन्य क्रियान्वयन के स्तर पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। यद्यपि भविष्य की राह पूरी तरह सरल नहीं रूस की युद्ध-स्थिति के कारण रक्षा-आपूर्ति में देरी की चुनौती, भारत का पश्चिमी देशों के साथ रक्षा-सहयोग बढ़ाना और संसाधनों का विविधीकरण भारत-रूस संबंधों की व्यावहारिक परीक्षा लेंगे फिर भी फ्रछडर जैसे समझौते यह सिद्ध करते हैं कि दोनों देशों के संबंध केवल परिस्थितिजन्य या तात्कालिक नहीं, बल्कि भरोसे, समान हितों और लंबी रणनीतिक दृष्टि पर आधारित हैं। यह समझौता इस तथ्य का प्रमाण है कि भारत अब वैश्विक मंच पर केवल दर्शक की भूमिका में नहीं, बल्कि रणनीतिक निर्णयों के निमार्ता और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के निमार्ता के रूप में उभर चुका है। इसलिए भारत-रूस सुरक्षा-समझौता केवल दो देशों की द्विपक्षीय मित्रता का दस्तावेज नहीं, बल्कि ग्लोबल स्ट्रैटेजिक आर्किटेक्चर के पुनर्निर्माण की दिशा में उठाया गया इतिहास-निर्माणकारी कदम है। यह समझौता निस्संदेह आने वाले वर्षों में वैश्विक शक्ति-संतुलन, सैन्य गठबंधनों, समुद्री-रणनीति, हथियार-प्रौद्योगिकी और भू-राजनीतिक नेतृत्व को नए स्वरूप में ढालने की क्षमता रखता है और संभव है कि भविष्य में इतिहासकार इसे 21वीं सदी की भू-रणनीति का महत्वपूर्ण टर्निंग पॉइंट बनेगा'

**संजीव ठाकुर,**
**लेखक, चिंतक, स्तंभकार, वरिष्ठ पत्रकार,रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चावल पर टैरिफ बढ़ाकर एक बार फिर साबित कर दिया है कि वो फैसले कम और तमाशे ज्यादा करते हैं। उनका तर्क बड़ा अनोखा है–विदेशी चावल अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है। अब यह कोई नहीं जानता कि ट्रंप को डर चावल से है या उस "इमोशनल अटैचमेंट" से, जो भारतीय बिरयानी और चीनी फ्राइड राइस ने दुनियाभर में बना रखा है।

कहा तो यह भी जा रहा है कि ट्रंप को आशंका है, कहीं चावल खाते-खाते अमेरिकी नागरिक "नमस्ते", "ओम", और "भारत माता की जय" बोलना ना शुरू कर दें। सोचिए, अब अमेरिका में लोग ग्लूकोज नहीं, बल्कि खरीदारी से पहले कैलोरी नहीं–टैरिफ गिनेंगे। वहीं दूसरी तरफ भारत में लोग आराम से कह रहे हैं–"अरे भाई, ट्रंप चाहे टैरिफ बढ़ाए या दीवार बनाए...
चावल तो जहां बिरयानी है, वहीं से आएगा!"
और ट्रंप?
वो शायद अभी आईने में खुद को समझा रहे होंगे–
"Make Rice Expensive Again!"

# नेहरू का विरोध जरुरी है या मजबूरी ?

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी का ये सुझाव काबिले गौर है कि भाजपा पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू पर अपनी शिकायतों और नेहरू जी की गलतियों की एक फेहरिस्त बनाकर उनके बारे में एकमुश्त बहस कर ये अध्याय हमेशा के लिए बंद कर दे.

पंडित जवाहरलाल नेहरू भाजपा की आंख की एक ऐसी किरकिरी हैं जो पलकों में फंसकर रह गये हैं और जब चाहे तब भाजपा को रुला देते हैं. पंडित जवाहरलाल नेहरू को गये 61साल हो गये हैं. वे भारतीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय मानस में एक हीरो की तरह बसे हुए हैं किंतु भाजपा एक ऐसा दल है जो पंडित नेहरू को खलनायक मान बैठा है.

नेहरू की रीति नीति से भाजपा के पूर्वजों की भी असहमति रही लेकिन कोई भी नेहरू के सामने और पीठ पीछे भी उन्हें खलनायक नहीं कह सका. यहाँ तक कि नेहरू के साथ रहे श्यामा प्रसाद मुखर्जी तक नेहरु के सामने हथियार डालते रहे. लेकिन आज की भाजपा नेहरू को पानी पी -पीकर कोसती है, इस वजह से न संसद के भीतर काम हो पा रहा है और न संसद के बाहर. स्थिति ये है कि नेहरू कांग्रेस के मंचों से ज्यादा भाजपा के मंचों पर छाए हुए हैं.

संसद में वंदेमातरम की 150 वीं साल पर बहस के दौरान भी नेहरू का नशा भाजपा के सिर से उतरा नही है. नेहरू हैं ही ऐसे. कोई करे भी तो क्या करे ? नेहरू से निजात पाने के दो ही तरीके हैं. पहला जो प्रियंका गांधी ने सुझाया और दूसरा ये कि भारत के इतिहास से पंडित जवाहरलाल नेहरू को विलोपित कर देश दुनिया में उनके बुतों को नेस्तनाबूत कर दिया जाए. मुश्किल ये है कि भाजपा दोनों तरीकों का इस्तेमाल करने का साहस नहीं जुटा पा रही है.

भारतीय राजनीति में भाजपा पहला और शायद आखरी ऐसा राजनीतिक दल होगा जो नेहरू नाम से इतनी घृणा करता है. समाजवादी और वामपंथी भी नेहरू के आलोचक रहे लेकिन नेहरू से घृणा किसी ने नहीं की. नेहरू बनना आसान नहीं. नेहरू को जैसा राजनीतिक प्रशिक्षण मिला वैसा आज असंभव है. नेहरू ने जितना समय तत्कालीन सत्ता प्रतिष्ठान के विरुद्ध संघर्ष करते हुए जेल में काटा उतना अब शायद किसी को मौका मिले. मेरे खयाल से नेहरू त्याग, तपस्या की भट्टी में तपी एक जीवित प्रतिमा थे. वे आज की भाजपा और कल के भाजपा के पुरखों को ठीक उसी तरह खटकते थे जैसे कि महात्मा एमके गांधी. गांधी की तो एक गोडसे ने हत्या कर दी किंतु नेहरू को कोई गोडसे मार नही सका. बहरहाल अब मुझे लगने लगा है कि भाजपा दिग्भ्रमित है. उसे कांग्रेस मुक्त भारत चाहिए या नेहरू मुक्त भारत ? भाजपा को नेहरू और कांग्रेस में से किसी एक को चुनना पडेगा. दो-दो मोर्चों पर लडकर तो भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता और अवतारी नेता थक जाएंगे. वे न देश को नेहरू मुक्त बना पाएंगे और न कांग्रेस मुक्त..

सवाल ये है कि क्या नेहरू का विरोध जरूरी हैड्ड या सत्ता की मजबूरी ?क्योंकि ये जो रोज-रोज ह्लनेहरू-नेहरूह्व जाप होता है,कभी-कभी लगता है जैसे देश नहीं, एक ही आदमी अब भी शासन चला रहा हो।

कहते हैं–कहानी में खलनायक न हो, तो कहानी नहीं चलती। भाजपा की राजनीति भी यही मान बैठी है।जो काम पहले पाकिस्तान करता था,अब वो कामड्ड नेहरू कर देते हैं। महंगाई? नेहरू की गलती।बेरोजगारी? नेहरू की गलती। ट्रैफिक जाम हो जाए?नेहरू ने ही सड़कें कम चौड़ी छोड़ी होंगी।यानी आज का मुद्दा कोई भी हो,नाम वहीं का वहीं नेहरु रहना चाहिए।

दर असल राजनीतिक मशीनरी का पेट भावना से चलता है।जब तक जनता भावुक न हो–राजनीति का इंजन स्टार्ट नहीं होता। नेहरू का नाम लेते ही एक तरफ तिलमिलाहट, दूसरी तरफ श्रद्धा–और बस, स्क्रीन पर टीआरपी की लहरें दौड़ जाती हैं।सत्ताधारी दल के लिए नेहरू परमानेंट पंचिंग बैग हैं,और विपक्ष के लिए परमानेंट देवप्रतिमा।

सच यह है जवाहरलाल नेहरु अब प्रधानमंत्री नहीं रहे,लेकिन बहस के प्रधानमंत्री अभी भी वही हैं।महंगाई पर बोलिए–नेहरू।ध्रुवीकरण पर बोलिए–नेहरू।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## मेरठ मंडल के विशेष रोल प्रेक्षक ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 09 दिसंबर 2025: मेरठ मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी जनपदों में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा के लिए आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता मा० विशेष रोल प्रेक्षक/संयुक्त सचिव, निखिल गजराज (Ministry of Health & Family Welfare भारत सरकार) ने की।



जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने विशेष रोल प्रेक्षक को अब तक किए गए कार्यों का संपूर्ण विवरण प्रस्तुत किया। इसमें मतदाता सूची के डिजिटाइजेशन, मैपिंग, प्रपत्र-06 एवं प्रपत्र-08 पर प्रगति तथा रक्फ़ से संबंधित लंबित और पूर्ण कार्यों की अद्यतन स्थिति शामिल थी। उन्होंने बताया कि सभी प्रक्रियाओं में समयबद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित कार्य सुनिश्चित करने के लिए विशेष निगरानी प्रणाली लागू की गई है।

विशेष रोल प्रेक्षक ने अधिकारियों को मतदाता सूची में शुद्धता और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि यह पुनरीक्षण केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने का महत्वपूर्ण चरण है। इसलिए प्रत्येक प्रविष्टि को अत्यंत सावधानी और तथ्यात्मकता के साथ करना आवश्यक है। इस समीक्षा बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर की सौजन्य से

## अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में अस्पतालों की सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 09 दिसंबर 2025: जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम के निदेर्शानुसार आज विकास भवन सभागार में जनपद के सभी अस्पताल प्रबंधकों/संचालकों के साथ सुरक्षा मानकों एवं आपदा प्रबंधन तैयारियों पर व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार ने की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य अस्पतालों में संभावित आग, दुर्घटना या अन्य आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना तथा मरीजों और आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना था। अपर जिलाधिकारी ने अस्पताल संचालकों को निर्देश दिए कि सभी सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। इसके अंतर्गत अग्निशमन यंत्रों की कार्यशीलता, आपात निकास, सीसीटीवी, विद्युत सुरक्षा, ऑक्सीजन प्लांट/स्टोरेज की सुरक्षित व्यवस्था, पार्किंग एवं भीड़ नियंत्रण जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

उन्होंने अस्पतालों में प्राथमिक उपचार सामग्री, फायर अलार्म, स्ट्रेचर/व्हीलचेयर, दिव्यांगजन सुविधाएं, आपात संचार प्रणाली एवं नियमित मॉक ड्रिल का आयोजन अनिवार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही, प्रत्येक अस्पताल में इमरजेंसी इंचार्ज की सूची जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का आदेश भी दिया गया।



बैठक में स्वास्थ्य, अग्निशमन, पुलिस और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा अस्पतालों की भीड़ और आपदा प्रबंधन से संबंधित विस्तृत चेकलिस्ट पर चर्चा की गई। इसमें संकट प्रबंधन टीम का गठन, सक्रिय कंट्रोल रूम/हेल्प डेस्क, प्रवेश-निकास मार्ग का चिन्हांकन, ओपीडी एवं इमरजेंसी क्षेत्रों में कतार व्यवस्था, स्ट्रेचर मार्ग, आगंतुकों के लिए नियंत्रित प्रवेश जैसी व्यवस्थाओं को शामिल किया गया।

आपातकालीन तैयारियों में ट्रॉमा वार्ड, ऑक्सीजन वेंटिलेटर, जीवनरक्षक दवाएं, आपदा किट, अतिरिक्त बेड, ब्लड बैंक समन्वय और प्रशिक्षित एम्बुलेंस स्टाफ की उपलब्धता को अनिवार्य बताया गया। सुरक्षा एवं निगरानी के अंतर्गत 247 सुरक्षा स्टाफ, सीसीटीवी कवरेज, संदिग्ध वस्तु/व्यक्ति की जांच रडढ, और भवन के प्रत्येक तल का इमरजेंसी नक्शा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप चौबे, जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर की सौजन्य से

## विजिलेंस टीम पर हमला: रिश्वत लेते क्लर्क की गिरफ्तारी के बाद कर्मचारियों का हंगामा

समाज जागरण

लखनऊ, 10 दिसंबर 2025: उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई के बीच एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। विकास प्राधिकरण में विजिलेंस टीम ने एक क्लर्क को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया, लेकिन गिरफ्तारी के तुरंत बाद कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने एकजुट होकर विजिलेंस टीम पर हमला कर दिया और उनकी पिटाई कर दी। सूत्रों के अनुसार पकड़ा गया कर्मचारी अजय (क्लर्क) रिश्वत लेने के आरोप में ट्रैप कार्रवाई के दौरान पकड़ा गया। गिरफ्तारी के बाद कार्यालय के कुछ कर्मचारियों ने विरोध करते हुए न सिर्फ हंगामा किया बल्कि सरकारी विजिलेंस टीम के सदस्यों से हाथापाई भी की।

## ईशान लॉ कॉलेज में कलस्टर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्राविधिक स्वयं सेवकों का प्रशिक्षण सम्पन्न

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 09 दिसंबर 2025: जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कलस्टर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम (संवर्धन) के तहत प्राविधिक स्वयं सेवकों का प्रशिक्षण आज ईशान लॉ कॉलेज, ग्रेटर नोएडा के ऑडिटोरियम



में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पीएलवी को विधिक साक्षरता, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं, महिला एवं बाल सुरक्षा कानूनों और फील्ड कार्यप्रणाली की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन करके किया। उन्होंने पीएलवी की भूमिका को समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों तक न्याय पहुँचाने में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रशिक्षित पीएलवी न्याय और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पीएलवी को प्रशस्ति पत्र और डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में नालसा योजनाओं, दस्तावेजीकरण, बाल एवं महिला सुरक्षा कानूनों और फील्ड कार्यप्रणाली पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। समापन सत्र में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर चन्द्र मोहन श्रीवास्तव ने पीएलवी की भूमिका को समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में 5 जनपदों (गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बागपत, बुलंदशहर, हापुड़) के डीएलएसएस सचिव, अधिवक्ता एवं पीएलवी उपस्थित रहे। सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर की सौजन्य से

## लोनी में अवैध निर्माण के विरोध को लेकर हिंदू रक्षा दल की गतिविधि, प्रशासन ने रोका

समाज जागरण

लोनी, 9 दिसंबर: क्षेत्र में स्थित कथित अवैध धार्मिक निर्माण और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के विरोध में मंगलवार को हिंदू रक्षक द्वारा हनुमान चालीसा पाठ आयोजित करने का निर्णय लिया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य प्रशासन का ध्यान इस विषय की ओर शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से आकर्षित कराना था।

मगर कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व ही प्रशासन ने सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए संगठन के कुछ पदाधिकारियो कौन के आवास पर ही रोक दिया। जिनमें संगठन मंत्री श्री अमित प्रजापति, जिला अध्यक्ष श्री सुधीर बघेल, भोला पंडित तथा अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।



संगठन के अनुसार कुछ कार्यकताओं को कार्यक्रम स्थल की ओर जाते समय रोका गया और कुछ को हिरासत में भी लिया गया। विरोध के बावजूद कुछ समय बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने संगठन के प्रतिनिधियों से बैठक कर वार्ता की। वार्ता के दौरान प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया कि लोनी में स्थित संबंधित स्थल की शीघ्र गहनता से जांच की जाएगी, और यदि जांच में अतिक्रमण की पुष्टि होती है, तो विधिक प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा।

वही हिंदू रक्षा दल के अनुसार वह कानून और संविधान के दायरे में रहकर अपने आंदोलन और मांगों को आगे बढ़ाता रहेगा।

## तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

समाज जागरण

लोनी, 9 दिसंबर: कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ मंगलवार को बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के




करकमलो द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित के साथ हुआ। इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजकों ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि लीड बैंक मैनेजर बुधराम, एवं विशेष अतिथि सत्येंद्र कुमार सागर, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला), राजनगर गाजियाबाद तथा सुश्री पल्लवी त्यागी रहे। इस मौके पर डॉ. राजेंद्र सिंह ने संस्थान की स्थापना से अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1994 से जन शिक्षण संस्थान सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को विभिन्न हस्तकला और कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहा है।

प्रथम सत्र में:- मुख्य अतिथि श्री बुधराम ने प्रतिभागियों को वित्तीय साक्षरता, विशेषकर प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत उपलब्ध ऋण सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि व्यवसाय शुरू करने के लिए मुद्रा लोन सबसे उपयोगी विकल्प है, जिसके अंतर्गत शिशु, किशोर और तरुण श्रेणियों में 50 हजार से 10 लाख तक का ऋण उपलब्ध है। इसके साथ ही 'तरुण प्लस' श्रेणी में 20 लाख तक का ऋण भी प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को उद्यमी मित्र पोर्टल(www.udyamimitra.in) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने की भी जानकारी दी और लोन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर सहयोग का आश्वासन दिया।

द्वितीय सत्र में श्री सत्येंद्र कुमार सागर ने अनुदेशकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के महत्व पर संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षक केवल अध्यापक नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ी को दिशा देने वाले मार्गदर्शक होते हैं। इसके बाद सुश्री पल्लवी त्यागी ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण कौशल, माप एवं कपड़ों की कटिंग आदि से संबंधित उपयोगी सुझाव दिए। रुडसेट संस्था से आए मोहम्मद कमालुद्दीन ने साइबर सुरक्षा पर जागरूकता प्रदान की। वहीं श्री भारद्वाज कुंवर ने रोजगार एवं बैंकिंग ऋण योजनाओं पर प्रेरक जानकारी दी। विशेष जानकारीनिसार कार्यक्रम के अंत में निदेशक डॉ. राजेंद्र सिंह ने पीएम विश्वकर्मा योजना का विस्तार से परिचय कराया। उन्होंने कहा कि यह योजना पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों को प्रशिक्षण, टूलकिट सहायता एवं ऋण सुविधा प्रदान करती है

कार्यक्रम में जनपद के लोनी, भोजपुर, रजापुर एवं मुरादनगर क्षेत्रों से लगभग 46 अनुदेशक एवं अनुदेशिकाओं ने भाग लिया। समापन सत्र में अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी गुरुदीन, सहायक कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शोभा यादव, क्षेत्रीय सहायक मोहित, कंप्यूटर ऑपरेटर रामकुमार, अंकित, सरिता एवं रामराज सहित पूरी टीम का सहयोग रहा।

## गुलाब वाटिका में हुई हनुमान चालीसा, भक्तों में दिखा भरपूर उत्साह

समाज जागरण

लोनी, 9 दिसंबर: मंगलवार को वार्ड नंबर 41 की गुलाब वाटिका कॉलोनी के पिछले 30 फूटे पर हनुमान चालीसा का धार्मिक आयोजन हुआ। पंडित विनय कुमार शास्त्री (गोवर्धन वाले) की मुखवानी द्वारा संपन्न होने वाली हनुमान चालीसा के दौरान भक्तों के बीच भरपूर उत्साह देखने को मिला। शाम के लगभग 7:00 बजे शुरू होने वाली हनुमान चालीसा संपूर्ण होने के साथ-साथ पंडित विनय कुमार शास्त्री ने उपस्थित भक्त जनों



को अन्य धार्मिक भजन सुनाते हुए सभी को प्रभु भक्ति में डूबने के लिए मजबूर कर दिया। इस दौरान आस्थावानो के द्वारा लगाए जाने वाले "जय श्री राम" व "जय हनुमान" आदि के गगन चुंभी जय करें गूंजते रहे।

पंडित विनय शास्त्री ने बताया कि हनुमान चालीसा सुनने मात्र से शक्ति और ऊर्जा मिलती है, क्योंकि यह भगवान हनुमान की शक्ति, भक्ति, और निष्ठा का प्रतीक है, जो मन को शांति और शक्ति प्रदान करती है, भय, रोग, और संकटों को दूर करती है, और जीवन में सुख-समृद्धि लाती है। इसके पाठ से मन में एकाग्रता और आनंद का संचार होता है, जिससे भक्त अपने सभी कार्यों में सफलता प्राप्त करते हैं और आध्यात्मिक रूप से सशक्त महसूस करते हैं। यह भगवान राम के प्रति हनुमान जी की अटूट निष्ठा को दशार्ती है, जो भक्तों को निस्वार्थ सेवा और प्रेम का संदेश देती है। चालीसा का धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होने के उपरांत सभी के बीच प्रसाद वितरित किया गया।

## आगे-आगे किडनैपर, पीछे भागती पुलिस

गुरुग्राम. हरियाणा में आज फिल्मी नजारा देखने को मिला. गुरुग्राम के सिविल अस्पताल के बाहर उस समय हलचल मच गई जब किडनैपिंग के मामले में गिरफ्तार एक आरोपी पुलिस कस्टडी से भाग गया. आरोपी की हरकत का पूरा घटनाक्रम अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया. सीसीटीवी कैमरे में किडनैपर भागते हुए नजर आ रहा है और पीछे-पीछे तीन से चार पुलिसकर्मी उसको पकड़ने के लिए दौड़ रहे हैं. रविवार को पुलिस ने आरोपी आशीष को अपहरण के मामले में गिरफ्तार किया था. आज सुबह उसे मेडिकल जांच के लिए गुरुग्राम सिविल अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया था.

## टीएमयू में फॉमेर्सी की लीन कैनवास प्रतियोगिता में सन्देश एंड टीम अव्वल

*तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ फामेर्सी एवम् इंस्टिट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल-आईआईसी के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिनी उद्यमिता विकास कार्यक्रम- उड़ान: द फ्लाइट ऑफ आइडियाज*



तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ फामेर्सी एवम् इंस्टिट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल- आईआईसी के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिनी उद्यमिता विकास कार्यक्रम- उड़ान: द फ्लाइट ऑफ आइडियाज में हुई लीन कैनवास प्रतियोगिता में सन्देश सराफ एंड टीम विजेता रही। छात्रा दृश्या एंड टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन ने बतौर मुख्य अतिथि कहा, यदि आप एक उद्यमी हैं, तो आप अपनी अगली पीढ़ी को कुछ देकर जाते हैं। उन्हें शून्य से शुरूआत नहीं करनी पड़ती। वे वहीं से आगे बढ़ते हैं, जहां आप छोड़ते हैं। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. अवधेश शर्मा, श्री प्रशांत सिंह, डॉ. फूलचंद्र, डॉ. आशीष सिंघई ने किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के संग हुआ। इस मौके पर फामेर्सी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशु मित्तल, आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. निशीथ कुमार मिश्रा, एसोसिएट डीन एकेडमिक्स डॉ. अमित कंसल आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। इस कार्यक्रम के तहत 73 स्टुडेंट्स को एग्रोन रेमेडीज प्रा. लि., काशीपुर (उत्तराखंड) का औद्योगिक भ्रमण भी कराया गया। इंडस्ट्री विजिट के दौरान स्टुडेंट्स ने उत्पादन लाइन, पैकेजिंग, गुणवत्ता नियंत्रण, गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस-जीएमपी आदि से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं का अवलोकन करते हुए उनकी क्रियाविधि को समझा। कंपनी के विशेषज्ञों ने छात्रों को क्वालिटी एश्योरेंस, रेगुलेटरी आवश्यकताओं और फार्मास्यूटिकल उद्योग में उद्यमशील चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। फामेर्सी कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ. मयूर पोरवाल ने वोट ऑफ थैंक्स दिया।

आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. निशीथ कुमार मिश्रा ने उद्यमिता की अवधारणा और मूलभूत सिद्धांत- ऐतिहासिक पृष्ठभूमि: भारतीय मूल्य एवं वर्तमान परिदृश्य, जबकि एसोसिएट डीन एकेडमिक्स डॉ. अमित कंसल ने व्यवसायिक अवसरों की पहचान एवम् उत्पाद चयन की प्रक्रिया; अनुसंधान संस्थानों एवं प्रयोगशालाओं से तकनीकी सहयोग विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किए। आईसीसी के सह समन्वयक श्री प्रदीप कुमार वर्मा ने डिजाइन थिंकिंग और क्रिटिकल थिंकिंग फॉर प्रोडक्ट डवलपमेंट कार्यशाला में नवाचारपूर्ण विचार साझा किए।

बिजनेस इनक्यूबेशन मैनेजर श्री प्रशांत सिंह ने स्टुडेंट्स को व्यवसाय मॉडल निर्माण, ग्राहक मूल्य विश्लेषण और बाजार सत्यापन की प्रक्रिया समझाई। टीएमयू आईपीआर के मैनेजर डॉ. उमेश कुमार ने आईपीआर एवम् इनक्यूबेशन इकोसिस्टम पर अवेयरनेस सत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने स्टुडेंट्स को बताया कि नवाचारों की सुरक्षा और बौद्धिक संपदा अधिकार किसी भी स्टार्टअप की सफलता के लिए अति महत्वपूर्ण हैं। संचालन डॉ. पुष्पेन्द्र शुक्ला और सुश्री उर्वशी सक्सेना ने किया।

## पुतिन की क्या 'अखंड रूस' बनाने की ख्वाहिश?

समाज जागरण

मॉस्को: रूस-यूक्रेन की जंग खत्म करने की बात जरूर चल रही है



लेकिन इस बीच तनाव और भी इंटेंस हो गया है. अमेरिका एक तरह से रूस के फेवर में बात कर रहा है और यूक्रेन का साथ देते हुए यूरोप के देश पुतिन पर आंखें तरेर रहे हैं. इस बीच पुतिन के उस 'ड्रीम प्लान' के बारे में चचाएं तेज हो गई हैं, जिससे यूरोप के 40 देश बुरी तरह घबराते हैं. ये पुतिन का ह्यअखंड रूसह्ल बनाने की सपना है, जिस पर हाल ही में क्रेमलिन की तरफ से स्टेटमेंट जारी करके स्टैंड साफ कर दिया गया है.

### 'पुतिन एक दिन NATO पर हमला करेंगे'

रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने मंगलवार को जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मेर्ज के एक शॉकिंग बयान पर तीखा जवाब दिया है. जिसमें दावा किया गया था कि पुतिन 'पुराने सोवियत संघ' को वापस लाना चाहते हैं. उन्होंने ये भी कहा था कि रूस अगर यूक्रेन से जीत जाता है तो पुतिन एक दिन NATO पर हमला करेंगे. वेस्ट से प्रेरित विरोधियों का मानना है कि पुतिन के राज में रूस 'सड़ रहा है'.

### क्रेमलिन ने उड़ाई धज्जियां

क्रेमलिन ने नाराजगी जाहिर करते हुए इन स्टेटमेंट्स को पूरी तरह गलत और 'बेवकूफाना' करार दिया है. क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा है कि यूरोपीय देशों का ये दावा सच नहीं है, उनके मुताबिक ह्यव्लादिमीर पुतिन सोवियत संघ को बहाल नहीं करना चाहते क्योंकि ये संभव ही नहीं है और उन्होंने खुद ये बात बार-बार दोहराई है'.

## लखनऊ में 'यूपी सीएसआर राउंडटेबल 2025' में 30 से अधिक कंपनियों ने की सहभागिता

***कौशल विकास एवं रोजगार सृजन को गति देने हेतु उद्योगझसरकार साझेदारी पर गहन विमर्श हुआ***

***युवाओं को उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण से जोड़ने के लिए योगी सरकार की पहल***

***सीएसआर आधारित कौशल विकास कार्यक्रमों को सुदृढ़ बनाने पर प्रमुख कंपनियों के लिए गए सुझाव***

***आईबीएम, लेनोवो, सीमेंस समेत कई कंपनियों ने कौशल विकास के लिए लेटर ऑफ इंटेंट जारी किए***

समाज जागरण

लखनऊ, 09 दिसम्बर 2025 व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा लखनऊ में "उत्तर प्रदेश सीएसआर राउंडटेबल 2025 ऑन स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी" का सफल आयोजन किया गया। इस परामर्श-सत्र में देश की 30 से अधिक प्रमुख कंपनियों, फाउंडेशनों एवं संस्थानों ने भाग लेकर प्रदेश के कौशल एवं रोजगार पारितंत्र को सुदृढ़ बनाने पर विस्तृत चर्चा की। योगी सरकार के नेतृत्व में राज्य को एक भविष्य-उन्मुख, सक्षम एवं कौशल-प्रधान अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित करने के निरंतर प्रयासों की श्रृंखला में यह आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के मार्गदर्शन में व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत करना, प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुधारना, उभरते कौशल क्षेत्रों में पहुंच का विस्तार तथा उद्योग-संलग्न प्रशिक्षण मॉडल को बढ़ावा देना विभाग की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। योगी सरकार के विजन के अनुरूप युवाओं को उद्योग-उन्मुख कौशल से जोड़कर उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार अवसरों का विस्तार किया जा रहा है।

प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग डॉ. हरि ओम ने कहा कि प्रदेश सरकार



कौशल-आधारित मानव संसाधन निर्माण के लिए व्यापक संरचनात्मक सुधार कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में प्रशिक्षण अवसंरचना को जिला एवं ब्लॉक स्तर तक सुदृढ़ करने, स्मार्ट लैब्स एवं आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता, उद्योग-संलग्न पाठ्यक्रमों का विकास तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता को वैश्विक मानकों तक ले जाने हेतु विभाग एक व्यापक कार्ययोजना पर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत के साथ बढ़ती साझेदारी से राज्य में रोजगारपरक कौशल विकास को नई गति मिल रही है और युवाओं के लिए उन्नत अवसरों का विस्तार हो रहा है।

मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन पुलकित खरे, आईएएस ने कहा कि सीएसआर आधारित सहयोग से उद्योग-आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार और अधिक प्रभावी होगा। उन्होंने बताया कि यूपीएसडीएम द्वारा डिजिटल कौशल, हरित कौशल, उन्नत विनिर्माण तकनीक, सेवा-क्षेत्र आधारित रोजगारों तथा महिला-प्रधान आजीविका कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों की सक्रिय भागीदारी अपरेंटिसशिप को मजबूत करेगी और प्रदेश का युवा वर्ग सीधे उद्योग से जुड़कर अधिक रोजगार-सृजन में सक्षम होगा।

अग्रणी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों की सक्रिय भागीदारी यह प्रमाणित करती है कि उत्तर प्रदेश तेजी से देश के प्रमुख ह्यराष्ट्रीय प्रतिभा केंद्रह्ल के रूप में उभर रहा है। योगी सरकार के नेतृत्व में सरकारी, औद्योगिक और सीएसआर साझेदारियों का यह सशक्त ढांचा आने वाले वर्षों में उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार अवसरों का विस्तार करेगा और राज्य के आर्थिक परिवर्तन को नई गति प्रदान करेगा।

राउंडटेबल में एचसीएल, एक्सिस बैंक, ह्युंडई, सीमेंस, टाटा ट्रस्ट्स, रिलायंस फाउंडेशन, शिव नादर फाउंडेशन सहित अनेक अग्रणी संगठनों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने जिला-स्तरीय कौशल आवश्यकताओं के अनुरूप सीएसआर हस्तक्षेपों के संरेखण, पाठ्यचर्या में उद्योग की मांग के अनुरूप सुधार, तथा प्रशिक्षण के परिणामों को मजबूत करने संबंधी सुझाव प्रस्तुत किए।

सीएसआरबॉक्स के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी भौमिक शाह ने कहा कि यह राउंडटेबल उत्तर प्रदेश में कौशल एवं रोजगार सृजन के लिए उद्देश्य-प्रधान साझेदारियों को नई दिशा देगा और राज्य की विजन 2047 की यात्रा में इसकी भूमिका और अधिक सुदृढ़ होगी।

कार्यक्रम के अंत में आईबीएम, लेनोवो, सीमेंस तथा बजाज (टाटा स्ट्राइव के माध्यम से) ने लक्षित कौशल विकास पहलों के लिए लेटर ऑफ इंटेंट प्रस्तुत किए। जेनरेशन इंडिया फाउंडेशन ने रोजगार-उन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिसके माध्यम से युवाओं को उद्योग-संगत कौशल प्रदान करने के नए अवसर खुलेंगे।

# न्यायालय सहायक आयुक्त व सहायक स्टेनों लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)मंगलवार को शामली कलक्ट्रेट स्थित सहायक महानिरीक्षक निबंधन न्यायालय सहायक आयुक्त को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकडे जाने से हडकंप मच गया। मेरठ विजिलेंस टीम द्वारा एआईजी स्टाम्प व उसके सहायक स्टेनों को मौके से एक लाख रुपए की रिश्वत की नकदी के साथ पकडा है। टीम ने दोनों को थाना आदर्शमंडी लाकर पूछताछ की और थाना आदर्शमंडी में मुकदमा दर्ज कराते हुए दोनों आरोपियों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव मुंडेट कला निवासी महेश कुमार पुत्र श्याम सिंह व भतीजे वरदान पुत्र मुकेश कुमार ने वर्ष 2024 में ऊन क्षेत्र के गांव हथछोया में 26 बीघा जमीन खरीदी थी। पीडितों के अनुसार परिजन से उक्त जमीन को दाखिल खारिज कराने के बाद डीएम द्वारा मामले की जांच के लिए एआईजी रविन्द्र मेहता को भेजा गया। आरोप है कि एआईजी ने जमीन को आबादी में बताते है स्टांप में हेराफेरी करने की बात कही और स्टांप कम दिशार्ते हुए पीडित को नोटिस जारी कर दिया था। जिसके बाद पिछले एक वर्ष से पीडित एआईजी कार्यालय के चक्कर काट रहा था, लेकिन उसको मालिकाना हक नही दिया जा रहा है। पीडित ने



बताया कि इसकी एवज में 6 लाख रुपए की मांग की जा रही थी, जो घटते घटते बाद में एक लाख 60 हजार रुपए तक पहुंच गई, जिसमें एक लाख रुपए का खर्च ऑफिस का बताया गया। मामले में करीब 15 दिन पहले कोई न्याय न मिलता देख महेश कुमार व वरदान ने लखनऊ विजिलेंस कार्यालय में भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत की। जिसके बाद मंगलवार को मेरठ की विजिलेंस टीम के प्रभारी सीओ आजाद सिंह केंसरी के नेतृत्व में चार इंस्पेक्टर और चार हैंडकांस्टेबल की टीम शामली पहुंची। टीम ने पीडित महेश कुमार के हाथों में फिलैन्थीन पाउडर लगे 500-500 के दो सौ नोट देकर कार्यालय में भेजा। जहां सहायक स्टेनो अश्वनी कुमार ने रिश्वत के पैंसों को पकडते हुए मौके पर बैठे एआईजी रविन्द्र मेहता को एक लाख रुपए सौप दिये। टीम ने तुरंत कार्यवाही करते हुए मौके से दोनों लोगों को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड लिया। जिसके बाद टीम एआईजी रविन्द्र मेहता और स्टेनो अश्वनी कुमार को साथ लेकर थाना आदर्शमंडी पहुंची और घंटों पूछताछ की गई। बाद में टीम ने दोनों की गिनती करते हुए पकडे गए अधिकारी व कर्मचारी के पानी से हाथ धुलाये जिसमें फिलैन्थीन पाउडर लगे होने पर पानी का रंग बदल गया। जिसके बाद टीम ने अधिकारी व कर्मचारी से पूछताछ करते हुए थाना आदर्श मंडी में मुकदमा दर्ज कराया है। साथ ही टीम देर शाम तक अपनी कार्यवाही में लगी रही और थाना आदर्शमंडी को दोनों आरोपियों को सौंपकर चली गई।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का ताला तोड़कर नगदी ओर लाखों का सामान चोरी

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग)देर रात्रि कस्बा बनत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनत के ताले तोड़कर नकदी व स्वास्थ्य विभाग का लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। चोरी की घटना का पता सवेरे अस्पताल खुलने पर चला। सूचना पर पहुंची थाना आदर्शमंडी पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। फार्मासिस्ट आदेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दी है।
कस्बा बनत के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात वार्डब्वॉय योगेन्द्र कुमार मंगलवार सवेरे करीब 8 बजे अस्पताल पहुंचा तो हॉस्पिटल में लगे ताले टूटे देख उसके होश उड़ गए। अस्पताल परिसर में सामान बिखरा पडा था और पीछे की ओर से दरवाजे तोडकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। सूचना पाकर फार्मासिस्ट आदेश कुमार, स्टाफ नर्स पारूल, लेब टैक्निशियन दीपा मौके पर पहुंचे और उन्होंने मामले की सूचना थाना आदर्शमंडी पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पडताल करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला गया। फार्मासिस्ट आदेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चोर अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर साथ ले गए। साथ ही लेबर रूम से ऑक्सीजन कंट्रिक्टर, स्टोर रूम से 2 बैटरी, इन्वेंटर, एसी आउटडोर इंडोर, लेब से सीबीसी मशीन, सेल्टिफुल मशीन, इंजेक्शन रूम से नया इन्वेंटर बैटरी, एमओ के रूम से एलसीडी, मेडिसिन स्टोर से डीवीआर, कम्प्यूटर, प्रिंटर तथा 600 रुपए की ओपीडी की नकदी चोरी कर साथ ले गए है।

# थानाभवन एवं बाबरी पुलिस की संयुक्त मुठभेड़, पचास हजारी बदमाश ढेर

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) थानाभवन और बाबरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। संयुक्त पुलिस कार्रवाई के दौरान 50 हजार रुपये का इनामी वांछित हिस्ट्रीशीटर अपराधी समय दीन उर्फ सामा मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं फायरिंग में आरक्षी अनुज यादव घायल हो गए। इस दौरान बदमाशों की गोली थानाध्यक्ष बाबरी राहुल सिसौदिया की बुलेटप्रूफ जैकेट में भी लगी, जिससे उनकी जान बाल-बाल बची।
पिछले करीब दस दिनों से सहारनपुर बॉर्डर से लगे थाना क्षेत्रों में डायल 112 पर डकैतों के देखे जाने की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। इसी



क्रम में एसपी शामली एनपी सिंह के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत पुलिस टीमें लगातार गश्त कर रही थीं। मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि डकैतों का एक गिरोह ग्राम भैंसानी इस्लामपुर में बंद पड़े ईंट भट्ठे पर इकट्ठा होकर किसी वारदात की फिराक में जुटा है। सूचना मिलते ही थानाभवन प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत और थानाध्यक्ष बाबरी राहुल सिसौदिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें आरक्षी अनुज यादव घायल हो गए। जवाबी कार्रवाई में इनामी बदमाश समयदीन उर्फ सामा गोली लगने से घायल हो गया। उसे सीएचसी थानाभवन से जिला अस्पताल रेफर किया गया , जहां उसने दम तोड़ दिया। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने मौके से तीन हथियार बरामद किए। जिसमें एक पिस्टल 9 एमएम व 2 खोखा कारतूस,एक पिस्टल .32 बोर व 2 खोखा कारतूस, एक तमंचा 315 बोर, 2 खोखा व 4 जिन्दा कारतूस, मृतक बदमाश 29 आपराधिक मामलों में वांछित था। एसपी एनपी सिंह ने बताया कि मृतक समयदीन उर्फ सामा निवासी रायजादगान, थाना कांधला, शामली का हिस्ट्रीशीटर था। उसके खिलाफ शामली, सहारनपुर , कर्नाटक , तेलंगाना व राजस्थान में डकैती, लूट, चोरी व फायरिंग समेत कुल 29 आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। वह सात मामलों में वांछित चल रहा था। एसपी ने बताया कि बीते 17-18 अक्टूबर को उसने अपने साथी नफीस के साथ पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला किया था, जिसमें जवाबी फायरिंग में नफीस मारा गया था जबकि समयदीन फरार हो गया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह कर्नाटक के तुमकुर और हाल ही में जाखल कैथल, हरियाणा में छिपकर रह रहा था। घटना स्थल से उसके पांच साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। उनकी तलाश में पुलिस ने क्षेत्र में कॉम्बिंग अभियान तेज कर दिया है। थानाभवन थाना में आगे की वैधानिक कार्यवाही जारी है।

# आर्य जाट महासभा ने किया शोक सभा का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। आर्य जाट महासभा शामली की ओर से भैंसवाल रोड स्थित जाट भवन में आयोजित एक शोक सभा में जाट महासभा मुजफ्फरनगर के पूर्व अध्यक्ष एवं वीरेंद्र वर्मा विचार मंच के अध्यक्ष चौधरी देवी सिंह सिंभालका के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सभा में उपस्थित पदाधिकारियों ने परमपिता परमात्मा से शोक संतप्त परिवार को इस दुखद घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। सभा की शुरूआत दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई, जहां दो मिनट का मौन रखकर उन्हें




अंतिम विदाई दी गई। जाट महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूराम पंवार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र राणा एवं राजकुमार खोडसमा, संगठन मंत्री मास्टर रामपाल सिंह तथा सचिव दिव्य प्रभाकर ने चौधरी देवी सिंह सिंभालका के सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। पदाधिकारियों ने कहा कि स्वर्गीय सिंभालका ने सदैव समाजहित एवं सामाजिक नचसपजिउमदज के लिए कार्य किए, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा।

# राशन डीलर पर राशन वितरण न करने का आरोप, डीएम को शिकायत

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)कांधला क्षेत्र के गांव हुरमंजपुर निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय में शिकायती पत्र देकर राशल डीलर पर दो माह से राशन वितरण न करने का आरोप लगाया है। मंगलवार को कांधला क्षेत्र के गांव हुरमंजपुर निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय में शिकायती पत्र देकर



बताया कि राशन डीलर गांव में लगभग दो माह से राशन वितरण नही किया जा रहा है। उपभोक्ता डीलर के मकान पर राशन लेने के लिए जाते है, लेकिन डीलर उनको राशन नही देता है। आरोप है कि डीलर गांव के कुछ व्यक्तियों के अंगूठे लगवाकर राशन आज कल कहकर टाल देता है। जिससे गांव के गरीब व्यक्ति राशन लेने से वंचित रह जाते है। उन्होने मामले में जांच कराकर राशन डीलर के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इस अवसर पर समन्द्र, सतबीर, भूरा, अनुदीन, शक्तिमान, रामधन, रामकुमार, उमेश कुमार, सोनू, संसार सिंह, साजिद, अमितख सतीश, बाबू, अमरपाल आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाया सोनिया गांधी का जन्म दिन

**समाज जागरण**

शामली। कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान कांग्रेसियों ने एक दूसरे को मिष्ठान भी वितरित किया है। मंगलवार को शहर के विश्वकर्मा नगर स्थित पूर्व जिलाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमैटी के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा के आवास पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अखिल भारतीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यकताओं ने केक काटकर अपनी नेता के स्वस्थ दीघार्यु जीवन की



मंगल कामना की गई। पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि उन्होंने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यूपीए के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। 1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद, सोनिया गांधी को पार्टी में शामिल होने और प्रधानमंत्री पद का पदभार संभालने के लिए आमंत्रित किया गया, जिसे उन्होंने मना कर दिया था। उनके मना करने के बाद पार्टी ने पीवी नरसिम्हा राव को अपना नेता और भारत के प्रधानमंत्री के रूप में चुना। इस अवसर पर वैभव गर्ग, प्रवीण तरार, ओमवीर उपाध्याय, शेखरपाल, रविन्द्र आर्य, ज्योति प्रसाद शर्मा, विनोद कुमार अत्री, सोहिल धीमान, राजेश कश्यप डा. श्रीपाल सिंह, आलम चौधरी, मास्टर नरेन्द्र सिंह, आदेश कश्यप, विकास शर्मा, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

# गोकशी के आरोपी को मुठभेड़ में लगी गोली

**— दो दिन पहले गोवंश का वध कर अवशेष नाले में बहाने का आरोप**
**— तमंचा-कारतूस व बिना नंबर प्लेट बाइक बरामद**

**समाज जागरण**

शामली कैराना।(फुरकान जंग) कोतवाली पुलिस और गौकशों के बीच मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस व बिना नंबर प्लेट बाइक बरामद हुई। पुलिस के अनुसार, दो दिन पूर्व कैराना से पंजीठ होते हुए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की ओर जाने वाले गंदे नाले में गोवंश का कटा हुआ सिर मिलने से हिन्दू संगठनों में रोष फैल गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गोवंश के सिर का परीक्षण कराया और उसे गड्ढे में दबवाया। इस संबंध में यमुना पुलिस चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार की ओर से गोकशी का मुकदमा दर्ज कराया गया। सोमवार रात करीब 12 बजे पुलिस को सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक पानीपत रोड पर रामड़ा की ओर जाने वाले रास्ते से गुजर रहे हैं। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो आरोपी बाइक मोड़कर भागने लगे। घेराबंदी के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जिसे मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि दूसरा आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान चांद निवासी मोहल्ला रेतावाला के रूप में हुई है, जबकि फरार आरोपी शमीम निवासी मोहल्ला रेतावाला बताया जा रहा है। पुलिस ने मौके से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा और बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद की। घायल आरोपी को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने बताया कि दोनों आरोपी जंगलों में घूम रहे लावारिस गोवंशों का वध कर उनका मांस बेचते थे और अवशेषों को पंजीठ जाने वाले गंदे नाले में बहा देते थे। दो दिन पहले भी इसी तरह की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।

# सीएचसी का निरीक्षण,लाभार्थियों को 108-102 एम्बुलेंस सेवाओं की दी जानकारी

**समाज जागरण**

कांधला।(फुरकान जंग) सीएचसी का औचक निरीक्षण के दौरान पांच मंडल प्रभारी जयविंद् एवं जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी ने गर्भवती महिलाओं एवं अन्य मरीजों को 108 व 102 एम्बुलेंस सेवाओं के बारे में विस्तार से



जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जच्चा-बच्चा से जुड़े परिवहन के लिए 102 एम्बुलेंस सेवा का उपयोग किया जाना चाहिए, जबकि दुर्घटना, बुखार, हृदय रोग, सांप काटने, झगड़े की चोट सहित अन्य आपात स्थितियों में 108 एम्बुलेंस सेवा निःशुल्क उपलब्ध है।उन्होंने यह भी बताया कि गर्भवती महिलाओं को गर्भ ठहरने से लेकर बच्चे के दो वर्ष तक के टीकाकरण तक एम्बुलेंस सेवा का लाभ अवश्य लेना चाहिए। ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस द्वारा मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने हेतु एम्बुलेंस तकनीशियनों, ईएमटी एवं पायलटों को निरंतर प्रशिक्षण, उपकरणों की गुणवत्ता तथा कार्यशैली को और बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सभी कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।निरीक्षण बैठक में सीएचसी के कर्मचारी कमल, नितिन, संदीप, प्रवेश, फारूख, दिलशाद, नरदेव, अमित, रोहित, देवेंद्र, यशवीर आदि मौजूद रहे।

# मुसलमान इंडियंस बाय चॉइस हैं, बाय चांस नहीं: इकरा

**— वंदे मातरम की वर्षगांठ पर कैराना सांसद का संसद में बयान**

**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग) कैराना सांसद इकरा हसन ने वंदे मातरम के अर्थ और उसके भाव को विस्तार से समझाते हुए भारतीय मुसलमानों की देशभक्ति पर उठाए जा रहे सवालों का जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि मुसलमान इंडियंस बाय चॉइस हैं, बाय चांस नहीं है। वंदे मातरम पर चर्चा के दौरान सांसद इकरा हसन ने संसद में संबोधन में कहा कि भारतीय मुसलमानों ने जिन्ना के आह्वान को ठुकराकर इसी देश की मिट्टी को अपनाया। उन्होंने बताया कि मुस्लिम समाज ने महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अंबेडकर, रवींद्रनाथ टैगोर, सुभाष चंद्र बोस, मौलाना अबुल कलाम आजाद और अशफाक उल्ला खां के विचारों को अपनाया। उन्होंने कहा हम इंडियंस बाय चॉइस हैं, बाय चांस



नहीं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि वंदे मातरम के चुने हुए छंदों को राष्ट्रगीत का रूप देने का निर्णय टैगोर और बोस की सलाह से हुआ था। वर्ष 1998 का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इसे अनिवार्य बनाने के फैसले का विरोध किया, जिसे उन्होंने राजधर्म बताया। इकरा हसन ने यमुना और गंगा के प्रदूषण, जहरीली हवा, किसानों की बदहाली, कम आय और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों का जिक्र करते हुए कहा कि जब प्रकृति, किसान और नारी सुरक्षित नहीं होंगे तो सुजलाम-सुफलाम का सपना अधूरा रहेगा। उन्होंने सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा.. भी पढ़ा।

# कूड़े के ढेर से त्रस्त दर्जनभर परिवारों ने दिया पलायन का अल्टीमेटम

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में बरसों से फैली गंदगी और कूड़े के पहाड़ से परेशान एक दर्जन से अधिक परिवारों ने आखिरकार अपना धैर्य खो दिया। मंगलवार को लोगों ने अपने घरों पर पोस्टर चस्पा कर साफ चेतावनी दी कि अगर हालात नहीं सुधरे तो वे इलाके से पलायन करने को मजबूर हो जाएंगे। आरोप है कि राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बड़े मैदान को नगर पालिका के सफाई कर्मियों और कुछ स्थानीय लोगों ने मिलकर कूड़ा फेंकने का अड्डा बना दिया है। दिन में कचरे में आग लगाने से उठने वाला जहरीला धुआँ अस्थमा और सांस के मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है।प्रदर्शन करते हुए मोहल्ले के लोगो,दिनेश, मामचंद, प्रदीप, मिंटू, तरसेमपाल, रोहताश, देवेंद्र, राजीव, राहुल समेत कई अन्य,ने नगर पालिका और कॉलेज प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। लोगों का कहना है कि पिछले लगभग 20 सालों से यह समस्या जस की तस बनी हुई है। कॉलेज मैदान की चारदीवारी तक नहीं हो पाई, जिसके कारण आसपास



के क्षेत्रों का कूड़ा भी यहीं फेंका जा रहा है।पीड़ित परिवारों के अनुसार दुर्गंध और धुएँ के कारण कई लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में आ चुके हैं और कुछ की मौत भी हो चुकी है। अब हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि वे अपने मकान बेचकर दूसरे सुरक्षित स्थान पर बसने का मन बना चुके हैं।प्रदर्शनकारियों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से तत्काल दखल देते हुए स्थायी समाधान सुनिश्चित कराने की अपील की है। पलायन की धमकी देने वाले परिवारों का कहना है कि पाली का प्रशासन भी इस और कोई भी कम नहीं उठा रहा है।

# लड़की को ले जाने पर रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि वह गोरखपुर में कपड़ा बेचने का काम करता है। घर पर उसकी पत्नी व बच्चे अकेले रहते हैं। कुछ दिन से उसकी बेटी के दांत में दर्द रहता था, जिस कारण उसकी बेटी बाजार बेगमपुरा में एक डेंटल क्लीनिक पर दवाई लेने जाती थी। छह दिसंबर शाम करीब छह बजे क्लीनिक पर रहने वाले डॉ. सौरभ ने उसकी बेटी को फोन कर बुलाया, जिसके बाद उसकी बेटी घर में रखे दो तोले सोने के चार कंगन और डेढ़ किलो चांदी की जेवर लेकर डॉ. सौरभ के साथ चली गई। उसकी छोटी बेटी ने बताया कि आरोपी डॉक्टर घर पर भी आया था। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गाड़ी चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। मोहल्ला आलकलां निवासी आदर्श ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि पांच दिसंबर की प्रातः करीब साढ़े नौ बजे उसके पिता अलीपुर रोड स्थित अपनी फर्नीचर की दुकान से वापस आ रहे थे। इस दौरान पीछे से तेज गति से आ रही गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता घायल हो गया। सरकारी अस्पताल से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया था। मामले में पुलिस ने गाड़ी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# लूट के पैसों के बंटवारे में की थी परवेज की हत्या

**— पुलिस ने हत्याकांड में मृतक के एक दोस्त को किया गिरफ्तार**
**— हत्या के बाद आत्महत्या दिखाने की हुई थी कोशिश**

**समाज जागरण**

शामली कैराना।फुरकान जंग) भूरा–बराला मार्ग पर जंगल में हरियाणा निवासी परवेज के शव मिलने के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। जांच में सामने आया कि युवक की हत्या किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि उसके ही साथियों ने लूट के पैसों के बंटवारे को लेकर हुए विवाद के बाद की थी। हत्या के बाद मृतक के शव के पास तमंचा रखकर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया था। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गत तीन दिसंबर को कैराना क्षेत्र के भूरा–बराला मार्ग पर हरियाणा के जनपद पानीपत के सनौली थाना क्षेत्र के गांव राणा माजरा निवासी परवेज (26) का गोली लगा शव मिला था। मृतक के भाई अरमान की ओर से आसिफ व शोयब तथा दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। घटना में सनौली क्षेत्र के



गांव गढ़ीबेसक निवासी आसिफ को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि हत्या से एक दिन पहले सभी आरोपी गाड़ी से कैराना पहुंचे थे। जहां भूरा–बराला मार्ग पर गाड़ी के अंदर शराब पी थी। इसी दौरान लूट के पैसों के बंटवारे को लेकर परवेज से विवाद हो गया था और इसके बाद उसे गोली मार दी थी। हत्याकांड के बाद शव को मौके से हटाकर पास ही गन्ने के खेत में फेंक दिया था। पुलिस ने बताया कि मृतक इससे पहले करनाल के थाना घरौंडा क्षेत्र में हुई करीब तीन लाख रुपये की लूट की घटना में भी वांछित था और घटना को लेकर हरियाणा सीआईए टीम ने उसके घर पर दबिश दी थी, लेकिन वह हाथ नहीं लग सका था। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

**हत्या को आत्महत्या दिखाने की थी साजिश**

तीन दिसंबर को भूराझबराला मार्ग स्थित गन्ने के खेत में परवेज का शव मिला था। उसके सीने में गोली लगी हुई थी और शव के पास एक तमंचा रखा हुआ था, जिसकी नाल में खोखा कारतूस फंसा था। बाद में पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या के बाद आरोपियों ने जान–बूझकर तमंचा शव के पास रखा था, ताकि पूरा मामला आत्महत्या का लगे और वे बच निकलें, लेकिन पुलिस की गहन पड़ताल के चलते उनके मंसूबे पूरे नहीं हो सके।

# पुलिस मुठभेड़ मारे गए बदमाश का गमगीन माहौल में हुआ सपुर्द ए खाक

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

पुलिस मुठभेड़ में मारे गए बदमाश का शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने पुलिस सुरक्षा के बीच गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। जनपद के थानाभवन क्षेत्र में देर रात बाबरी और थानाभवन पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई थी। पुलिस की गोली लगने से मुठभेड़ में कस्बा निवासी समयदीन उर्फ शामा घायल हो गया था। बदमाश के पांच साथी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस के अनुसार घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी पीएम हाउस पहुंच गए। देर शाम मृतक बदमाश का शव पीएम व डाक्टरी परीक्षण होने के बाद पुलिस सुरक्षा के बीच उसके आवास पर पहुंचा।शव देखने के लिए दर्जनों महिला पुरुषों की भीड़ उमड़ पड़ी। परिजनों ने पुलिस सुरक्षा के बीच गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। जानकारी के अनुसार मृतक समयदिन पर एक दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज थे और थाने का हिस्ट्रीशीटर बदमाश था। जिस पर कर्नाटक के बेंगलुरु सहित जनपद के कई थानों में भी आपराधिक मामले दर्ज थे। लगभग एक वर्ष पूर्व शामली की कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था और जेल भेज दिया था। विगत 18 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के भभीसा जंगलों में पुलिस की मुठभेड़ हुई थी।जिसमें एक लाख का इनामू बदमाश नफीस पुलिस की गोली से मारा गया था। पुलिस के अनुसार समयदिन पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए रैली निकाली

**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग )आगामी 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जनपद में गाड़ियों द्वारा प्रचार–प्रसार के लिए रैली निकाली गई। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 13 दिसंबर को जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए मंगलवार को जनपद में प्रचार प्रसार के लिए रैली निकाली गई। जनपद न्यायालय परिसर से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश इंदरप्रीत सिंह जोश ने प्रचार गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल प्रचार–प्रसार गाड़ियों ने पूरे जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराने की अपील की। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य अधिक से अधिक वादों का निस्तारण आपसी समझौते के आधार पर कराने का है। अभी तक सवा दो लाख से अधिक वादों का निस्तारण कराने के लिए सूचीबद्ध किया जा चुका है। इस अवसर पर नोडल अधिकारी/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सीमा वर्मा, परिवार न्यायालय प्रधान न्यायाधीश बृजेश कुमार शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रतिभा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र राय, ऋतु नागर, सिविल जज सीनियर डिवीजन आंचल कसाना, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रशांत कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# भारतीय वैश्य परिवार महासंघ की टीम ने वेदपाल सिंह चपराना को राष्ट्रपति पदक मिलने पर किया सम्मानित दी बधाई शुभकामनाए।

**समाज जागरण.बागपत।**



बिजनौर के जिला कमांडेंट होमगार्ड वेदपाल सिंह चपराना को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किये जाने पर भारतीय वैश्य परिवार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मां अम्बा बालिका डिग्री कालिज ग्वालीखेडा बागपत के प्राचार्य डॉ राजीव गुप्ता ने उनके निवास स्थान मेरठ अपनी टीम के साथ पहुंचकर सम्मानित किया। डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी ने बताया कि वेदपाल सिंह चपराना को उनकी ईमानदारी बहादुरी के लिए भारत सरकार द्वारा राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया है। उनको यह सम्मान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में दिया गया। वेदपाल सिंह चपराना के घर पहुंचने पर उनको बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। भारतीय वैश्य परिवार महासंघ की टीम ने उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी ने कहा कि वेदपाल सिंह चपराना समाज का गौरव है ओर युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ हरेन्द्र सिंह, प्रोफेसर डॉ नीलम कुमारी, डॉ अनुराग मांगलिक, डॉ अंकित गुप्ता, विकास गुप्ता, तुषार तायल आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने चोरी की घटनाओं का किया खुलासा तीन चोर गिरफ्तार

## -नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी की घटना को देते थे अंजाम

**समाज जागरण चांदीनगर।**



गौना और लहचौड़ा गांव में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा पुलिस ने करते हुए चोरो ने लाखो के आभूषण और नगदी बरामद की है। चोरो के खिलाफ मुकदमा कायम कर कारवाही की जा रही है। गौना निवासी रोहित पुत्र सूरजपाल ने तहरीर देते हुए बताया था की सात दिसम्बर रात्रि एक बजे के करीब तीन अज्ञात चोर उनके घर में घुस आए और अलमारी का ताला तोड़ लाखों के आभूषण और एक लाख नगद चोरी कर ले गये थे। इसके अलावा लहचौड़ा निवासी नीरज पुत्र शोभाराम ने भी तहरीर देते हुए बताया था की 6 दिसम्बर की रात्रि उसके मकान में रखे संदूक का ताला तोड़ चोर सोने गुडी चोरी कर ले गये जिसके बाद चांदीनगर पुलिस चोरो की तलाश में लगी थी रात्रि फुलैरा के समीप से चांदीनगर पुलिस ने रटौल निवासी कृष्ण उर्फ चेतू पुत्र सुरेश,व फुरकान पुत्र यामीन,और प्रिंस पुत्र अतर सिंह निवासी रटौल को चोरी का समान ले जाते समय पकड़ लिया जिनके पास से सोने चांदी के आभूषण और नगदी कीमत 12 लाख 40 हजार बरामद किये गये है तीनो के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा कायम किया गया है। सीओ रोहन चोरसिया ने बताया की पकड़े गये युवकों में गाजियाबाद और बागपत में भी पहले अपराधिक मुकदमें दर्ज है। युवक नशे के आदी है वही युवको ने भागौट और विनयपुर में हुई तार चोरी की घटना को भी कबूल किया है युवकों के खिलाफ मुकदमा कायम कर कारवाही की जा रही है।

# 18 दिसम्बर को एक दिवसीय मण्डलीय सम्मेलन

**समाज जागरण बड़ौत।**



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के चुनाव संयोजक स्वराज पाल दुहूण ने जिला अध्यक्ष बागपत डा०राजबीर सिंह तोमर तथा सुरक्षा समिति के संयोजक ओमवीर सिंह तोमर के साथ बागपत जनपद के एबीसी इण्टर कॉलेज दत्तनगर, देव इण्टर कॉलेज डोलचा , श्री कृष्ण इण्टर कॉलेज बालैनी, जय जवान इण्टर कॉलेज हिसावदा, व चौधरी चरण सिंह हायर सेकेण्डरी स्कूल खिंदौडा का दौरा करते हुए। श्री गांधी स्मारक इण्टर कॉलेज दबथुवा मेरठ में 18 दिसम्बर 25 को प्रस्तावित एक दिवसीय मण्डलीय सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। श्री दुहूण ने अवगत कराया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि, शिक्षक एम एल सी (कानपुर) राजबहादुर सिंह चंदेल व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व एम एल सी चेतनारायण सिंह व विशिष्ठ अतिथि अनिरुद्ध त्रिपाठी रहेंगे। सम्मेलन/शैक्षिक गोष्ठी में सम्मिलित होने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को विशेष अवकाश की सुविधा रहेगी। शिक्षक नेता स्वराज पाल दुहूण मंगलवार को शिक्षकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि शिक्षकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम किया जाएगा।

# घर से चीनी लेने गई बालिका गायब परिजन तलाश में जुटे

## पुलिस सीसीटीवी फुटैज देख कर रही है बालिका की तलाश

**समाज जागरण चांदीनगर।**



रटौल में सुबह घर से दुकान पर चीनी लेने गई एक 11 साल की बालिका गुम हो गई। परिजन उसकी तलाश में जुटे है। वही पुलिस भी परिजनों का सहयोग करते हुए सीसीटीवी फुटैज के आधार पर तलाश में जुटी है।मेरठ के दिरेशपुर निवासी चांद परिवार सहित रटौल में मेन बाजार में एक कमरा किराए पर लेकर रहता है। परिजनों ने बताया की उनकी 11 वर्षीय बालिका जोया पुत्री चांद सुबह आठ बजे घर से चीनी लेने दुकान पर गयी थी। लेकिन वापस नही रोटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन जब दोपहर तक भी उसका पता नही चला तो परिजनों ने रटौल पुलिस चौकी पर सूचना दी और बालिका के गायब होने के बारे मे बताया। रटौल चौकी ईन्चाज भूपेन्द्र चौहान ने तुरंत पुलिस टीम को बाजार के सीसीटीवी फुटैज के आधार पर जांच में जुटी है। वही परिजन भी साथ में बालिका की तलाश में लगे है। चौकी ईन्चाज भूपेन्द्र चौहान ने बताया की बच्ची की तलाश की जा रही है वही रिश्तेदारों के यहां भी पता किया जा रहा है।

# आवंटित खाद्यान्न (नि:शुल्क गेहूं व चावल) त्रैमासिक चीनी का वितरण 10 से 28 दिसम्बर आवंटन प्रक्रिया रहेगी जारी

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिला पूर्ति अधिकारी सोनभद्र श्री ध्रुव गुप्ता ने अवगत कराया है कि माह दिसम्बर 2025 हेतु राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण एवं त्रैमास अक्टूबर से दिसम्बर 2025 के सापेक्ष चीनी का वितरण कराया जाना निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को संसूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 योजना न्तर्गत माह दिसम्बर 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न ( निःशुल्क गेहूं व चावल) त्रैमासिक चीनी का वितरण 10 दिसम्बर, 2025 से 28 दिसम्बर,2025 तक आवंटन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि अन्त्योदय कार्डधारक को प्रति अन्त्योदय कार्ड 35 किग्रा0 खाद्यान्न (14 किग्रा0 गेहूं व 21 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल) की दर से निःशुल्क एवं इसके अतिरिक्त त्रैमास अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर 2025 के सापेक्ष 03 किग्रा0 चीनी प्रति कार्ड रू0 18/- प्रति किग्रा0 की दर से रू0 54/- में वितरण कराया जाएगा। अन्त्योदय कार्डधारको को चीनी के सम्बन्ध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। इसी प्रकार से पात्र गृहस्थी कार्डधारक प्रति यूनिट 05 किग्रा0 खाद्यान्न (02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल) की दर से निःशुल्क वितरण किया जाना निर्धारित है। उन्होंने बताया कि कुछ ऐसे कार्डधारक जिनका अंगूठा किसी कारण से बायोमेट्रिक नहीं हो पा रहा है वे मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरी फिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा वितरण की अन्तिम तिथि दिनांक 28.12.2025 को उपलब्ध रहेगी। ऐसे कार्डधारक जिनका अंगूठा रीड/बायोमेट्रिक नहीं हो पा रहा है, वे वितरण की अन्तिम तिथि पर ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन की सुविधा का लाभ उठाते हुए खाद्यान्न प्राप्त कर सकते है। जनपद के कार्डधारको से यह भी अनुरोध है कि वर्तमान में जनपद में प्रचलित राशनकार्डो में सम्मिलित यूनिट/सदस्यों का ई-केवाईसी0 कराया जा रहा है। जिन कार्डधारको/सदस्यों का ई-केवाईसी होना अवशेष है। ऐसे कार्डधारक/सदस्य उचित दर दुकान पर उपस्थित होकर ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि खाद्यान्न से लाभान्वित हो सकें।

# आदिनाथ भगवान का धूमधाम के साथ मनाया गया जन्म कल्याणक

**समाज जागरण बागपत।**

संस्कारप्रणेता,ज्ञानयोगी,आचार्य श्री 108 सौरभ सागर महाराज के सानिध्य एवं श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी बडौत के तत्वावधान में दिगंबर जैन कॉलेज ए फील्ड में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन जैन श्रद्धालुओं द्वारा जन्मकल्याणक हर्षोल्लास से मनाया गया। जैसे ही आदि प्रभु का माता मरुदेवी की कुक्षी से जन्म हुआ।सुधर्म इंद्र का आसान कम्पायमान हो गया। सौधर्म इंद्र,शशि इंद्राणी सहित अयोध्या नगरी पहुंचे और जन्म की खुशियां मनाई तथा तीर्थंकर बालक का 1008 कलशों से पांडुशिला पर अभिषेक किया सोधर्म इंद्र सौरभ जैन के नेतृत्व में कुबेर इंद्र सिद्धार्थ जैन, यज्ञनायक प्रभात जैन, ईशान इंद्र राजीव जैन, सनत इंद्र सतीश जैन, महेंद्र इंद्र अशोक जैन,आदि इन्द्रगणों ने आदिनाथ भगवान के जन्म की खुशियां मनाई आदिनाथ भगवान की रथयात्रा 11 बजे दिगंबर जैन कॉलेज ए फील्ड से प्रारंभ होकर श्री अजितनाथ मंदिर पत्थर मंडी गांधी रोड नेहरू मूर्ति होती हुई पांडुशिला मैदान पहुंची।पांडुशिला पर सोधर्म इंद्र द्वारा 1008 कलशों से आदिनाथ भगवान का अभिषेक किया गया। रास्ते में अनेक धार्मिक संस्थाओं द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। जुलूस में दर्जन भर प्रसिद्ध बैंड धार्मिक धुन बजाते चल रहे थे,वहीं भांगड़ा पार्टी, ताशा पार्टी, ढोल ग्रुप आदि रथयात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे।पंडित हंसमुख राय के निर्देशन में दोपहर में जन्म कल्याणक की पूजा की गई और हवन किया गया। इस अवसर पर संगीतकार रामकुमार भोपाल ने छोटी छोटी बइया भजन की सुंदर प्रस्तुति दी। पंच कल्याणक के मध्य प्रवचन देते हुए आचार्य श्री सौरभ सागर जी



महाराज ने कहा जैन दर्शन में भगवान जन्मते नहीं बनते हैं। जैन दर्शन में उन्हें ही परमात्मा माना गया है। जो जन्म-मरण आदि अट्ठारह दोषों से मुक्त हो चुके हैं,लेकिन कोई भव्य आत्मा अतीत में महापुण्य का उपार्जन करती है।केवली या श्रुत केवली के पादमूल में बैठकर शोडश कारण भावना भाती है, सम्यक दर्शन एवं चारित्र के पथ को स्वीकार करती है, समस्त क्रियाएँ संसारी प्राणी के कल्याण की भावना से भरी होती हैं, तब कदाचित किसी आत्मा में तीर्थकर प्रकृति नामक पुण्य वर्गणा का आगमन होता है। ऐसे जीव स्वर्ग से च्युत हो मनुष्य लोक में आते हैं। तभी उनका इस धरती पर सौधर्म इन्द्र जन्मोत्सव मनाता है। उसी जन्मोत्सव को जन्मकल्याणक कहते हैं।अर्थात जो आत्मा नियम से समवशरण की रचना कर दिव्य ध्वनि के माध्यम से भव्य जीव के कल्याणार्थ उपदेश प्रदान कर नियम से मोक्ष जाती है,उसी आत्मा का जन्मकल्याणक मनाया जाता है। वह जिनेंद्र का रूप नहीं बल्कि बालक का रूप होता है। रात्रि में आरती हुई एवं तीर्थंकर बालक को पालना झुलाया गया। जन्म कल्याणक की प्रस्तुति नृत्य नाटिका के माध्यम से की गई। कार्यक्रम में श्री मुनिसुव्रतनाथ मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पंकज जैन,सचिव अजय जैन काले, राजकुमार जैन, पवन जैन, कमल जैन, पुनीत जैन, प्रवीण जैन, आदिश जैन, अरविंद जैन मुन्ना, अनुराग मोहन, सुनील जैन, अनिल जैन, दिनेश जैन, मुकेश जैन, आकाश जैन, राकेश जैन, मनोज जैन, नितिन जैन, सचिन जैन, अमित जैन, संजय जैन, मनोज जैन, सतीश जैन आदि उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि 10 दिसंबर को तप कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा।

# अब्या प्रोडक्शन ने किया समाज सेविका सरबजीत कौर को सम्मानित

**समाज जागरण बागपत।**



समाजसेवी सरबजीत कौर को अब्या प्रोडक्शन द्वारा सामाजिक क्षेत्र में किये जा रहे सराहनीय कार्यों को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया। दिल्ली के इंडियन इस्लामिक कल्चर सेंटर में हुए म्यूजिक एवं अवार्ड समारोह में अब्या प्रोडक्शन के सीईओ योगेश मलिक व शालू राठी ने समाज सेविका सरबजीत कौर को पटका ओढ़ाकर तथा मोमेंटो भेंट कर उन्हें सम्मानित किया और उनके कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। सरबजीत कौर एक सुप्रसिद्ध समाज सेविका है और उनके द्वारा समाज हित में अनेकों कार्य किए जाते हैं। हमेशा वह दीन-दुखियों की सेवा के लिए अग्रसर रहती है। दिव्यांगों के उत्थान के लिए भी उनके द्वारा कार्य किए जाते हैं। इसके अलावा गरीब लोगों को सर्दी में कंबल वितरण करना, खाने-पीने के सामानों का वितरण करना, गर्मियों में प्याऊ व छबील में सहयोग करना वृक्षारोपण करना, गरीब बच्चों की पाठ्य सामग्री में उनकी मदद करना आदि ऐसे कई कार्य किए जाते हैं, जिन्हें गिनाना भी मुश्किल है। उनके कार्यों को देखते हुए कई सामाजिक संस्थाएं उन्हें पुरस्कृत कर चुकी है। समाज का हर कोई व्यक्ति सरबजीत कौर के कार्यों की सराहना कर रहा है और उनसे प्रेरणा लेने की बात कह रहा है।

# राष्ट्रीय लोक दल महिला प्रकोष्ठ की जिला उपाध्यक्ष मनोनीतः- सुधा तोमर

**समाज जागरण बड़ौत।**



तहसील क्षेत्र के मलकपुर गांव निवासी सुधा तोमर बनी राष्ट्रीय लोक दल महिला प्रकोष्ठ की जिला उपाध्यक्ष बागपत अनुज तोमर उर्फ विक्की की धर्मपत्नी सुधा तोमर जनपद बागपत में एक समाजसेविका के रूप में भी जानी जाती है। सुधा तोमर को राष्ट्रीय लोक दल महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बागपत प्रज्ञा बालियान ने उन्हें जिला उपाध्यक्ष बागपत मनोनीत किया है। नारी शक्ति संगठन महिला प्रकोष्ठ के साथ सुधा तोमर हमेशा महिलाओं के सम्मान में कंधे से कंधा मिलाकर महिलाओं के साथ चलने का काम करेगी। और राष्ट्रीय लोक दल की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का काम करेगी। चौधरी चरण सिंह की विचारधारा एवं चौधरी अजीत सिंह के सिद्धांतों पर चलते हुए कैबिनेट मंत्री राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के हाथों को मजबूत करने का काम किया जाएगा। सुधा तोमर ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। मेरा परिवार हमेशा राष्ट्रीय लोक दल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम कर रहा है। राष्ट्रीय लोकदल एक सिद्धांत वादी पार्टी है। राष्ट्रीय लोक दल हमेशा किसान हित में कार्य करता आ रहा है। किसानों की आवाज बुलंद करने के लिए सुधा तोमर भी किसानों के साथ है। क्षेत्र की जनता का प्यार सुधा तोमर को हमेशा मिलने आ रहा है। उनके मनोनीत किए जाने पर वार्ड नंबर 10 के क्षेत्र वासियों ने भी उन्हें बधाई संदेश दिया है। सुधा तोमर वार्ड नंबर 10 से भावी जिला पंचायत सदस्य के रूप में भी जानी जाती है। क्षेत्र की जनता उन्हें सम्मानजनक उपहार देने भी जा रही है। जिसे वे स्वीकार करने के लिए क्षेत्र की जनता के साथ 24 घंटे उनके साथ रहने का कार्य कर रही है।

# जिला वृक्षारोपण समिति, पर्यावरण समिति एवं गंगा समिति की बैठक सम्पन्न

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, पर्यावरण समिति एवं गंगा समिति की बैठक की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण हेतु जिन विभागों को जो भी लक्ष्य दिये गये हैं, उसके अनुरूप वृक्षारोपण हेतु स्थल चिन्हित कर लें। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विभागों द्वारा वृक्षारोपण हेतु फलदार पौधों की डिमाण्ड की जाती है, उन्हे पौध रोपण हेतु फलदार पौधे उपलब्ध करायें, इस दौरान उन्होंने कहा कि जिन विभागों को फलदार पौधों की आवश्यकता हो, वह वन विभाग को पौधों की संख्या उपलब्ध करा दें, इस दौरान उन्होंने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से यह जानकारी संज्ञान में आता है कि कम्पनियों से निकलने वाले फ्लाई ऐश सड़क के किनारे ट्रक, डम्फर द्वारा फेंक कर चले जाते हैं, फ्लाईऐश सड़क के किनारे गिरने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, इस तरह के कार्य करने वाले ट्रान्सपोर्टरों, ट्रक मालिकों व कम्पनियों के विरूद्ध पेनाल्टी की कार्यवाही प्रदूषण विभाग, ए0आर0टी0ओ0 व वन विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। सड़कों पर ओवर लोड कुड़ायुक्त वाहन जो कचरा सड़कों पर गिरा देते हैं, ऐसे वाहनों के विरूद्ध भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक महीने ग्राम पंचायतों में ग्रीन चैपाल का आयोजन शासन के निर्देश के क्रम में किया जायेगा। इस बार ग्रीन चैपाल का आयोजन जुगैल ग्राम में 12 दिसम्बर, 2025 (शुक्रवार) को किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि सोन नदी के किनारे बसे गांवों में आर्गेनिक खेती करने हेतु जागरूक किया जाये, जिससे कम पानी की लागत में अधिक उत्पादन हो सकें। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, डीएफओ राबर्ट्सगंज आशुतोष जायसवाल, डीएफओ ओबरा दिलीप कुमार तिवारी, डीएफओ रेनुकूट कमल कुमार, एस0डी0ओ0 शत्रुधन तिवारी, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, अपर जिला सूचना अधिकारी श्री विनय कुमार सिंह सहित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय ने 56वां स्थापना दिवस मनाया: अपने आदर्श वाक्य 'उत्कृष्टता के माध्यम से विजय' की पुष्टि की

रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय ने मित्र देशों के 660 से अधिक अधि कारियों को प्रशिक्षित किया है रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय (सीडीएम) ने 8 दिसंबर, 2025 को सिकंदराबाद, तेलंगाना में अपना 56वां स्थापना दिवस मनाया। इस दिवस के उपलक्ष्य में, सीडीएम ने पर्पल पेसर्स और पर्पल पेडलर्स क्लबों के सहयोग से स्थापना दिवस दौड़ और साइकिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया। समारोह में महिला सशक्तीकरण में निवेश द्वारा जिम्मेदार नागरिकों का विकास (डीआरआईडब्ल्यूई) का समापन समारोह भी आयोजित किया गया, जो उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम के अधिकारी प्रशिक्षुओं के जीवनसाथियों में नेतृत्व, उद्यमिता, सामाजिक जागरूकता और सशक्ती करण विकसित करने के लिए उस्मानिया विश्वविद्यालय के सहयोग से एक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम है। समारोह के एक भाग के रूप में, भारतीय नौसेना के बैंड 'सिम्फनी' ने एक विशेष प्रदर्शन दिया, जिससे कार्यक्रम में संगीतमय भव्यता आ गयी। 1970 में स्थापित, सीडीएम उच्च रक्षा प्रबंधन शिक्षा को लेकर तीनों सेनाओं के लिए एक प्रमुख संस्थान है। अपने प्रमुख पाठ्यक्रम 'उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम' (एचडीएमसी) के साथ, यह संस्थान रक्षा योजना और निर्णय प्रक्रिया में आधुनिक प्रबंधन के सिद्धांतों को एकीकृत करके सभी सेवाओं में संगठनात्मक प्रभावशीलता को बढ़ाने में सहायक रहा है। सीडीएम ने मित्र देशों के 660 से अधिक अधि कारियों को प्रशिक्षित किया है, जिन्होंने वैश्विक समझ और रक्षा कूटनीति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर, कमांडेंट सीडीएम, मेजर जनरल जी. श्रीनिवास ने सभी रैंकों, असैन्य रक्षा कर्मचारियों और अन्य कर्मचारियों को बधाई दी और अपने आदर्श वाक्य - "उत्कृष्टता के माध्यम से विजय" की सच्ची भावना के अनुरूप रक्षा प्रबंधन शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए

# फ्रैंक म्यूजिकल ग्रुप के शो में भाग लेंगी कई जानी-मानी हस्तियां

**समाज जागरण बागपत।**



फ्रैंक म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आगामी 21 दिसंबर को दिल्ली के लाला लाजपत भवन ऑडिटोरियम में पुकारता चला हूं में शो का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसमें बागपत से भी काफी लोग शिरकत करेंगे। शो को लेकर तैयारियां पूरी जोर-जोर के साथ चल रही है। शो की ऑर्गेनाईजेशन अन्नू फ्रैंक व सपोर्टर व चीफ एडवाइजर मनीष ठाकुर ने बताया कि शो में बॉलीवुड, राजनैतिक, सामाजिक, उधोगपति व संगीत से जुड़ी देश की कई जानी-हस्तियां शिरकत करेंगी। शो शाम को चार बजे शुरू कर दिया जाएगा। शो के होस्ट डॉक्टर इमरान होंगे। शो में बागपत समेत दिल्ली एनसीआर की कई हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। शो में सभी सिंगर अपनी जबरदस्त आवाज से एक से बढ़कर एक नगमे गाकर सभी को आनंदित करेंगे। संगीत से जुड़े दीवानों के लिए यह शाम बहुत ही खास रहने वाली है, जिसका लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# अवैध हथियार के मामले में सजा सुनाई

**समाज जागरण**

कैराना। न्यायालय ने अवैध हथियार बरामदगी के मामले में दोषी को सजा सुनाई। वर्ष 2017 में थाना गढ़ीपुख्ता पर अरुण निवासी गांव मालैण्डी के विरुद्ध अवैध हथियार बरामदगी के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। मंगलवार को सिविल जज जूनियर डिवीजन ने दोषी को न्यायालय उठने तक की अवधि और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# जानलेवा हमने का आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। अगस्त माह में गांव बसेड़ा निवासी राजुल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि विपक्षियों ने उसके घर में घुसकर मारपीट की तथा जान से मारने की नीयत से फायर किया था। मामले में पुलिस ने मंगलवार को गांव के ही आरोपी सद्दाम को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

# बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल

**समाज जागरण**

कैराना। मंगलवार को गांव गोगवान निवासी 65 वर्षीय कंवरपाल गांव के बस अड्डे से पैदल अपने घर जा रहा था। इस दौरान पीछे से आ रही बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिस कारण वह घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। बाद में परिजन घायल को सरकारी अस्पताल ले गए। जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

# 20 पव्वों के साथ एक गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। पुलिस ने चेकिंग के दौरान वासिद निवासी मोहल्ला अफगानान को हरियाणा मार्का देसी शराब के 20 पव्वों के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन सोनभद्र की अध्यक्षता में पुलिस लाइन चुर्क में नक्सल समन्वय गोष्ठी का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस लाइन, चुर्क स्थित सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन, सोनभद्र श्री त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में नक्सल समन्वय गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में जनपद के पुलिस, पीएसी तथा अन्य विभागों के अधिकारीगण सहित सीमावर्ती जनपदों से आए अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों को नक्सली संचरण को दृष्टिगत रखते हुए निम्न बिंदुओं पर विस्तृत निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया– 1. नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अधिक सतर्कता बरतने 2. सभी इकाइयों के मध्य निरंतर समन्वय स्थापित रखने 3. नियमित रूप से कॉम्बिंग, एरिया डॉमिनेशन एवं चेकिंग अभियान संचालित करने 4. अभियान के दौरान स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने एवं उनका हर संभव निराकरण



सुनिश्चित करने 5. स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें किसी भी भ्रामक प्रचार या बहकावे में न आने हेतु जागरूक करना 6. किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन को देने हेतु प्रेरित करना गोष्ठी में नक्सल क्षेत्र से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण रणनीतिक बिंदुओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित–देवनारायण यादव, सहायक सेनानायक, नक्सल कंटीजेंट चुर्क। डॉ. एस.के. जायसवाल, डिप्टी उटड। राणा प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक, जोनल नक्सल अभिसूचना इकाई सोनभद्र। अमरदेव यादव, स्थानीय अभिसूचना इकाई सोनभद्र। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, पीएसी पोस्ट प्रभारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण रहे।

# भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के आह्वान पर विद्यार्थियों ने दिया युवाओं को संदेश

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चेयरमैन डीआर चालिया व सीजेएम पवन कुमार के मार्गदर्शन में ड्रग्स जागरूकता कार्यक्रम
- ड्रग्स की आदत इंसान को बर्बाद कर देती है : यादव




**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 9 दिसंबर। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के आह्वान पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन डीआर चालिया व सीजेएम पवन कुमार के मार्गदर्शन में सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति द्वारा स्थानीय विवेकानंद हाई स्कूल में ड्रग्स जागरूकता कार्यक्रम के तहत नशा छोड़ो जीवन जोड़ो थीम 2025 शुरू किया गया है। जिसके तहत 23 जनवरी नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती तक युवाओं को जागरूक किया जाएगा ताकि युवा इस बुराई से दूर रहें।

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप स्वास्थ्य विभाग से सुभाष यादव व शिक्षाविद विजेंद्र कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक सावित्री यादव ने की। कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज रहे। उन्होंने कहा कि भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के निदेर्शानुसार हरियाणा को ड्रग्स फ्री बनाने और युवाओं को ड्रग्स के सेवन से बचाने के लिए हरियाणा विधिक सेवाएं प्राधिकरण के तत्वावधान में विशेष अभियान चलाया गया, ड्रग्स जैसे नशे से दूर रहने की जागरुकता को लेकर जिला भिवानी में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया व सीजेएम पवन कुमार के मार्गदर्शन में सामाजिक कार्यकर्ताओ, शिक्षा, समाज , खेल व स्वयं सेवी संस्थाओं की बैठक ली गई है। जिसके तहत उन्होंने इस जागरूकता की पहल हनुमान ढाणी स्थित विवेकानंद हाई स्कूल से शुरू की है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से हमारी संस्था नशे जैसी बुराई को दूर करने व युवाओं को इस बुराई से दूर रहने के लिए जागरूक करती आ रही है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स एक धीमा जहर है, जो व्यक्ति की सोच, सेहत, आत्मविश्वास और जीवन की दिशा को छीन लेता है। नशे की आदत केवल एक इंसान को बर्बाद नहीं करती, बल्कि पूरे समाज की उन्नति रोक देती है। इसलिए आवश्यकता है कि युवा शक्ति जागृत होकर नशामुक्ति का संदेश फैलाए और हर परिवार अपने बच्चों को सही दिशा दे। एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण तभी संभव है जब युवाओं का जीवन नशे से दूर और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर हो। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने संकल्प लिया और वक्ताओं को अच्छे स्वास्थ्य एवं स्वच्छ पर्यावरण को समर्पित पौधा व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान दिया।

# चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में व्याख्यानमाला का आयोजन

## आर॰एस॰एस॰ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार ने किया कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को संबोधित

**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी 09 दिसंबर। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में विद्या भारती, उच्चतर शिक्षा विभाग एवं सी॰ बी॰ एल॰ यू॰ के संयुक्त तत्त्वावधान में पंचकोषीय एवं शिक्षा भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित विषय पर एक वर्षीय व्याख्यान माला के प्रथम व्याख्यान का आयोजन विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो॰ दीप्ति धमाणी की अध्यक्षता में किया गया। व्याख्यान माला कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक श्री इंद्रेश कुमार, बतौर मुख्य अतिथि विद्या भारती के उत्तर क्षेत्र सह संगठन मंत्री श्री बालकिशन एवं बतौर विशिष्ट अतिथि समग्र शिक्षा विभाग चंडीगढ़ के अध्यक्ष श्री सौरभ चैधरी ने शिरकत की।

विश्वविद्यालय में कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आर॰ एस॰ एस॰ के वरिष्ठ प्रचारक श्री इंद्रेश कुमार ने कहा कि शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य व्यक्ति निर्माण है और शिक्षा का दूसरा नाम मानवता है। विद्या बेहतर इंसान बनाती है। अविद्या से विकार, विवाद और हिंसा उत्पन्न होते हैं इसलिए विद्या का संस्कारी एवं गुणवत्तापूर्ण होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में मानवता एवं राष्ट्रीयता का भाव होना चाहिए। पंचकोषीय शिक्षा से व्यक्ति का समग्र विकास संभव है। युवा शरीर से सशक्त हो, प्राण से ऊजार्वान हो, मन से संतुलित एवं संकल्पित हो और विद्या एवं ज्ञान से बौद्धिक विकास करते हुए आध्यात्मिक रूप से समृद्ध हो। उन्होंने कहा कि युवा नेशन फर्स्ट, नेशन मस्ट एवं नेशन ऑलवेज के भाव के साथ पूर्ण समर्पित भाव से राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनें। उन्होंने युवाओं को राम, रावण, श्रीकृष्ण और गीता के प्रसंगों के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे कहा कि युवा स्व का बोध करें अपनी कमियों को जानें। उन्होंने युवाओं को गाली, गुस्सा और नफरत से दूर रहने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि युवा स्वस्थ रहने के लिए शाकाहारी बनें,अपने अंदर संस्कार एवं नैतिक मूल्यों को बनाए रखें, अपने माता पिता गुरुजनों का सम्मान करें और पंचकोष आधारित जीवन पद्धति अपनाएं। स्वयं मुस्कुराएं और दूसरों की मुस्कराहट का जरिया बनें। युवा सही व गलत में तथा सच्चे प्रेम और वासना में अंतर करना सीखें। उन्होंने कहा कि भारत विश्व गुरु था, विश्व गुरु है और विश्व गुरु रहेगा लेकिन उसके लिए युवाओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना होगा और मन से सात्विक होना आवश्यक है।

विद्या भारती के उत्तर क्षेत्र सह संगठन मंत्री श्री बालकिशन ने कहा कि 1952 से विद्या भारती देश में उच्च शिक्षा संस्थान चलाने वाली सबसे बड़ी गैर सरकारी संस्था है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन॰ई॰पी॰) 2020 में समावेशी शिक्षा, मातृभाषा का सम्मान और उच्च कोटि के छात्रों को आचार्य बनाने की बात है और संस्कार युक्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की गारंटी है। उन्होंने युवाओं से पंचकोष सिद्धांत को शिक्षा पद्धति का हिस्सा बनाने पर जोर दिया ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो॰ दीप्ति धमाणी ने कहा कि शिक्षा वह है जो हमें सब बंधनों से मुक्त करती है। भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व में सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने कहा कि गीता में हमें कर्म करने के लिए प्रेरित किया गया है। विद्यार्थी अपने अंदर प्रश्नों और जिज्ञासा बनाएं रखें। उन्होंने आगे कहा कि हम विवाद की बजाय संवाद की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने विद्यार्थियों को श्रीमद भगवत गीता के प्रसंगों से प्रोत्साहित किया।

समग्र शिक्षा विभाग चंडीगढ़ के अध्यक्ष श्री सौरभ चैधरी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विद्यार्थियों के समग्र विकास का प्रावधान है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष वी॰पी॰ यादव ने कहा कि संस्कारयुक्त शिक्षा हमारा प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ॰ सुरेश मलिक ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया और विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं उपलब्ध सुविधाओं पर विस्तृत जानकारी दी। बीएड कॉलेज प्राचार्य डॉ॰ अदम्यवीर ने सभी अतिथियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विभाग संघ चालक श्री सतनारायण मित्तल, बी॰जे॰पी॰ जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, कार्यकारी कुलसचिव प्रो॰ एस॰ के॰ कौशिक, पूर्व सूचना आयुक्त भूपेंद्र धमाणी, शिक्षा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन वी॰ पी॰ यादव, डीन प्रो॰ सुनीता भरतवाल, प्रो॰ वी॰ के॰ जैन, बीएड कॉलेज प्राचार्य डॉ॰ आदम्यवीर, डॉ॰ वेद प्रकाश, डॉ॰ मुकेश यादव, डॉ॰ सोनल शेखावत, डॉ रचना शर्मा, जिला महामंत्री रमेश पचेरवाल, सूर्यप्रताप सहित अनेक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शैक्षिक उत्कृष्टता समारोह: संत निरंकारी शैक्षणिक संस्थानों द्वारा गौरवशाली उपलब्धियों का भव्य उत्सव आयोजित

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो, 9 दिसम्बर :संत निरंकारी मिशन ब्रांच जैतो के मुखी अशोक धीर और जोन फिरोजपुर के जोनल इंचार्ज ऐन एस गिल ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि संत निरंकारी शैक्षणिक संस्थान, शैक्षिक उत्कृष्टता एवं विशिष्ट योगदान की मान्यता का उत्सव मनाते हुए गर्व की अनुभूति कर रहे हैं। इसी क्रम में संत निरंकारी पब्लिक स्कूल, अवतार एन्क्लेव ने अपनी 30 वर्षों की सफल शिक्षण-यात्रा एवं चरित्र-निर्माण की गौरवशाली परंपरा का भव्य उत्सव आयोजित किया।यह विशेष कार्यक्रम 9 दिसम्बर 2025 को ताल कटोरा इनडोर स्टेडियम, विलिंगडन क्रेसेंट रोड, नई दिल्ली में संपन्न हुआ, जिसमें “किताबें करती हैं बातें” विषय को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर निरंकारी मिशन के प्रतिभाशाली छात्रों ने विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों द्वारा अपने कौशल, अनुशासन और रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में संत निरंकारी मिशन की सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय और प्रेरणादायी रही। सतगुरु माता जी ने अपने प्रेरक संबोधन में शैक्षणिक संस्थानों के प्रबंधन, कर्मचारियों और छात्रों के सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक प्रगति नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में एक अच्छा और संवेदनशील मनुष्य बनना है।

सतगुरु माता जी ने यह भी प्रेरणा दी कि चाहे बच्चे पढ़ाई के क्षेत्र में हों, खेल-कूद में हों या भविष्य में कोई भी करियर चुने सबसे पहले चयन मानवता, नैतिक मूल्यों और इंसानियत की भावना से प्रेरित होकर होना चाहिए। बच्चों की आज की उपलब्धियाँ और पुरस्कार उनकी मेहनत, आत्मविश्वास का परिणाम हैं। सतगुरु माता जी ने अंत में कहा कि हर बच्चा तरक्की और आध्यात्मिक उत्थान के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ता जाये।कार्यक्रम में आदरणीय जोगिन्दर सुखीजा जी, सचिव शिक्षा विभाग प्रभारी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि दूरदर्शी प्रबंधन और समर्पित कर्मचारियों के मार्गदर्शन में संत निरंकारी पब्लिक स्कूलों ने सदैव विद्यार्थियों के लिए एक स्नेहपूर्ण, संतुलित एवं मूल्याधारित सर्वांगिण विकास वातावरण का निर्माण किया है, जहाँ शिक्षा के साथ-साथ प्रेम, सहानुभूति, करुणा, अनुशासन और मानवता के गुणों को भी समान रूप से महत्व दिया जाता है।इस कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती रमन सिंह



मनहास, शिक्षा समन्वयक, संत निरंकारी मंडल, के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने बताया कि वार्षिक दिवस कार्यक्रम का आयोजन संत निरंकारी पब्लिक स्कूल, अवतार एन्क्लेव, नई दिल्ली द्वारा किया गया, जिसमें संत निरंकारी शैक्षणिक संस्थानों की उत्साही एवं व्यापक भागीदारी रही। कार्यक्रम में प्रतिभागी रूप में शैक्षणिक संस्थान में संत निरंकारी पब्लिक स्कूल निरंकारी कॉलोनी, तिलक नगर, गोविंदपुरी, मालवीय नगर, नई दिल्ली। इसके अतिरिक्त संत निरंकारी पब्लिक स्कूल फरीदाबाद, (हरियाणा) एस. एन. पब्लिक हाई स्कूल, लुधियाना, (पंजाब) एस.एन.सी.एफ. स्कूल, कालेवाल बीट, होशियारपुर, (पंजाब), संत निरंकारी गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल, निरंकारी कॉलोनी, दिल्ली, संत निरंकारी बॉयज सीनियर सैकेंडरी स्कूल, निरंकारी कॉलोनी, दिल्ली, संत निरंकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल, पहाड़गंज, नई दिल्ली की भागीदारी रही।कार्यक्रम के समापन पर श्रीमती रमन सिंह मनहास ने सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी के आयोजन में सम्मिलित होने हेतु हार्दिक आभार व्यक्त किया। साथ ही संस्थान के प्रबंधन, कर्मचारियों, शिक्षकों, छात्रों तथा उनके परिजनों का कार्यक्रम में सम्मिलित होने पर धन्यवाद किया।इस गरिमामय आयोजन के अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी ने “मिरर-ए-रिफलेक्शन” पुस्तक का शुभ विमोचन किया। यह पुस्तक ज्ञान, आत्मचिंतन और सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने वाली महत्वपूर्ण कृति के रूप में प्रस्तुत हुई, जिसके विमोचन ने कार्यक्रम की आध्यात्मिक महत्ता को और भी विशेष बना दिया।निसंदेह यह वार्षिक दिवस समारोह छात्रों की रचनात्मकता, प्रतिभा एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के साथ-साथ शिक्षकों, कर्मचारियों और प्रबंधन के सतत प्रयासों एवं समर्पण को भी सम्मानित कर रहा है।

# जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र ने रावगढ़ स्कूल में छात्रों को किए जूते एवं जुराब वितरित

**अश्विनी वालिया**



कुरुक्षेत्र,9 दिसंबर। समाजसेवी संस्था जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र निरंतर समाज सेवा के कार्यों में जुटा हुआ है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आज जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र समाजसेवी सस्था ने गांव रावगढ़ के सरकारी स्कूल में छात्रों को जूते एवं जुराब वितरित की। विद्यालय इंचार्ज विजय पाल ने संस्था के प्रधान दलबीर मलिक, महासचिव मास्टर बलदेव सिंह सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश दत्त शर्मा, संरक्षक डी आर भटनागर, कोषाध्यक्ष धर्म सिंह जोगनाखेड़ा, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनिल कपूर, शिव किरमच , सचिव कुलदीप सिंह सैनी का स्कूल में पहुंचने पर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र के दलबीर मलिक ने कहा कि जरूरतमंद और असहाय की मदद करना बहुत ही पुण्यात्मक कार्य होता है इसलिए प्रत्येक समर्थ व्यक्ति को चाहिए कि वह सर्दी के मौसम में जरूरतमं एवं असहाय की मदद अवश्य करे। संस्था के महासचिव सरदार बलदेव सिंह सैनी ने कहा कि छात्र शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी जरूर ग्रहण करें। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश दत्त शर्मा ने कहा कि ज्यादा फोन देखना छात्रों के लिए हानीकारक है।

**संस्कारित बनने के लिए महापुरुषों की जीवनिया पढ़ें।**

संस्था के संरक्षक डी आर भटनागर एवं सलाहकार राजकुमार वालिया ने छात्रों को जागृत करते हुए कहा की कभी झूठ न बोलें और नशे से दूर रहें तथा पढ़ाई की ओर ध्यान दें। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनिल कपूर व धर्म सिंह जोगनाखेड़ा ने कहा कि सभी छात्र गुरुजनों एवं माता-पिता की आज्ञा का पालन गंभीरता से करें। सचिव कुलदीप सिंह सैनी व प्रैस सचिव शिव किरमच ने कहा कि सभी छात्र स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का अंग बनाएं और अच्छी आदतों को ग्रहण करें। इस अवसर पर सुरजीत सिंह राणा, रविन्द्र, श्रीमती नेहा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# भारत नई दिल्ली में पारंपरिक चिकित्सा पर दूसरे विश्व स्वास्थ्य संगठन वैश्विक शिखर सम्मेलन की सह-मेजबानी करेगा

**(रघुनंदन पराशर चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब समाज जागरण)**

नई दिल्ली,9 दिसम्बरः भारत, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से, 17 से 19 दिसंबर 2025 तक नई दिल्ली में पारंपरिक चिकित्सा पर दूसरे विश्व स्वास्थ्य संगठन वैश्विक शिखर सम्मेलन की सह-मेजबानी करेगा । चिकित्सा क्षेत्र के वैश्विक दिग्गज, नीति निमार्ता, शोधकर्ता और विशेषज्ञ पारंपरिक चिकित्सा में नवाचार, साक्ष्य-आधारित अभ्यास और भविष्य की रणनीतियों पर विचार-विमर्श के लिए इस शिखर सम्मेलन में एक साथ भाग लेंगे।आयुष मंत्रालय ने 8 दिसंबर 2025 को केंद्रीय आयुष मंत्री श्री प्रतापराव जाधव की अध्यक्षता में एक पूर्वावलोकन कार्यक्रम का आयोजन किया था। श्री प्रतापराव जाधव ने अपने संबोधन में पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में भारत के बढ़ते नेतृत्व और वैज्ञानिक विश्वसनीयता तथा वैश्विक सहयोग को बढ़ाने में राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थानों की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला।

दिल्ली में सीसीआरएएस का केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान आयुर्वेदिक अनुसंधान और नैदानिक प्रगति का एक प्रमुख केंद्र बना हुआ है। संस्थान के प्रभारी निदेशक डॉ. हेमंत पाणिग्रही ने बताया कि सीएआरआई के एकीकृत नैदानिक, मौलिक और नीतिगत अनुसंधान ने जीवनशैली से जुडे और गैर-संचारी रोगों के समाधान में उल्लेखनीय वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि संस्थान के विशेष क्लीनिक, चल रहे शोध अध्ययन और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, साक्ष्य-आधारित पारंपरिक स्वास्थ्य सेवा की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं।विश्व स्वास्थ्य संगठन वैश्विक शिखर सम्मेलन में मंत्रिस्तरीय चर्चाएँ, वैज्ञानिक पैनल, प्रदर्शनियां और वैश्विक ज्ञान-साझाकरण सत्र शामिल होंगे, जिनका उद्देश्य विश्व भर में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को पारंपरिक चिकित्सा के साथ एकीकृत करना है।

# फिरोजपुर मंडल ने अमृतसर एयरपोर्ट पर यात्रियों की सुविधा के लिए हैल्प डेस्क स्थापित किया

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**




जैतो,9 दिसम्बर : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक परमजीत सिंह सैनी ने मंगलवार को कहा कि फिरोजपुर मंडल द्वारा अमृतसर एयरपोर्ट पर फ्लाइट रद्द होने के कारण फंसे हुए यात्रियों के मार्गदर्शन एवं सहायता हेतु एक हेल्प डेस्क स्थापित किया है। इसका उद्देश्य यात्रियों को मार्गदर्शन और विकल्प प्रदान करना है। रेल कर्मचारी द्वारा हेल्प डेस्क के माध्यम से अमृतसर एयरपोर्ट पर यात्रियों को उपलब्ध ट्रेनों, समय-सारिणी, टिकट बुकिंग, अतिरिक्त कोच व्यवस्था और वैकल्पिक सेवाओं बारे में जानकारी दे रहे हैं, जिससे वे सुरक्षित एवं सुगम रूप से अपनी मंजिल तक पहुँच सकें।अमृतसर रेलवे स्टेशन से दिल्ली जाने वाली लग्जरी ट्रेनों (अमृतसर शताब्दी 12014, स्वर्ण शताब्दी 12030 तथा वंदे भारत एक्सप्रेस 22488) में आगामी 4 दिनों तक सीटें उपलब्ध है, जिसकी सुविधा का लाभ यात्री उठा सकते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए दिनांक 6, 7, तथा 8 दिसम्बर को शताब्दी एक्सप्रेस में दो अतिरिक्त कोच लगाए गए थे। फिरोजपुर मंडल यात्रियों की सुविधा के लिए निरंतर प्रयासरत है और किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में यात्रियों को पूर्ण सहयोग एवं सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# जिला और सत्र न्यायाधीश फरीदकोट के मार्गदर्शन में 6 जनवरी 2026 तक 'यूथ अगेंस्ट ड्रग्स' अभियान का आयोजित

**(पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो, 9 दिसंबर :माननीय सदस्य सचिव पंजाब राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण एस.ए.एस. नगर के आदेशों के बाद जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री संजीव जोशी जिला और सत्र न्यायाधीश फरीदकोट के मार्गदर्शन में इस अभियान की शुरूआत की गई है जो आगामी 6.01.2026 तक




'यूथ अगेंस्ट ड्रग्स' नामक अभियान के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें इस कार्यालय के साथ-साथ सीजेएम जज, पैनल वकील, कानूनी सहायता रक्षा वकील, कार्यालय कर्मचारी और पैरा लीगल स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

यह रैली जिला न्यायालय फरीदकोट से शुरू होकर सिविल अस्पताल नगर समिति कार्यालय, संगत साहिब भाई फेरू खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल फरीदकोट, पुलिस स्टेशन सिटी फरीदकोट का दौरा किया और वापस जिला न्यायालय फरीदकोट में समाप्त हुई। इस अभियान को जिला और सत्र न्यायाधीश श्री संजीव जोशी के आदेशानुसार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मिस शैम्पी चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और इस अभियान में जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, फरीदकोट के कार्यालय द्वारा जज, वकीलों और पैरा-लीगल स्वयंसेवकों को 'यूथ अगेंस्ट ड्रग्स' का नारा लिखी सफेद टोपी भी पहनाई गई और नशीली दवाओं की रोकथाम के संबंध में जोरदार नारे भी लगाए गए। अंत में, जज ने रैली में मौजूद सभी वकीलों, कार्यालय कर्मचारियों और पैरालीगल स्वयंसेवकों को नशीली दवाओं का इस्तेमाल न करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर बोलते हुए, जज ने आम जनता को नशीली दवाओं के घातक नुकसान के बारे में जागरूक किया और उन्हें इसके घातक परिणामों के बारे में बताया और यह भी बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए टोल-फ्री नंबर 15100 पर संपर्क किया जा सकता है।

# मानवाधिकार दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, भारत के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री वी. रामसुब्रमण्यन का संदेश

**(चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब दैनिक समाज जागरण)**

जैतो,9 दिसम्बर : मानवाधिकार दिवस की पूर्व संध्या पर सभी को शुभकामनाएँ। 1950 से हर साल 10 दिसंबर को दुनिया इस दिन को मनाने के लिए एकजुट होती है। यह 1948 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (यूडीएचआर) को अपनाए जाने का प्रतीक है। यूडीएचआर एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जिसने दुनिया भर में मानवता के नैतिक दिशा-निर्देशों को आकार दिया है।भारत के लिए, यह दिन विशेष महत्व रखता है। हमारे राष्ट्र के प्रतिनिधियों ने यूडीएचआर को आकार देने में एक सार्थक भूमिका निभाई है। इसमें सभी के लिए सम्मान, न्याय और समानता के शाश्वत आदर्शों को समाहित किया है। ये वे मूल्य हैं जो हमारी सभ्यतागत लोकाचार और दर्शन में गहराई से निहित हैं।इस वर्ष का विषय, "मानवाधिकार, हमारी दैनिक आवश्यकताएँ", हमें याद दिलाता है कि मानवाधिकार कोई दूर का सपना नहीं हैं। ये हमारे दैनिक जीवन का आधार हैं। यह विषय इस बात की पुष्टि करता है कि मानवाधिकार विलासिता नहीं, बल्कि ऐसी आवश्यकताएँ हैं जो आशा और मानवता को बनाए रखती हैं। मानवाधिकार हमें स्वतंत्र रूप से बोलने, सम्मान के साथ जीने और बिना किसी भय के सपने देखने का अवसर देते हैं। लोगों को इन मूल्यों से पुनः जोड़कर, हम जागरूकता, आत्मविश्वास और सामूहिक कार्रवाई को प्रेरित करना चाहते हैं।आज, मानवता जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय क्षरण, संघर्ष और आतंकवाद जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रही है, और ये सभी समानता और न्याय के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता की परीक्षा ले रही हैं। इनसे निपटने के लिए सीमाओं और पीढ़ियों के पार एकजुटता की आवश्यकता है।राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), भारत इस दृष्टिकोण को मजबूत करने में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विविध सांस्कृतिक परंपराओं के बीच सहानुभूति, करुणा और मानवीय गरिमा के प्रति सम्मान की भारत की समृद्ध विरासत को आत्मसात करते हुए, आयोग देश के भीतर मानवाधिकारों के लिए अथक प्रयास करता है और साथ ही अंतर्राष्ट्रीय मंचों और वैश्विक दक्षिण में मानवाधिकारों की वकालत को बढ़ावा देता है। पिछले तीन दशकों में अपनी पहुँच, अनुसंधान और क्षमता निर्माण पहलों के माध्यम से, एनएचआरसी सभी लोगों, विशेष रूप से कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए तत्पर रहा है।इस पवित्र अवसर पर, मैं प्रत्येक व्यक्ति से मानव अधिकारों के लिए खड़े होने का आह्वान करता हूं ताकि एक ऐसी संस्कृति का पोषण हो जो सर्वे भवन्तु सुखिनः अर्थात सभी के लिए खुशी की भावना को कायम रखे। मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम द्वारा निर्देशित तथा भारत के संविधान और मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा दोनों के मूल्यों से प्रेरित यह आयोग प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा और समानता को बनाए रखने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

# एसकेएम गैर राजनीतिक द्वारा गुरुद्वारा श्री चोरमार साहिब में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें सालाना शहीदी शताब्दी को समर्पित सजाया गया कीर्तन दरबार:लखविंदर सिंह औलख

## -श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत धर्म की रक्षा और मानवता के लिए एक महान कुर्बानी थी, जिससे हमें अन्याय के विरुद्ध लड़ने की प्रेरणा मिलती है: औलख

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**

सिरसा, 9 दिसम्बर : भारतीय किसान एकता के प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक (भारत) द्वारा गुरुद्वारा श्री चोरमार साहिब के मुख्य सेवादार संत बाबा गुरपाल सिंह के सहयोग से श्री गुरु तेग बहादुर साहब, भाई मती दास, भाई सती दास और भाई दयाला जी के 350वें सालाना शहीदी शताब्दी को समर्पित गुरुद्वारा चोरमार साहिब में आज श्री अखंड पाठ साहब के भोग उपरांत कीर्तन दरबार सजाया गया। जिसमें तख्त श्री दमदमा साहिब (तलवंडी साबो) के जत्थेदार सिंह साहब ज्ञानी टेक सिंह धनौला ने संगत को संबोधित किया। हजूरी रागी श्री दरबार साहिब तेजेंद्र सिंह और गुरुद्वारा जामनी साहिब के हेड ग्रंथि ज्ञानी बलविंदर सिंह ने श्री गुरु तेग बहादुर, भाई मती दास जी, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी धर्म और मानवता के लिए दी गई शहादत के बारे में संगत को विस्तार से बखान किया। इस समागम में जत्थेदार बाबा जगतार सिंह कार सेवा गुरुद्वारा चिल्ला साहब सिरसा वाले, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मेंबर बाबा गुरमीत सिंह त्रिलोकेवाला, बाबा निर्मल सिंह मलड़ी, बाबा प्रेम सिंह देसूजोधा, बाबा कुलदीप सिंह साहुवाला, हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी से कुलदीप सिंह जोगेवाला, बिंदर सिंह कालांवाली, अमृत पाल सिंह ओढ़ां व एसकेएम गैर राजनीतिक से इंद्रजीत सिंह कोटबुढा, सुखजीत सिंह हरदोझंडे, सुखजिंदर सिंह खोसा, गुरिंदर सिंह भंगू, गुरसेवक सिंह धालीवाल पहुंचे। एसकेएम के राजनीतिक (भारत) द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें सालाना शहीदी शताब्दी को समर्पित शहीदी समागम गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब, बाबा बकाला (पंजाब) में वीरवार, 11 दिसंबर को करवाया जाएगा।संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक भारत द्वारा आयोजित श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी शताब्दी को समर्पित प्रोग्राम का दृश्य।

# ग्यारह दिन चला सरस फूड फेस्टिवल 2025 आज समाप्त, लोगों ने लिया देश भर के व्यंजनों का स्वाद

केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली स्थित सुंदर नर्सरी में आयोजित सरस आजीविका फूड फेस्टिवल 2025 में लखपति दीदियों के हाथों से बने विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लिया। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरस फूड फेस्टिवल भारतीय संस्कृति के विविध रंगों और महिला सशक्तिकरण का ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय एकता का भी जीवंत उदाहरण है। यहां पर आकर लोगों ने पूरे देश के विभिन्न स्वादों को चखा है जिससे यहां आने वाले भी खुश थे और यहां आई महिला उद्यमी दीदियां भी खुश थी। उन्होंने कहा कि भारत अनेक भाषाओं, वेश-भूषाओं और खान-पान की विविधताओं के बावजूद एक राष्ट्र के रूप में एकजुट है, और यह फूड फेस्टिवल उसी सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है।

श्री शिवराज सिंह चौहान ने यह भी कहा कि अभी हमारे देश में अब तक दो करोड़ से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं, और हमारा लक्ष्य यह संख्या तीन करोड़ तक पहुंचाने का है। और आशा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के इस अभियान को तेजी से आगे बढ़ाते हुए हम जल्द ही दस लखपति दीदियों भी बनाएगें।

# रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय ने 56वां स्थापना दिवस मनाया: अपने आदर्श वाक्य 'उत्कृष्टता के माध्यम से विजय' की पुष्टि की

**समाज जागरण**

रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय (सीडीएम) ने 8 दिसंबर, 2025 को सिकंदराबाद, तेलंगाना में अपना 56वां स्थापना दिवस मनाया। इस दिवस के उपलक्ष्य में, सीडीएम ने पर्पल पेसर्स और पर्पल पेडलर्स क्लबों के सहयोग से स्थापना दिवस दौड़ और साइकिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया।

समारोह में महिला सशक्तीकरण में निवेश द्वारा जिम्मेदार नागरिकों का विकास (डीआरआईडब्ल्यूई) का समापन समारोह भी आयोजित किया गया, जो उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम के अधिकारी प्रशिक्षुओं के जीवनसाथियों में नेतृत्व, उद्यमिता, सामाजिक जागरूकता और सशक्तीकरण विकसित करने के लिए उस्मानिया विश्वविद्यालय के सहयोग से एक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम है।

# निजी स्कूल में बच्चों से कराई जा रही अन्य धर्म की प्रार्थना, अभिभावक नाराज

**समाज जागरण शिव तिवारी**



बड़ागांव- वाराणसी विकासखंड बड़ागांव के विरांव स्थित भीटी पी एन/डेल्टा पब्लिक स्कूल में, तेरी है जमीन, तेरा आसमान, तू बड़ा मेहरबां, खुदा मेरे- तू बख्शीश कर। अन्य धर्म का प्रार्थना के रूप में प्रचार प्रसार किया जा रहा है उनके इस कृत्य से क्षेत्र के लोगों और स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों में काफी नाराजगी है। एक अभिभावक ने नाम न छापने की शर्त पर कहा है कि इस तरह के धार्मिक प्रचार वाले प्रार्थना से छोटे-छोटे बच्चों के नाजुक दिल एवं दिमाग पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य पवन राय से बात करने पर उन्होंने कहा की डायरेक्टर के निर्देशानुसार पहले से ही यह प्रार्थना चल रहा है अगर किसी को कोई आपत्ति है तो उस पर विचार किया जाएगा। समाजसेवी मुकेश पांडेय ने निजी स्कूल में हो रहे इस गैर धार्मिक प्रार्थना का कड़ा विरोध दर्ज कराया है और स्कूल प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

# पीएचसी हरहुआ पर 30 महिलाओं का हुआ बंध्याकरण।

**समाज जागरण अनिल कुमार**




हरहुआ वाराणसी। पीएचसी हरहुआ पर आज मंगलवार को 30 महिलाओं का बंध्याकरण हुआ। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 सन्तोष कुमार ने अवगत कराया कि आशा कार्यकताओं को जिम्मेदारी देकर एम्बुलेंस के जरिये लाभार्थी को केंद्र लाया गया जहाँ पर विशेषज्ञ सर्जन डॉ0 सन्तोष यादव ने ऑपरेशन किया गया। लाभार्थी को टांका कटने तक भारी सामान न उठाने व दिए गए किट का नियमित उपयोग कर सामान्य भोजन लें और ठंड से बचकर रहें। आशा कार्यकर्ता को प्रति लाभार्थी 200/और लाभार्थी के खाते में 2000/अगले दिन भेज दी जाती है। ऑपरेशन बाद हर लाभार्थी को एम्बुलेंस के द्वारा उनके घरों तक भेजा गया।महिलाओं की आवश्यक जाँच लैब टेक्नीशियन लक्ष्मीनारायण व सूरज सिंह पटेल ने किया।

# स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत मीना मंच के सशक्तिकरण हेतु बि आर सी कार्यालय राजगढ़ पर दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन।


**समाज जागरण**



राजगढ़ मीरजापुर/स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत मीना मंच के संवर्धन हेतु सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभसंवर्धन हेतु सेल्फ एस्टीम की क्रियान्वयन हेतु विकासखंड राजगढ़ के बीआरसी पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन नई शिक्षा नीति के लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ-साथ, बालिकाओं का विद्यालय में नामांकन उनकी उपस्थिति को सुनिश्चित करना रहा ।इसके साथ-साथ प्रगति के पंख ,अरमान मॉड्यूल के माध्यम से जीवन कौशल का विकास करने के उद्देश्य से किया गया। प्रशिक्षक नीतू यादव एवं स्वाती मौर्या ने कार्यशाला के प्रतिभागी शिक्षकों को मीना मंच के गठन, पावर एंजेल का चयन, पोक्सो एक्ट बाल संरक्षण, अरमान माड्यूल,केस स्टडी, तथा आधा फुल कॉमिक पुस्तकों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ-साथ टूल 10 पर चर्चा,वीरांगना पोर्टल ,महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा और आत्मरक्षा से जुड़े मुद्दों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किशोर किशोरियों के जीवन कौशल का विकास ,उनकी रचनात्मक सोच ,तार्किक क्षमता का विकास,नेतृत्व क्षमता संवर्धन एवं उनके जीवन कौशल का विकास करना रहा। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार के द्वारा सभी शिक्षकों से कहा गया कि मीना मंच के इस कार्यक्रम से संबंधित सभी गतिविधियों को अपने विद्यालय में अवश्य कराए जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। बालिकाएं शिक्षा से वंचित न होने पाए, सभी का नामांकन हो, उनका ठहराव सुनिश्चित हो और वह बेहतर नागरिक बनकर समाज के निर्माण में अपना योगदान दे।

# भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने घुस लेते रोजगार सेवक को पकड़ा राजगढ़ थाने में दी तहरीर

**समाज जागरण**



राजगढ़ मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र में भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने आज रोजगार सेवक को दस हजार रुपए घूस लेते हुए पकड़ा। जानकारी के अनुसार मिजार्पुर सोनभद्र मार्ग पर स्थित एक ढाबे पर रोजगार सेवक के द्वारा पशु निर्माण शेड सामग्री के बिल वाउचर का एमआईएस लगाने के एवज रिश्वत मांगने का आरोप में टीम ने गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता उमेश पुत्र रामेश्वर ग्राम पंचायत अटारी थाना मड़िहान जनपद मिजार्पुर की शिकायत के बाद सामने आया उमेश ने 5 दिसंबर 2025 को भ्रष्टाचार निवारण संगठन मिजार्पुर इकाई को शिकायत पत्र दिया उसने बताया कि रोजगार सेवक शिव शंकर ग्राम पंचायत कुंदरूप में मजदूरी और मिस्त्री की भुगतान कर चुके थे।लेकिन पशु शेड निर्माण सामग्री के लिए बिल वाउचर का एमआईएस करने के लिए दस हजाए रिश्वत मांग रहे थे शिकायती प्रार्थना पत्र की जांच में आप सही पाए गए इसके बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने जाल बिछाया। और आज मिजार्पुर सोनभद्र स्थित ढाबे के पास आज शिकायतकर्ता की गाड़ी के अंदर आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया गया। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने आरोपी रोजगार सेवक को अपने साथ राजगढ़ थाने ले गई। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत मुकदमा दर्ज किया जा रहा है इस घटना से राजगढ़ ब्लॉक मुख्यालय मे हड़कंप मच गया है। की टीम के इकाई के निरिक्षक अशोक कुमार सिंह, अनिल कुमार चौरसिया, पतिराम यादव, दिग्विजय नाथ तिवारी, मुख्य आरक्षी पुनीत सिंह, मुकेश यादव, अमितेश सिंह, आरक्षी सूरज गुप्ता आलोक मिश्र सर्वेश तिवारी शामिल रहे।

# हरहुआ बाजार में पुलिस बल ने किया पैदल मार्च, किया व्यवसायियों, स्थानीय नागरिकों से की संवाद

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी बड़ागाँव थाना क्षेत्र के हरहुआ चौकी अंतर्गत हरहुआ बाजार में मंगलवार की शाम पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष पैदल गश्त अभियान चलाया।

अभियान में बड़ागाँव थानाध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में संचालित जिसमें हरहुआ चौकी इंचार्ज अभिषेक राय, उप निरीक्षक संदीप कुमार पांडेय,उपनिरीक्षक नन्दलाल कुशवाहा, उप निरीक्षक के0के0 वर्मा, आनंद कुमार सिंह, नीरज राय और राकेश सरोज सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

पुलिस टीम निर्धारित समय पर हरहुआ बाजार में पहुंची और क्षेत्र में व्यवस्थित रूप से पैदल मार्च किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों, राहगीरों और स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया तथा उन्हें सुरक्षा और सतर्कता के प्रति जागरूक किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में बढ़ती भीड़भाड़ के बीच कानून-व्यवस्था को मजबूत करना, असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाना और जनता में सुरक्षा का विश्वास कायम करना रहा। व्यापार मंडल हरहुआ के महामंत्री वीरेंद्र कुमार गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारियों ने अमन ,चैन व शांति बनाए रखने में पुलिस बल का समन्वय भावना के साथ हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया।

# महिलाओं के बीच कृषि कार्य के लिए मोटर पंप का हुवा वितरण

**भुनेश्वर कुमार महातो , संवाददाता – समाज जागरण**



बेरमो / डुमरी : बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र के नावाडीह प्रखण्ड ऊपरघाट स्थित बरई में मंगलवार को बोकारो जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी शशि रंजन के उपस्थिति में बरई पंचायत के महिलाओं के बीच कृषि कार्य के लिए मोटर पंप का वितरण किया गया। इस दौरान बसंती देवी, सुनीता देवी, कामेश्वरि देवी, देवंती देवी, सावित्री देवी, बॉसो देवी को कम दर में वितरण किया गया। कार्यकर्म में उपस्थित ब्लॉक रिसॉर्स पर्सन लाइवलीहुड दीपू अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार की मशीन से किसानों को आजीविका में मदद मिलेगी महिला सब्जी उपज कर ग्रामीणा बाजार में बिक्री कर अपनी आमदनी कर सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भलमारा क्लस्टर के भलमारा ,पलामू, चपरी और बरई पंचायत की समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास लाइवलीहुड के माध्यम से लगातार की जा रही है। मौके पर चंद्रशेखर मंडल, जलेश्वर महतो, महेंद्र महतो सहित कई लोग उपस्थित थे ।

# स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट ने जरूरतमंद परिवारों को बाटे 5200 कंबल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**






रामेश्वर वाराणसी।। स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित शीतकालीन सेवा अभियान पिछले एक सप्ताह से निरंतर जारी है। कड़ाके की ठंड से राहत पहुँचाने के उद्देश्य से ट्रस्ट ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का पालन करते हुए मंदिर के समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर कंबल वितरण कार्यक्रम संचालित किया है।संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज के आदेशानुसार यह सेवा-कार्य निरंतर चल रहा है, जिसके अंतर्गत अब तक कुल 5200 कंबलों का वितरण किया जा चुका है। यह कार्यक्रम स्वर्वेद महामंदिर धाम के समीपवर्ती डूबकियां, पियरी, पुरनपट्टी, पनिहरी, पर्वतपुर, नारायणपुर, खरगीपुर, उमरहाँ, तरयाँ सहित कुल दस गाँवों में सम्पन्न हुआ। प्रत्येक गाँव में स्थानीय स्तर पर जरूरतमंद परिवारों तक पहुँच बनाते हुए उन्हें ससम्मान कंबल प्रदान किए गए। वितरण के दौरान विशेष रूप से वृद्धजन, महिलाएँ, दिव्यांगजन तथा अत्यधिक आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को प्राथमिकता दी गई।सेवा अभियान के सफल संचालन में आश्रम के सेवाधारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उदय प्रताप सिंह, सुरेन्द्र यादव, रामभजन, आशुतोष, गौरव सिंह तथा अन्य समर्पित सेवकों ने गाँवझगाँव जाकर कंबलों का वितरण किया और प्रत्येक परिवार तक सेवा और करुणा की भावना पहुँचाई ।विहंगम योग संस्थान एवं स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट द्वारा अनेक सामाजिकझसेवा कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जाते रहे हैं, जिनमें रक्तदान शिविर, वस्त्र वितरण, आपदा राहत, वृक्षारोपण, निःशुल्क चिकित्सा सेवाएँ, निःशुल्क आवासीय शिक्षा आदि जनकल्याणकारी प्रकल्प प्रतिवर्ष हजारों लोगों को लाभान्वित करते हैं।

# खंड स्तरीय कृषि गोष्ठी एक दिवसीय मेले का हुआ आयोजन

**समाज जागरण**



राजगढ़ मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ के ब्लॉक मुख्यालय परिसर में आज खंड स्तरीय कृषि गोष्ठी मेले का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख राजगढ़ गजेंद्र प्रताप सिंह रहे। मुख्य अतिथि रामाशंकर सिंह पटेल ने सबसे पहले दीप प्रज्वलित किया। मुख्य अतिथि राम शंकर सिंह पटेल ने कहा कि हमारी सरकार किसानों को अनेकों प्रकार के लाभ दे रही है बे मौसम बारिश से हुए नुकसान का जल्द ही किसानों को भुगतान कर दिया जाएगा इसके अलावा उन्होंने कहा कि धान खरीद की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है किसानों को इसका लाभ भी मिलने लगा है उन्होंने कहा कि लगभग 12 वर्ष पहले किसानों को धान का समर्थन मूल्य कम मिलता था। लेकिन आज के समय में किसानों को इसका दो गुना लाभ मिल रहा है। किसानों को धान का समर्थन मूल्य 2369 रुपए मिल रहा है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि किसानों को फसल बीमा का लाभ मिल रहा है और किसान को प्रधानमंत्री सम्मान निधि का भी लाभ मिल रहा है किसान फार्मर रजिस्ट्री जल्द से जल्द कर लें इस समय जनपद में लगभग 56 प्रतिशत के लगभग किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री करा लिया है और इसी के आधार पर किसानों को आने वाले समय में खाद बीज भी उपलब्ध होगा। कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर श्रीराम सिंह ने कहा कि किसानों को बीज शोधन करके ही खेतों में डालना चाहिए जिससे सौ प्रतिशत बीजों का अंकुरण होगा और किसानों को इसका लाभ भी मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि किसानों को मिट्टी की जांच भी करनी चाहिए। किसी वैज्ञानिक डॉक्टर एस एन सिंह ने कहा कि किसान अपने घरों में गाय का पालन जरूर करें। गाय का मूत्र बहुत ही उपयुक्त होता है और उसका गोबर भी काफी लाभदायक होता है।किसानों को अपने खेतों में गाय मूत्र के अलावा गोबर का छिड़काव करना चाहिए जिससे मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ जाए और किसानों को डीएपी यूरिया का भी विकल्प मिल जाए।उन्होंने कहा कि किसानों को जैविक खेती की और आगे बढ़ना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि किसान धान गेहूं के अलावा अन्य फसलों का भी प्रयोग की खेती करें जिससे मशरूम स्ट्रॉबेरी ड्रैगन फ्रूट जिसे किसानों को अच्छा लाभ और मुनाफा होगा। इसके अलावा लगभग 10 किसानों को भी सम्मानित किया गया जिसमें पांच महिला और पांच पुरुष किसानों को मड़िहान विधायक राम शंकर सिंह पटेल के द्वारा सम्मानित किया गया। किसान महिला तारा देवी ने कहा कि गेहूं बोने के 21 दिन के बाद खेतों में पानी डाला जाए। किशन सुनील कुमार ने कहा कि बीज शोधन करके ही खेतों में डालें जिससे अंकुरण अच्छा मिले। राजगढ़ ब्लाक प्रमुख गजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मड़िहान तहसील क्षेत्र में जल्द ही टोमेटो केचप की फैक्ट्री का उद्घाटन होने वाला है उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि किसान टमाटर मिर्च कद्दू के अलावा और अन्य खेती करें जिससे किसानों को अधिक उपज और मुनाफा लाभ मिले।उन्होंने कहा कि यहां का टमाटर ज्यादा फेमस होने के नाते किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। जिसके चलते टमाटर की फैक्ट्री लगाई गई है और इससे किसानों को कम मुनाफे में अच्छा लाभ मिलेगा। जिसे टमाटर का किसानों को आर्थिक नुकसान खेतों में पड़ा होने के नाते उठाना पड़ रहा था टोमेटो केचप की फैक्ट्री खुली जाने से इसे किसानों को लाभ मिलेगा। संचालक कृषि अधिकारी राजगढ़ संतोष कुमार कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम का समापन खंड विकास अधिकारी राजगढ़ वीरेंद्र प्रताप वर्मा ने किया। जिला कृषि अधिकारी विकेश पटेल। इस मौके पर प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह राजगढ़ ब्लाक के प्रधान संघ के अध्यक्ष इंस पटेल, रामबली सिंह,सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद सिंह, सुनीता पटेल, सुजीत केसरी, प्रगतिशील किसान माया शंकर सिंह, सीताराम सिंह, वीरेंद्र सिंह, सुनील सिंह, भोला सिंह और किसान रहे रहे।

# युवाओं को रोजगार मुहैय्या कराना भाजपा सरकार की प्राथमिकता

**समाज जागरण**




वाराणसी । देश में सभी के लिए सुरक्षित ,सम्मानजनक और उत्पादक रोजगार के अवसर पैदा करना जिसमें महिलाओं और युवाओं पर विशेष ध्यान देने की सोच भाजपा सरकार में प्राथमिकता में है। वित्तिय सेवाओं तक पहुँच को लेकर सूक्ष्म,लघु और मध्यम को बढ़ावा देना और सभी के लिए वित्तीय सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करने बैंक खाते और डिजिटल वित्तीय सेवाओं के अवसर ,सरकारी और गैर सरकारी नौकरियों के अवसर आज पूरे पारदर्शिता के साथ मुहैय्या सरकार करा रही है।

उक्त बातें आज मंगलवार को 'काशी सांसद रोजगार महाकुंभ 2025 के कार्यक्रम' राजकीय आईटीआई करौंदी बीएचयू वाराणसी में अपने सम्बोधन में अजगरा विधायक टी0 राम ने अपने सम्बोधन में व्यक्त किया। वहीं अतिथियों ने युवाओं को रोजगार देकर उन्हें सम्मानित किया। विधायक का सम्मान आयोजक द्वारा बुके और स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनिल राजभर कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार,श्रीमती नेहा प्रकाश निदेशक उत्तर प्रदेश,पूनम मौर्या जिला पंचायत अध्यक्ष वाराणसी,हंसराज विश्वकर्मा विधान परिषद सदस्य भाजपा जिलाध्यक्ष वाराणसी,सौरभ श्रीवास्तव विधायक, प्रमुख सचिव डॉ0 एम0 के0 सन्मुगा सुंदरम उत्तर प्रदेश सरकार,अशोक तिवारी मेयर वाराणसी ने अपने -अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाधिकारी सत्येंद्र वाराणसी, रामप्रकाश सिंह बीरू जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा वाराणसी, आदिति पटेल विधायक प्रतिनिधि, प्रदीप अग्रहरि जिलाध्यक्ष महानगर वाराणसी, सेवापुरी,जिला महामंत्री संजयसोनकर,फौजदार शर्मा जिला तथा काफी संख्या में अभ्यर्थी शामिल रहे।

# प्रेम ज्वेलर्स सहित दो घरों में चोरी का प्रयास, दो गिरफ्तार

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 09 दिसम्बर 2025 : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आर आई टी थाना क्षेत्र के रोड नंबर 13 में बीती रात नशे में धुत युवकों में एक आभूषण दुकान और दो घरों में चोरी का प्रयास किया हालांकि स्थानीय लोगों की सतर्कता के कारण चोरी की योजना सफल हो गई।

मिली जानकारी के मुताबिक रोड नंबर 13 निवासी मिथिलेश कुमार झा और गौरी शंकर तिवारी के घर के बाहर लगे स्प्लिट एसी के कॉपर कॉइल को चोरी करने का प्रयास था। स्थानीय लोगों का कहना है कि पास में ही स्थित प्रेम ज्वेलर्स के बंद दुकान का ताला तोड़ने का प्रयास भी किया गया था। इस दौरान दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई है ।चोरों की गतिविधियां देखकर स्थानीय लोग जाग गए, इसके बाद आरोपित घबराकर मौके से भागने लगे। सुबह घटना की सूचना आर आई टी थाना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने रोड नंबर 13 के पार्क में नशा कर रहे हैं कुछ संदेहास्पद यूको को पड़कर पुलिस को सौंप दिया गया। पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज की जांच में पाया गया कि इन्हीं में से दो युवक आभूषण दुकान और घरों में चोरी करने का प्रयास में शामिल थे फिलहाल पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है और चोरी की साजिश में शामिल अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है।

# पीएचसी हरहुआ पर सुरक्षित मातृत्व दिवस में 49 गर्भवती महिलाओं की हुयी जांच

## 01 मरीजों को किया गया जिला अस्पताल रेफर।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ पर आज मंगलवार को सुरक्षित मातृत्व दिवस कार्यक्रम में कुल 49 गर्भवती महिलाओं की जॉच की गयी। 4 गर्भवती हाईरिस्क(उच्च जोखिम)में पायी गयी। 01 गर्भवती को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।540 आवश्यक जांच किया गया।



प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ डॉ संतोष कुमार ने बताया कि शिशु मृत्यु दर कम करने के उद्देश्य से हर महिने की 9 तारीख को सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया जाता है। जिसमें बीपी शुगर एचआईवी हीमोग्लोबिन आदि जांच की जाती है और मुफ्त अल्ट्रासाउंड कराया जाता है डॉ. नन्दआसरे और डॉ0 मनु चतुवेर्दी , ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक बसंत लाल श्रीवास्तव ,अपर शोध अधिकारी श्रीनाथ यादव, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सतीश गुप्ता, बीसीपीएम संगीता कुमारी , स्टाफ नर्स अंजना सिंह ,संजू कुमारी ,रोजमेरी बोथा फार्मासिस्ट विद्या प्रकाश दुबे , फार्मासिस्ट राकेश कुमार ,एल टी लक्ष्मीनारायण ,सूरज सिंह पटेल,कार्यालय सहायक पंकज कुमार सिंह,सीएचओ नेहा पटेल, नेहा झा एएनएम सुचिता सिंह, इंद्रकला, देवस्मिता ,सुनीता कुमारी, भानुमति समस्त आशा संगिनी और आशा सहित वार्ड ब्याय सेवालाल का सहयोग रहा।

# डंपी तिवारी बाबा ने बाटे जरूरतमंद लोगों को कम्बल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। लगातार बढ़ रही ठंड को ध्यान देते हुए वाराणसी जिले में रहने वाले गरीब और जरूरतमंद लोगों की सेवा कार्य करते आ रहे मिशन समाज सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डंपी तिवारी बाबा ने मंगलवार को बनियापुर गौशाला के पास रहने वाले गरीब परिवार के सदस्यों को कम्बल और ट्री शर्ट वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा ठंड सबको लगती हैं,कुछ लोगों के पास ठंड से बचने के साधन है तो कुछ लोगों को खुले आसमान के नीचे अपना जीवन यापन करना है और उन्हीं मजबूत जरूरतमंद लोगों की मददत करने का कार्य पिछले कई दिनों से करते आ रहे जिसे आगे बढ़ाते हुए आज कम्बल वितरण किया गया और आगे भी यह पुनीत कार्य जारी रहेगा।उनके साथ दुर्गेश पाण्डेय,नितिन श्रीवास्तव,अनुज मिश्रा सहित अन्य लोग शामिल रहे।




# जैविक किसान मेला का हुआ आयोजन

**किसान मेले में उमड़ी किसानों की भीड़, दी गई जैविक खेती की जानकारी**

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

मीरजापुर।। नमामि गंगे योजना द्वारा संचालित बायोसर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मझवां विकास खंड के दियाव गांव में किसान मेले का आयोजन किया गया।जिसमे किसानों को आधुनिक कृषि के बाबत नई जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर योगेंद्र कुमार सिंह ने किसानों को जैविक खेती से कम लागत में अच्छी उपज की जानकारी देते हुए, खेत में हो रही कार्बन की कमी को बढ़ाने के लिए विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया। फुलझार वर्मा ने किसानों को बीजामृत और जीवामृत बनाने और उसके प्रयोग के बारे में जानकारी दी।मेले में किसानों को जैविक खेती पर जोर देते हुए कम लागत से अधिक उपज की बारे में बताया। किसानों को शासन द्वारा किसानों के कल्याण हेतु चल रही योजनाओं, कृषि विविधीकरण की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मंगला प्रसाद पटेल, सूर्यनाथ पटेल, दिनेश पटेल, हरिहर पटेल सहित गांव के अन्य किसान उपस्थित रहे।



# बालश्रम करवाना दंडनीय अपराध है, बच्चों को पढ़ायें

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बलरामपुर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद बलरामपुर के आदेशानुसार एवं पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती ज्योति श्री (नोडल अधिकारी) के निर्देशन में थानाध्यक्ष श्री सूरज कुमार के पर्यवेक्षण में श्रम विभाग से श्री रिजवान अहमद थाना AHT से म0उ 0नि नीलोफर बानो, का 0 असलम सिद्दीकी, कांस्टेबल संजीत तिवारी,महिला आरक्षी डाली द्वारा थाना उतरौला के अंतर्गत सुहेल ऑटो सेंटर,मुन्ना ऑटो सेंटर,सबा ऑटो सेल्स व अमन मिष्ठान भंडार को चेतावनी / नोटिस देकर। बाल तस्करी से आजादी 3.0 अभियान के अर्न्तगत बालश्रम, बालभिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बचपन बचाओ आन्दोलन - एक युद्ध नशे के विरुद्ध आदि के बारे में आम जनमानस को जागरूक किया गया होटल ढाबा वर्कशॉप मालिकों को हिदायत दी गई कि बाल श्रम कराना दंडनीय अपराध है।




# गिरिडीह सांसद ने लोकसभा में उठाया छात्रवृत्ति का मुद्दा

## सांसद प्रतिनिधि सोनू चौधरी ने दिया धन्यवाद

**भुनेश्वर कुमार महातो ,संवाददाता – समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : लोकसभा में सोमवार को नियम 377 के तहत झारखंड के विद्यार्थियों की पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति समस्या को सदन में मजबूती से उठाने के लिए गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को सांसद प्रतिनिधि सोनू चौधरी ने धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के विद्यार्थियों की पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति समस्या को सदन में मजबूती से उठाने के लिए माननीय सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी जी को बहुत - बहुत धन्यवाद। उन्होंने सवाददाता को बताया कि इस सार्थक पहल से अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के हजारों आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है। साथ ही आजसू पार्टी लगातार सड़क से सदन तक जनता की आवाज को मजबूती से उठाती रही है और हर मुद्दे पर झारखंड के हक व अधिकार की लड़ाई पूरी प्रतिबद्धता के साथ लड़ रही है। वर्तमान सरकार हर मोर्चे में असफल है उसे छात्र की छात्रवृत्ति भी नजर नहीं आ रही।



## अजगर देख दंग रहे ग्रामीण वन विभाग ने सुरक्षित पकड़ा

**समाज जागरण**

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र की गुरूवल पंचायत अंतर्गत जगदीशपुर सेधरी गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक किसान की पराली में 10 फुट से अधिक लंबा विशालकाय अजगर दिखाई दिया। अचानक पराली में अजगर के लहराने की आहट से किसान समेत आसपास के ग्रामीण सन्न रह गए। देखते ही देखते मौके पर भारी संख्या में लोग जमा हो गए और अजगर को देखने के लिए मानो ग्रामीणों की कतार लग गई। सूचना पर तुरंत हरकत में आए वन विभाग के कर्मचारियों की टीम गांव पहुंची और सतर्कता के साथ अजगर को सुरक्षित तरीके से पकड़ा। विभागीय टीम ने बताया कि अजगर पूरी तरह स्वस्थ है, जिसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा जाएगा।ग्रामीणों ने वन विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए राहत की सांस ली।



## वाहनों की भिडन्त में कानपुर में तैनात चिकित्सक की मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सोमवार की देरशाम दो चार पहिया वाहन की भिडन्त में कानपुर में तैनात चिकित्सक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार हथगाम कस्बा के छिवलाहा आदर्श नगर रज्जीपुर निवासी रंगी लाल 40 वर्षीय पुत्र अवधेश यादव कानपुर में डा0 के पद पर तैनात थे। बताते है कि वह रात अपने चार पहिया वाहन से घर आ रहे थे। जैसे ही वह छिवलाहा के समीप पहुंचे तभी सामने से आ रही चार पहिया वाहन से भिडन्त हो गयी। जिससे चिकित्सक अवधेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी मिलने पर सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

## हालत बिगडने पर किसान की मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर नवादा में सोमवार की देरशाम खेत से पानी लगाकर घर वापस गये 42 वर्षीय किसान की अचानक तबियत बिगड गयी। उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर नवादा गांव निवासी स्व0 रामेश्वर का पुत्र संतोष कुमार सोमवार की शाम लगभग 7 बजे खेतों में पानी लगाकर घर वापस आया। तभी अचानक उसकी हालत बिगडने लगी परिजन उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक का पुत्र शैलेन्द्र ने बताया की पिता की ठन्ड लगने से मौत हुयी है। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिर्पोट के बाद ही मौत कारण ज्ञात हो सकेगा।

## फांसी लगा अधेड ने किया जान देने का प्रयास

**समाज जागरण**

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छीमी में 55 वर्षीय अधेड ने गांव से कुछ दूर पेड से फांसी लगाकर आत्म हत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार स्व0 रामराज का पुत्र बांके लाल ने सोमवार की शाम गांव से कुछ दूरी पर रोड़ किनारे नीम के पेड़ में रस्सी का फन्दा डाल फांसी पर लटक गया। तभी वहां से निकल रहे राहगीरो ने उसे तत्काल फांसी के फन्दे से छुडा परिजनो को सूचना दी। जिस पर परिजन मौके पर पहुंच उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज दौरान बांके लाल ने बताया कि उसका पुत्र एक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया। जिस पर पुलिस आये दिन उसके घर के चक्कर लगा रही थी। इसी आत्मग्लानी के चलते उसने घटना को अंजाम दिया है।

## पुरानी रंजिश को लेकर अधेड को पीट कर किया लहूलुहान

### समझौता न करने पर दबंग दे रहे जान से मारने की धमकी

**समाज जागरण**

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुरइन मायाराम का पुरवा में जमीनी विवाद को लेकर 48 वर्षीय युवक को गांव के ही दबंगो ने लाठी डन्डा व तमंचे की बट से मारकर घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत नहीं किया जिससे घायल का मेडिकल नहीं हो पा रहा है। जानकारी के अनुसार पुरइन मायाराम का पुरवा निवासी धीरज पाल सिंह का पुत्र भानू प्रकाश सिंह सोमवार की शाम खेत से साइकिल द्वारा घर वापस आ रहा था। पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही सूर्यप्रकाश उर्फ छोटू बलबीर सहित तीन अज्ञात लोगो ने उसे घेरकर लाठी डन्डा व तमंचे की बट से मार कर घायल कर दिया। वहीं हमलावर धमकी देते हुये मौके से फरार हो गये। उधर परिजन घर को लेकर थाने पहुंचे जहां पुलिस ने इलाज के लिए भेज दिया। तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत नहीं किया। जिसके चलते सदर अस्पताल में इलाज कर रहे भानू प्रकाश सिंह का मेडिकल नहीं हो पा रहा है। वहीं भतीजे नीरज ने बताया कि हमलावर धमकी दे रहे है कि अगर समझौता नहीं किया तो जान से मार देंगे।

## अलग- अलग सड़क हादसों में छात्रा समेत चार घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत हुये सडक हादसों के दौरान छात्रा समेत चार लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के निबियापुर गांव निवासी सीताराम की 15 वर्षीय पुत्री सावित्री देवी जो गणेश शंकर विद्यार्थी इण्टर कालेज में कक्षा 9 की छात्रा है बताते है कि जैसे ही वह स्कूल से बाहर निकली तभी बाइक सवार ने साइकिल में टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गयी। इसी प्रकार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव निवासी हीरा लाल का 24 वर्षीय पुत्र दीपक ट्रक चालक है बताते है कि वह ट्रक लेकर फतेहपुर से उन्नाव जा रहा था। जैसे ही वह लखनऊ बाईपास के पास पहुंचा तभी अचानक दूसरे ट्रक से भिडन्त हो गयी। जिससे वह घायल हो गया। उधर राधानगर थाना क्षेत्र के अन्दौली निवासी उस्मान की 60 वर्षीय पत्नी तैयबा बाइक में बैठी तभी आबूनगर के पास चलती बाइक से गिर कर घायल हो गयी। इसी तरह असोथर थाना क्षेत्र के हरनवा गांव निवासी जयराम का 38 वर्षीय पुत्र महेश बाइक से थरियांव आ रहा था तभी थरियांव कस्बा के असोथर रोड़ पर चार पहिया ने टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## जिला पंचायत के नाम पर बिना टेंडर खनन वाहनों से वसूली जारी

**समाज जागरण**

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के संगोलीपुर मोरंग खदान के रास्ते पर पिछले कई दिनों से जिला पंचायत के नाम पर खुलेआम अवैध वसूली का खेल चल रहा है। रास्ते में बिना किसी अधिकृत सूचना बोर्ड, बिना आईडी और बिना किसी अनुमोदन के कुछ लोग लाठी के बल पर मौरंग लदे वाहनों से जबरन वसूली कर रहे हैं। पैसा न देने पर चालक व मजदूरों से गाली-गलौज व मारपीट तक की नौबत बन रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार वसूली करने वाले व्यक्ति एक मकान के बाहर बैठकर स्वयं को जिला पंचायत का कर्मचारी बताते हैं और प्रति ट्रैक्टर 100 व प्रति ट्रक 400 रुपये की वसूली की जा रही है। ना तो इनके पास विभागीय अनुमति है, ना पहचान-पत्र और न ही कहीं कोई सूचना पट्ट लगाया गया है, जिससे यह पूरी तरह स्पष्ट है कि यह वसूली अवैध है।



वाहन चालकों ने बताया कि कई बार विरोध करने पर उन्हें गाली गलौज करते हुए धमकाया जाता है।

वही इस संबंध में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ज्ञानधान सिंह ने बताया कि खनन मार्गों पर वसूली के लिए जिला पंचायत की ओर से अब तक छह से अधिक बार निविदा प्रक्रिया हेतु पत्राचार किया गया, लेकिन किसी ठेकेदारों ने टेंडर नहीं लिया। ऐसे में जिला पंचायत द्वारा केवल वैध पर्चियों के माध्यम से ही नियमानुसार वसूली की जा रही है।।

## त्रिलोकपुर पुलिस द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान।

**समाज जागरण**

सिद्धार्थ नगर, जिले के त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा साहेपारा में पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन के निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ नगर व क्षेत्राधिकार डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण मंगलवार को थाना अध्यक्ष चंद्रकांत पांडेय त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देश में मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण ,एंटीरोमियो व शक्ति दीदी , एवं साइबर अपराध सुरक्षा महिलाओं को जागरूक किया गया। आपको बता दें कि महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्पलाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प, लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एंबुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्नि शमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्प लाइन , 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के संबंध में जानकारी दी गई। इस मौके पर उप निरीक्षक कृष्ण कुमार पांडेय, उप निरीक्षक तालीमुद्दीन खान , हे0 का 0 धनंजय दुबे, का0 सत्य प्रकाश यादव, म0का0 इंद्रा तिवारी , व ग्राम प्रधान मुजीबुर्रहमान खान , रिज वानखान, रामसागर और महिलाएं मौजूद रहे।




## विद्युत समस्याओं को लेकर किसान यूनियन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

### उपकेंद्रों की बदहाल व्यवस्था पर किसानों का फूटा गुस्सा

**समाज जागरण**

फतेहपुर। किशनपुर और गढ़ा विद्युत उपकेंद्रों में लगातार बिगड़ती व्यवस्था , अनियमित विद्युत आपूर्ति और विभागीय लापरवाही के विरोध में किसानों ने मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) संघ ग्रुप के नेतृत्व में उपकेंद्र पर धरना-प्रदर्शन करते हुए जिला अधिकारी को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि उपकेंद्रों पर हाईटेंशन तारें कई स्थानों पर ढीली, कम ऊँचाई पर झुकी और बिना किसी सुरक्षा मानक के लटकी हैं, जिससे बड़े हादसों का खतरा बना हुआ है। गलत आंकलन से उपभोग से कई गुना अधिक बिल जारी किए जा रहे हैं, जबकि पर्याप्त और नियमित विद्युत आपूर्ति न मिलने से सिंचाई प्रभावित है और फसलें खतरे में पड़ रही हैं। किसानों ने प्रशासन से ढीली तारों को दुरुस्त कराने, गलत बिल संशोधित करने, ट्रांसफार्मर-लाइन सुधार में तेजी लाने और उपकेंद्रों की आपूर्ति को स्थिर करने की माँग की है। किसानों की समस्याएँ सुनने के लिए मौके पर पहुँचे नायब तहसीलदार और विद्युत विभाग के अवर अभियंता ने आश्वासन दिया कि सभी बिंदुओं पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर किसान यूनियन के ज्ञापन देने वाले पदाधिकारी में जितेंद्र त्रिपाठी जिला महासचिव, अखिलेश सिंह जिला उपाध्यक्ष, दिलीप सिंह, सत्येंद्र सिंह, करण सिंह पटेल, सूरज सिंह, सत्यजीत सिंह, रामचंद्र सिंह, संतोष सिंह, सुखलाल पूरा, रामलाल, रामचंद्र विश्वकर्मा, छेदीलाल, छेदीलाल बहेरा, अनंत सिंह सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त सैकड़ों किसान बैठक और प्रदर्शन में शामिल हुए।।



## बाइक और ऑटो की हुई आपस मे टक्कर एक गंभीर रूप से हुआ घायल 108 एंबुलेंस कर्मी ने किया एंबुलेंस मे उपचार

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद टाटा मोटर्स कनेटा के पास एक बाइक सवार को ऑटो ने टक्कर मार मार दी जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप घायल हो गया। बाइक चालक 47 वर्षीय अमर पाल पुत्र दीवान सिंह निवासी ग्राम रेपुरा थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद गम्भीर रूप से घायल हो गए मौके पर हादसा देख नीरज कुमार डायल 112 के स्टाफ ने 108 एंबुलेंस पर कॉल किया और जानकारी दी जानकारी देने के उपरांत 108 सेवा इसकी जानकारी प्राप्त होते ही एंबुलेंस पर कार्यरत कर्मचारी पायलट अनिल कुमार एवं ईएमटी पद पर तैनात कर्मचारी अमित कुमार को यह सूचना मिली उन्होंने बिना देरी किये समय पर घटना स्थल पर पहुँच कर मरीज को एंबुलेंस मे शिफ्ट किया उसके बाद ईएमटी अमित कुमार ने मरीज की ड्रेसिंग की और जिला अस्पताल की तरफ गाड़ी को लेकर चल दिये रास्ते मे ईएमटी ने अपनी सूझबूझ से मरीज की हालात को देखते टेलीकम्युनिकेशन के माध्यम से कंट्रोल रूम मे मौजूद ईआरसीपी डॉक्टर प्रेम चंद्र की सलाह से मरीज निवारक दवाई व आवश्यक उपचार दिया साथ ही उचित उपकरण उपयोग करते हुए मरीज को सुरक्षित जिला अस्पताल फिरोजाबाद मे भर्ती कराया परिजनों ने एंबुलेंस कर्मी और 108 एंबुलेंस सेवा की सराहना की।



## सखी सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में 90 दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली किशोरियों व महिलाओं को किए गए प्रमाण पत्र वितरित।

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! सिलाई जैसे कौशल से महिलाएं घर बैठे रोजगार प्राप्त कर समाज में सम्मानजनक स्थान बना सकती हैंः डीपीओ संस्था का उद्देश्य समाज के वंचित तबके, विशेषकर चूड़ी कामगार परिवारों की बेटियों और महिलाओं को कौशल विकास से जोड़कर उन्हें स्वावलंबी बनाना हैः अश्वनी राजौरिया फिरोजाबाद। चूड़ी कार्य से जुड़े कामगार परिवारों की जरूरतमंद किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कोमल फाउंडेशन द्वारा सती महारानी जनकल्याण ट्रस्ट के सहयोग से संचालित ह्लसखी सिलाई प्रशिक्षण केंद्रह्व इंदिरा नगर, जलेसर रोड पर 90 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली प्रतिभागी किशोरियों एवं महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रोबेशन अधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को हुनर के साथ आत्मविश्वास भी प्रदान करते हैं, जिससे वे स्वरोजगार अपनाकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकती हैं। सिलाई जैसे कौशल से महिलाएं घर बैठे रोजगार प्राप्त कर समाज में सम्मानजनक स्थान बना सकती हैं। सती महारानी जनकल्याण ट्रस्ट की ट्रस्टी युवरानी शांभवी सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं और किशोरियों को कौशल प्रशिक्षण देना सामाजिक उत्थान की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि सिलाई प्रशिक्षण जैसी पहल से महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगी और अपने परिवार तथा समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। ट्रस्ट आगे भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में सहयोग करता रहेगा। कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया ने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज के वंचित तबके, विशेषकर चूड़ी कामगार परिवारों की बेटियों और महिलाओं को कौशल विकास से जोड़कर उन्हें स्वावलंबी बनाना है। भविष्य में भी इसी प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर चलाए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षुओं को जिला प्रोबेशन अधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह एवं कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर प्रशिक्षिका श्रीमती रेनू शर्मा, रेशमा कुशवाहा, अंजलि राठौर, नीलोक शर्मा, सुनीता देवी, रिया राठौर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




## जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के मॉडलों की कैबिनेट मंत्री ने की भूरि भूरि प्रशंसा

**समाज जागरण**

सिरसागंज! विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद शत्रोहन वैश्य की सहमति एवं निर्देशन में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार, जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन एवं निदेशक दीपक जादौन के संयोजन में प्रवीन विद्यापीठ, सिरसागंज में किया गया। कार्यक्रम का उदघाट्न मुख्य अतिथि ठा. जयवीर सिंह, कैबिनेट मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार, नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा श्रीमती रंजना गुरुदत्त सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेंद्र कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय, अशोक जैन रपरिया, दीपक जादौन एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने किया। तदुपरान्त विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वन्दना, स्वागत गान एवं अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जयवीर सिंह ने विद्यार्थियों के मॉडलों का अवलोकन करके उनके मॉडलों की सराहना की। उन्होंने भारत के वैज्ञानिकों को नमन करते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने बाल वैज्ञानिकों को राष्ट्र हित को सर्वोपरि बताते हुए भविष्य के वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा का कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साथ जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के कार्यों की सराहना की। रंजना सिंह ने सभी मॉडलों की सराहना करते हुए उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सराहा। धीरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को विज्ञान के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान करते हुए सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्रधानाचार्य के कार्य की सराहना की। आशीष कुमार पाण्डेय ने जनपद के सभी विद्यार्थियों को अधिक से अधिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस जनपद स्तरीय प्रदर्शनी में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 152 मॉडलो के साथ 290 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें विद्यार्थियों के मॉडलों ने सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। जिसमें आर्मी सिक्युरिटी, पिलर इलेक्ट्रिक सेफ्टी, एयर पॉल्युशन, रिवर क्लीनिंग, फायर सेफ्टी, कार्बन कैचर, न्यूक्लियर सिस्टम, सोलर प्लांट, स्मार्ट सिटी आदि मॉडल प्रस्तुत किए गए। जिसमें प्रथम स्थान वाशुदेव, द्वितीय स्थान आदित्य प्रताप, तृतीय स्थान स्नेहा, चतुर्थ स्थान पृथ्वी एवं पंचम स्थान सनी ने प्राप्त किया। जिन्हें क्रमशः जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद की ओर से क्रमशः 5000, 3000, 2000, 1000 एवं 1000 रुपये की धनराशि आर टी जी एस के माध्यम से प्रदान की जाएगी। इसी के साथ अन्य विद्यार्थी क्रमशः प्रवीन आंनद, सत्यम शर्मा, आदित्य, हर्ष, रिमझिम, आशीष, गुरु प्रिया, पावनी, कपिल और राजीव के मॉडल भी मण्डल स्तर पर चयनित किए गए। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन आर के तेनगुरिया, रत्नेश कुलश्रेष्ठ, ध्रुव कान्त तिवारी एवं अंकित कुमार ने किया। सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद की ओर से प्रमाण पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अश्वनी कुमार जैन ने एवं आभार प्रदर्शन दीपक जादौन ने किया। कार्यक्रम में अंशुल खंडेलवाल, रोहित भदौरिया, ललिता वशिष्ठ, विशाल वर्मा, सुनील जैन, रजनीश यादव, प्रदीप जादौन, प्रिंस सिंह, लोकेन्द्र सिंह, अंजना शर्मा, रहीसुद्दीन, अजीत कुमार, अमन कुमार, कार्तिक, मनोहर सिंह आदि के साथ समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



## जिला अधिकारी ने ईआरओ एईआरओ और सुपरवाइजरो के साथ की समीक्षा बैठक

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद जिलाधिकारी रमेश रंजन ने विधानसभा 97-फिरोजाबाद के अंतर्गत चल रहे एसआईआर प्रकिया के तहत किए गए कार्यों के मूल्यांकन हेतु समस्त इस विधानसभा से सम्बन्धित ईआरओ, एईआरओ और सुपरवाइजरों के साथ बूथवार कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में समीक्षा की, खासकर उन सुपरवाइजरों और बीएलओ की जिनकी बीएलओ मैपिंग में प्रगति अत्यंत खराब है, उन सभी सुपरवाइजरों और बीएलओ को चार्जशीट देने की बात जिलाधिकारी ने की, बूथ संख्या, 21, 14, 15, 16, 56, 103, 233, 221 की बीएलओ मैपिंग की प्रगति अत्यंत खराब पाई गयी। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान पाया गया कि एईआरओ, (खण्ड शिक्षाधिकारी) ओम प्रकाश अकेला का बीएलओ मैपिंग का कार्य अत्यंत खराब है, जिस पर जिलाधिकारी ने एडीएम नमामि गंगे और नगर मजिस्ट्रेट को लगाकर कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान पाया कि जिन बूथों पर बीएलओ मैपिंग का डाटा अत्यंत खराब स्थिति में है, वहां उप निदेशक कृषि को निर्देशित किया कि वह अपनी टीम के साथ बीएलओ मैपिंग का कार्य ठीक कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिन बूथों पर नो मैपिंग का डाटा अधिक है, उसको मैप कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया और जिन सुपरवाइजर व बीएलओ की प्रगति इसमें खराब है, उनको भी चार्जशीट देने हेतु निर्देशित किया। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी विशु राजा, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविन्द द्विवेदी, सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सहित पाण्डेय सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।



## कामाख्या धाम में मतदाता पुन: गहन परीक्षा (एसआईआर) अति आवश्यक बैठक का आयोजन

**समाज जागरण-ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! जसराना के कामाख्या धाम में नव-निर्वाचित जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह का भव्य स्वागत व अभिनन्दन किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने उन्होंने पार्टी द्वारा चलाये जा रहे अभियान व अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की एवं मतदाता गहन पुनः परीक्षण निमित्त जसराना मण्डल एवं अवंतीबाई मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकताओं तथा बीएओ से आह्वान किया इस अभियान में कोई भी पात्र मतदाता छूट न पाए सभी कार्यकताओं को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।एसआईआर लोकतांत्रिक चुनाव प्रणाली को पारदर्शी बनाने का बेहतर कदम है। एसआईआर के कार्य में लगे पार्टी के सभी कर्मशील कार्यकर्ता मतदाताओं की सहायता के लिए घर-घर संपर्क कर उनका फॉर्म सुदृढ़ रूप से भरवाने के लिए निरंतर अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं।हम सबका संकल्प हर पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल हो, मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख रूप से कामाख्या धाम के पीठाधीश महेश स्वरूपानंद, डॉ अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता / मीडिया प्रभारी , जिला पंचायत सदस्य इंजीनियर राजीव लोधी, अमलेद्र लोधी, एलडीबी अध्यक्ष नीलकमल यादव, मुनेंद्र चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूरन सिंह लोधी, पंडित सतीश चंद्र, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ शर्मा, दिनेश लोधी ठेकेदार अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# जमुना- कोतमा में एटक यूनियन की नई ऊर्जावान टीम का गठन

## प्रमोद खनडई बने क्षेत्रीय अध्यक्ष, अयाज अली को मिला सचिव का दायित्व – मजदूर हित सर्वोपरिः अजय विश्वकर्मा

**समाज जागरण**




जमुना-कोतमा,एटक यूनियन के लिए आज का दिन विशेष रहा संयुक्त कोयला मजदूर संघ, एटक एसईसीएल जमुना-कोतमा क्षेत्र की आवश्यक बैठक क्षेत्रीय कार्यालय जमुना कॉलोनी में एसईसीएल महामंत्री अजय विश्वकर्मा की अगुवाई में सम्पन्न हुई बैठक में संगठन की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया, जिससे यूनियन में नई ऊर्जा और मजबूती का संचार हुआ है
मंच पर प्रभारी के रूप में रवींद्र शुक्ला सोहागपुर अशोक पांडे जोहिला क्षेत्र, महेश यादव बैकुंठपुर क्षेत्र तथा संजय सिंह, उपाध्यक्ष हसदेव क्षेत्र उपस्थित रहे

**अजय विश्वकर्मा का मजदूर हित में कहा कि**

एटक का मूल लक्ष्य मजदूरों के अधिकार और सम्मान की रक्षा है नई कार्यकारिणी मजबूत नेतृत्व के साथ मजदूर हित में निर्णायक भूमिका निभाएगी सर्वसम्मति से प्रमोद खनडई क्षेत्रीय अध्यक्ष, अयाज अली - क्षेत्रीय सचिव, पंचू यादव कोषाध्यक्ष , कैसर अली - कार्यवाहक अध्यक्ष, मुरलीधर, मुबारक अली, धनेश कुमार उपाध्यक्ष, अमन कुमार, संजय दुबे, संतोष श्रीवास्तव सह सचिव, तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजाराम, अबू बख्श, अभिजीत नायर, कामरेड अहमद, विकास तिवारी, अनिल ठाकुर, उत्कर्ष सिंह, प्रेमलाल राम, समूच, कमल रजक, स्वरूप सिंह, वी. रूप सिंह शामिल किए गए बैठक में निशा मिश्रा, मुबारक अली सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने नई टीम को समर्थन और शुभकामनाएँ दीं युवा नेतृत्व की नियुक्ति से संगठन में नई ऊर्जा और विस्तार की संभावना और मजबूत हुई है

# शिवसेना कोतमा नगर प्रमुख बरकत कुरैशी ने अनूपपुर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे मध्य प्रदेश प्रमुख सुनील जी शर्मा के आदेश पर शिवसेना मध्य प्रदेश राज्य उपप्रमुख दुर्गेश गुप्ता और शिवसेना संभाग प्रमुख पवन पटेल के निर्देश पर कोतमा नगर प्रमुख बरकत कुरैशी ने आज दिनांक 09/12/2025 को अनूपपुर जिला कलेक्टर हर्षल पंचोली जी के नाम कोतमा अनुविभागीय दंडाधिकारी को ज्ञापन सौंप मांग की है कि कोतमा विकासखंड अंतर्गत छात्रावासों में शिक्षक लंबे समय से अधीक्षक बने हुए हैं । जबकि पूर्व में भी आपके कार्यालय से संलग्नीकरण समाप्त करके शिक्षकों को विद्यालय में मूल कार्य हेतु मुक्त करने का आदेश दिया गया था किंतु कोतमा विकासखंड के छात्रावासों में कोई कार्यवाही नहीं की गई । यहां तक कि कुछ बालिका छात्रावासों में अधीक्षिका के परिवार का आना जाना लगा रहता है जबकि कुछ शिक्षकों को एक से अधिक छात्रावास का प्रभार दे दिया गया है। बालिका रात्रि के समय केवल चौकीदार के भरोसे रहती हैं। उचित मामले को संज्ञान में लेकर जल्द से जल्द कार्यवाही करने की कृपा करें अन्यथा शिवसेना उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।
उक्त ज्ञापन सौंपते समय कोतमा नगर प्रमुख बरकत कुरैशी, सचिन केवट, निजाम अंसारी, वाशिद ,शाहरुख खान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की चयनित सक्रियता पर उठ रहे सवाल

## पाली में वर्षों से चल रही आटा इकाइयों पर कार्रवाई शून्य त्योहारों में ही जागता विभाग?

**समाज जागरण**

उमरिया --- उमरिया जिले के कोयलारी क्षेत्र में आटा निर्माण इकाई पर बड़ी कार्रवाई के बाद अब पाली नगर में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यशैली को लेकर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। नगर में वर्षों से संचालित आटा निर्माण कंपनियों पर विभाग की नजर न पड़ना लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या अधिकारी जानकर भी अनजान बने हुए हैं या फिर कार्रवाई सिर्फ चुनिंदा मौकों तक सीमित है? स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि त्योहारों के दौरान तो विभाग सक्रिय दिखता है लेकिन बाकी समय कार्रवाई लगभग शून्य रहती है। इसी ढिलाई का नतीजा है कि पाली क्षेत्र में आए दिन थोक में एक्सपायरी डेट का माल दुकानों तक पहुँच जाता है, जिसकी शिकायतों पर भी विभाग केवल खानापूर्ति कर मामले रफादफा कर देता है। बाजार में यह भी चर्चाएँ गर्म हैं कि कुछ आटा निर्माण इकाइयाँ लंबे समय से बिना किसी प्रभावी निरीक्षण के संचालित हो रही हैं। मानकों के अनुपालन स्वच्छता और लेबलिंग को लेकर इन इकाइयों की स्थिति क्या है इस पर विभाग की चुप्पी नए सवाल खड़े करती है।
जनता और व्यापारी संगठन मांग कर रहे हैं कि पाली क्षेत्र में सभी खाद्य निर्माण एवं पैकिंग इकाइयों का व्यापक निरीक्षण किया जाए ताकि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों पर अंकुश लगे और विभाग पर उठ रहे अविश्वास के बादल छंट सकें।
अब देखना यह है कि लगातार उठती आवाजों के बीच खाद्य सुरक्षा विभाग अपनी कार्यप्रणाली में सुधार दिखाता है या फिर कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रह जाएगी।

# दो दशक बाद भी सांस को नहीं मिली आशा कार्यकर्ता

### स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली ---राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत भारत सरकार ने गांवों तक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए आशा कार्यक्रम की शुरूआत वर्ष 2005 में रखते हर गांव में सोशल हेल्थ एक्टिविस्ट वर्कर गाँव गाँव में रखा जाना था। यह आशा कार्यकर्ता ग्रामीण स्वास्थ्य प्रणाली की पहली लाइन के रूप में काम करती है, लेकिन खेद जनक कहा जाये की उमरिया जिले में आज भी ऐसे गाँव है जहाँ पर दो दशक बीत जाने के बाद भी आशा कार्यकर्ता की नियुक्ति नही की जा सकी। उमरिया जिले का आदिवासी विकास खंड पाली के कठई ग्राम पंचायत का बैगा गाँव सांस जहाँ पर शत प्रतिशत बैगा निवास रत वहाँ भारत सरकार के राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की नजर आज तक नहीं पहुंची। आशा कार्यकर्ता की नियुक्ति को लेकर अनेकों बार ग्राम सभा की बैठक में प्रस्ताव पारित कर आशा कार्यकर्ता की नियुक्ति संबंधित प्रस्ताव और मूल आवेदन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली में बी पी एम जियाउद्दीन खान को देकर आवेदन किया गया है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझा। आश्चर्य जनक कहा जाये की आशा कार्यक्रम को दो दशक पूरे होने के बाद आज तक आशा कार्यकर्ता की नियुक्ति न हो पाना विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली को उजागर कर रही है की आखिर कार सांस में आशा कार्यकर्ता की नियुक्ति में और कितने दशक लगेगे

# पथ विक्रेता, रेहड़ी, फेरी वाले पीएम स्वनिधि योजना का उठाये लाभ, करायें आनलाइन आवेदन

**समाज जागरण**
**दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। परियोजना अधिकारी डूडा ने बताया है कि जून 2020 में शुरू की गयी प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना ने प्रदेश के 1392 लाख स्ट्रीट वेण्डर्स को सफलता पूर्वक लाभान्वित किया गया है। केन्द्रीय मंत्रीमंडल ने हाल ही में मार्च 2030 तक पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन और विस्तार को मंजूरी दे दी है। इस योजना को अब वित्तीय समावेशन को व्यापक बनाने डिजिटल लेन देन अपनाने को बढ़ावा देने क्षमता निर्माण और वेण्डर्स और उनके परिवार को सामाजिक आर्थिक उत्थान को सुनिश्चित करके इसके प्रभाव को व्यापक बनाने के लिए पुनर्गठित किया गया है। २ नगर पालिका परिषद/समस्त नगर पंचायतों मे प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेन्डर्स आत्मनिर्भर निधि योजना (पी0एम0स्वनिधि) योजना के अंतर्गत पथ विक्रेता, रेहड़ी, फेरी वालो को रुपए 15000 तक की कार्य करने हेतु ऋण की सुविधा बैंको के माध्यम से प्रदान की जाती है। ऋण वापसी एक वर्ष मे 12 मासिक किस्तो के माध्यम से वापस करना होता है। किसी भी प्रकार की बैंक गारन्टी नही देय है। समय पर/समय से पहले ऋण वापसी करने पर 7 प्रतिशत की दर से ब्याज सब्सिडी मिलेगी। डिजिटल लेनदेन करने पर 50-100 रुपए तक की मासिक कैशबैक मिलेगा, प्रथम ऋण समय से वापसी पर द्वितीय किश्त 25000 रुपए व द्वितीय किश्त वापसी पर तृतीय किश्त 50000 रुपए ऋण बैंको के माध्यम से प्रदान किया जाता है। प्रथम ऋण के नये आवेदन ऑनलाइन आवेदनों की ऋण स्वीकृति, डिजिटली इनएक्टिव वेण्डर्स, वेण्डर्स प्रोफाइलिंग एवं स्कीम लिंकेज को दृष्टिगत प्रत्येक नगर निकायों में प्रत्येक दिवस लक्ष्य निम्नवत निर्धारित किया जाता है।
उन्होने बताया है कि नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ में प्रत्येक दिवस 10 प्रथम ऋण के नये आवेदन ऋण स्वीकृति वेण्डर्स प्रोफाइलिंग एवं स्कीम लिकेज का लक्ष्य, प्रत्येक नगर पंचायत में प्रत्येक दिवस 5 प्रथम ऋण के नये आवेदन ऋण स्वीकृति वेण्डर्स प्रोफाइलिंग एवं स्कीम लिकेज का लक्ष्य है। प्रोफाइलिंग में छूटे हुये वेण्डर्स एवं उनके परिवार के सदस्यों की प्रोफाइलिंग एवं स्कीम लिंकेज कराना। पीएम स्वनिधि योजना का लाभ समस्त नगर निकाय में संचालित हैं, वेण्डर्स अपना आनलाइन आवेदन नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ एवं नगर पंचायत प्रतापगढ़ मे करा सकते हैं।

# जिले में अवैध रेत उत्खनन और ओवरलोडिंग ने तोड़ा प्रशासन का दावा

**समाज जागरण**

शहडोल ।जिला इन दिनों अवैध रेत उत्खनन और ओवरलोड परिवहन का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। नदियों के घाटों से रात के अंधेरे में रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है, जबकि दिन में ओवरलोड रेत से भरे डंपर और ट्रक बिना रोक-टोक सड़कों पर दौड़ते नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई है।

जानकारों के अनुसार जिले की प्रमुख नदियों और आसपास के रेत घाटों पर नियमों को ताक पर रखकर मशीनों से उत्खनन कराया जा रहा है। कई स्थानों पर तो नदी के बीच तक जेसीबी मशीनें पहुंचाई जा रही हैं, जिससे नदी का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ रहा है और पर्यावरणीय संतुलन पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। अवैध उत्खनन के साथ-साथ ओवरलोड रेत परिवहन भी बड़ी समस्या बन चुका है। ग्रामीण और शहरी मार्गों पर क्षमता से कहीं अधिक रेत लादकर वाहन चलाए जा रहे हैं। इससे जहां सड़कें कम समय में जर्जर हो रही हैं, वहीं आम लोगों की जान भी खतरे में पड़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रात के समय तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही के कारण हादसों का डर बना रहता है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। सूत्रों का आरोप है कि रेत माफिया के नेटवर्क के आगे संबंधित विभाग असहाय नजर आ रहे हैं। खनिज विभाग, परिवहन विभाग और पुलिस के बीच समन्वय की कमी के कारण अवैध कारोबार निर्बाध रूप से फल-फूल रहा है। कभी-कभार दिखावटी कार्रवाई जरूर होती है, लेकिन उसमें भी छोटे चालकों पर जुमार्ना लगाकर बड़े लोगों को छोड़ दिया जाता है। इस अवैध कारोबार का सीधा असर शासन के राजस्व पर भी पड़ रहा है। सरकार को मिलने वाला करोड़ों रुपये का राजस्व चोरी के रास्ते माफियाओं की जेब में जा रहा है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों को महंगी रेत खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है, क्योंकि वैध आपूर्ति व्यवस्था ठीक से संचालित नहीं हो रही। जिले के अंतर्गत व्यवहारी में एक सफेदपोस नेता के संरक्षण में बुढ़वा बाणसागर जनकपुर आदि स्थानों से रेत का उत्खनन किया जा रहा है वही सुहागपुर थाना के अंतर्गत भी अनेक स्थानों से रेत का खनन किया जा रहा है कुछ यही हाल बुढार थाने क्षेत्र के अंतर्गत जलवाही बटली घाट का भी है जहां से बुढार एवं अन्य क्षेत्र के बालू माफियाओं द्वारा सुनहरी बालू का अवैध कारोबार बढ़ने से किया जा रहा है। पर्यावरणविदों का कहना है कि यदि समय रहते अवैध रेत उत्खनन नहीं रोका गया, तो इसका असर आने वाले वर्षों में और भी गंभीर दिखाई देगा। नदी की धाराएं बदलने, भूजल स्तर गिरने और आसपास के गांवों में कटाव जैसी समस्याएं बढ़ेंगी। इसके बावजूद प्रशासनिक सख्ती का अभाव समझ से परे है। जिले के नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध रेत उत्खनन और ओवरलोड परिवहन के खिलाफ स्थायी और प्रभावी कार्रवाई की जाए। सिर्फ छापामार कार्रवाई नहीं, बल्कि दोषी अधिकारियों और माफियाओं पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए, ताकि कानून का भय स्थापित हो सके। अब बड़ा सवाल यही है कि क्या प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ठोस कदम उठाएगा या फिर कटनी जिला रेत माफियाओं की गिरफ्त में यूं ही फंसा रहेगा।

# 20 वर्षों से नगर निगम जनता को नहीं दे पाई मीठापानी, सीवर लाइन – गुरमीत सिंह मंगू

**समाज जागरण**

रीवा।स्वच्छता की रैंकिंग में रीवा महानगरों के बाद भले नंबर एक में पहुंच गया हो लेकिन हकीकत से वाकिब निगम प्रशासन भी है, स्थिति यह है कि 20 वर्ष से अधिक हो गए फिर भी रीवा की जनमानस को मीठा पानी नहीं मिल पाया, शहर के वार्डों की नालियों की हालत भी बद से बद्तर हैं। यही नहीं मोहल्लों में जो भी सड़क चलने लायक थी उसे भी सीवर लाइन के बहाने खोद कर खराब कर दिया गया इसके बाद भी विकास की लगातार बातें हो रही है। उक्त विचार कांग्रेस प्रदेश महासचिव आमआदमी के सिपाही गुरमीत सिंह मंगू ने शहर के मोहल्लों में सीवर लाइन के नाम से खोदे गए सड़कों से परेशान हो रही शहर की जनता को देखते हुए निगम आयुक्त को लिखे पत्र में व्यक्त किया व आगे कहा कि शहर का दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि 20 वर्षों में नगर में कई महापौर हुए, और कई आयुक्त भी पदासीन हुए जो अपने-अपने तरीके से कार्य किए, वर्तमान में आप हैं, आप भी अपने तरीके से अच्छा करने की बात करते हैं और कार्य भी कर रहे है बावजूद जमीन और वार्डों के अंदर न विकास की झलक दिख रही व न ही स्वच्छता का दर्शन। ऐसा क्यों मंथन करने की जरूरत है? उन्होंने आगे कहा कि इस समय यह जरूर दिख रहा है और जन चर्चा भी है कि निगम सिर्फ अवैध कालोनियो को चिन्हित करने तथा कालोनी बनाने वाले, भूमि की जमीदार व प्लाट खरीदने वालों को नोटिस देकर राशि वसूल कर बैध कॉलोनी करने में माहिर है जबकि पहले शहर के मोहल्लों की आवश्यक समस्याओं का समाधान करना चाहिए जैसे मीठा पानी, नाली, गंदगी व टूटी हुई सड़क दुरुस्त कराना चाहिए जिससे लोगो को महानगर में रहने का एहसास हो किंतु ऐसा अभी भी नहीं हो पा रहा

है यह दर्द हर शहरवासियों को है। गत 20 वर्षों में पिछले महापौर व प्रशासनिक अधिकारी के कार्यकाल के बारे में कोई बोलेगा बहुत अच्छा था कोई बोलेगा बहुत खराब था लेकिन सच यह है कि सभी अपने स्तर से जो भी किए उसके लिए उन्हे धन्यवाद। उन्होंने आगे कहा कि शहर की स्थिति यह है जनता को मीठा पानी और सीवर सिस्टम चौदहवीं की चांद की तरह है वह कब साकार होगा यह आशा शायद 2026 में हो जाय। कांग्रेस नेता श्री मंगू ने निगम आयुक्त के नाम संबोधित पत्र की प्रतिलिपि महापौर व निगम स्पीकर को भेजते हुए आग्रह किया

कि कॉलोनी में संपत्ति कर पर कर, व्यापारियों पर टैक्स पर टैक्स लगाया जा रहा है उसके एवज में कम से कम लोगों को शुद्ध मीठा पानी और व्यवस्थित सीवरेज सिस्टम, चलने लायक सड़क उपलब्ध करा कर नव वर्ष की सौगात तो जरूर दे दे। जिससे शहर वासियों को नव वर्ष में तो राहत मिल जाए।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अनूपपुर नगर इकाई द्वारा तुलसी महाविद्यालय की तालाबंदी कर किया उग्र आंदोलन।

**समाज जागरण**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आज अनूपपुर शहर के सबसे बड़े महाविद्यालय तुलसी कॉलेज की तालाबंदी कर 3 घंटे तक उग्र आंदोलन किया गया, आंदोलन के दौरान विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं का कहना है कि यदि जल्दी ही समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो छात्र सड़क पर बैठकर भी आंदोलन करेगा जिसका जिम्मेदार महाविद्यालय प्रशासन होगा ।आए दिन देखा जाता है कि महाविद्यालय की छात्र-छात्रा कई समस्याओं को लेकर परेशान रहते हैं जैसे हाल ही में आए प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम को लेकर छात्र में आक्रोश है, नियमित कक्षाओं का संचालन न होना ,महाविद्यालय परिसर के अंदर शिक्षक नशा करके आते हैं, छात्र-छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु सुरक्षा कर्मियों की व्यवस्था का ना होना जिसके कारण बाहर के असामाजिक तत्व कॉलेज में प्रवेश करते हैं, अंकसूची, टीसी के नाम पर पैसा वसूली का काम किया जाता है, छात्रों के लिए पेयजल शौचालय व्यवस्था व छात्राओं के लिए सेनेटरी वेंडिंग मशीन की व्यवस्था का ना होना ,शिक्षकों द्वारा बच्चों को गुमराह करना, कुछ विषयों के शिक्षक न होना, जन भागीदारी मदद से महाविद्यालय में कराए गए कार्यों में धाधलेबाजी करना ,लाइब्रेरी को संचालित ना करना, महाविद्यालय के जमीन पर निर्मित खेल मैदान का आधिपत्य नगर पालिका की वजह महाविद्यालय को देना, महाविद्यालय के दोनों मुख्य द्वारों पर सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था करना, छात्रों के लिए प्रैक्टिकल व्यवस्था करना बस की व्यवस्था करना, आदि कई प्रमुख मांगों को लेकर आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं तुलसी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मिलकर महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर उग्र आंदोलन किया । आंदोलन के दौरान अनुविभागीय रव्ह अधिकारी व महाविद्यालय के प्राचार्य उपस्थित रहे । जिला प्रशासन एवं महाविद्यालय प्रशासन के माध्यम से यह आश्वासन दिया गया की 15 दिवस के अंदर सारी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा ।
यदि इन प्रमुख मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो विद्यार्थी परिषद पुनः उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा जिसका जिम्मेदार महाविद्यालय प्रशासन होगा।
आंदोलन ज्ञापन को सफल बनाने में प्रमुख रूप से जिला संगठन मंत्री शिवेंद्र चतुर्वेदी, विभाग संयोजक अखिलेश सिंह, प्रणव मिश्रा, प्रांत कार्यकारिणी लवकुश रौतेल, नगर मंत्री अभिषेक तिवारी ,राजा, दीपक ,प्राची, निशि, सिमरन, नैना, शिवा, शुभम, जय, अमन परिहार, अजय , धीरेंद्र आदित्य शिवम ,सतीश ,लोचन आस्था, इल्मा कल्पना आसमा, आयुष, अरमान सौरभ आदि कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांग्रेस में नई ऊर्जा का संचार- सुनील शराफ राष्ट्रीय समन्वयक, आशुतोष कुमार आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष,अनूपपुर में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत

**समाज जागरण**



अनूपपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा कोतमा विधानसभा के पूर्व विधायक सुनील शराफ को राष्ट्रीय समन्वयक तथा मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पुष्पराजगढ़ विधायक के पुत्र आशुतोष कुमार को अनूपपुर जिला आदिवासी कांग्रेस का जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद दोनों पदाधिकारियों का आज अनूपपुर में प्रथम आगमन ऐतिहासिक एवं उत्साहपूर्ण रहा। उनके आगमन पर जिलेभर से जुटे कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने अनूपपुर रेलवे स्टेशन पर ढोलझनगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। स्टेशन से कांग्रेस पार्टी कार्यालय तक एक उत्साहपूर्ण रैली निकाली गई, जिसमें बड़े-बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक का खासा उत्साह देखने मिला। पार्टी कार्यालय में स्वागत-सम्मान एवं उत्साहपूर्ण माहौल कांग्रेस कार्यालय सभागृह में आयोजित सम्मान समारोह में जिलेभर के वरिष्ठ नेताओं, ब्लॉक पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे विधायक पुष्पराजगढ़ फुंदेलाल सिंह मार्को, कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डू चौहान, अनूपपुर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह, वारिष्ट कांग्रेस नेता आशीष त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस रजन कुमार राठौर,जिलाध्यक्ष युवक कांग्रेस मानवेंद्र मिश्रा, जिलाध्यक्ष एन एसयूआई रफीक अहमद साथ ही सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता एवं सैकड़ों कार्यकताओं ने उपस्थिति दर्ज की। नवनियुक्त पदाधिकारियों का उद्बोधन संगठन को एकजुट करने पर जोर पिछड़ा वर्ग विभाग के नवनियुक्त राष्ट्रीय समन्वयक सुनील शराफ ने अपने उद्बोधन में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को के नेतृत्व में वरिष्ठ नेताओं एवं जिला संगठन की टीम ने लगातार कांग्रेस को एकजुट और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह विश्वास और समर्थन हमारी जिम्मेदारी को और बड़ा करता है। इसके साथ ही, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह ने सभी कार्यकताओं से एकजुट होकर कांग्रेस संगठन को और मजबूत बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस को मजबूती से खड़ा करने के लिए सामूहिक प्रयास बेहद जरूरी है। वरिष्ठ नेता से आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त कार्यक्रम पश्चात दोनों नवनियुक्त पदाधिकारी अपने साथ मौजूद वरिष्ठ नेताओं के साथ पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रेम कुमार त्रिपाठी के निवास पहुंचे। यहां उन्होंने उनका हाल-चाल जाना और संगठन की आगामी रणनीतियों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

कार्यकताओं में उत्साह -जिले में नई ऊर्जा नवनियुक्त पदाधिकारियों के प्रथम आगमन पर दिखा जोश इस बात का संकेत था कि अनूपपुर कांग्रेस में नई ऊर्जा और नए उत्साह का संचार हो चुका है। कार्यकताओं में यह विश्वास दिखाई दिया कि नए नेतृत्व के साथ संगठन एकजुट होकर जिले में कांग्रेस को और अधिक मजबूत करेगा।

# कोल्ड स्टोरेज में स्टोर किये गये आलू को 15 दिन के भीतर न उठाने पर मिलेगी नोटिस

**समाज जागरण**
**दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि जनपद में संचालित निजी शीतगृहों में भण्डारित आलू के निकासी का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। उन्होने बताया है कि वर्तमान में जनपद के निजी शीतगृहों में आलू भण्डारण की अवधि 15 फरवरी से 30 नवम्बर तक निर्धारित है जिससे कि किसानों को शीतगृहों से भण्डारित आलू की निकासी हेतु पर्याप्त अवसर मिल सके। उ0प्र0 कोल्ड विनियमन अधिनियम-1976 में यह व्यवस्था निर्धारित है कि किरायादाता/कृषक कोल्ड स्टोरेज में स्टोर किये गये माल को रसीद में उसके लिए विनिर्दिष्ट दिनांक से, पन्द्रह दिन की अवधि के भीतर न उठाये तो लाइसेन्सधारी/शीतगृह स्वामी द्वारा किरायादाता/कृषक को तुरन्त उसका नोटिस देगा, जिसमें उससे (किरायादाता/कृषक) सम्यक रूप से उन्मोचित रसीद अभ्यर्थित करने और लाइसेन्सधारी/शीतगृह स्वामी को देय समस्त प्रभार का भुगतान करने के पश्चात माल को तुरन्त उठाने की अपेक्षा की जायेगी और ऐसे नोटिस की एक प्रति लाइसेन्स अधिकारी/जिलाधिकारी को भेजेगा। यदि किरायादाता/ कृषक नोटिस का पालन उसे तामील किये जाने के दिनांक से सात दिन की अवधि के भीतर न करे वहां लाइसेन्सधारी/शीतगृह स्वामी माल को कोल्ड स्टोरेज से हटवा सकता है और उसे किरायादाता/कृषक के खर्च और जोखिम पर सार्वजनिक नीलाम द्वारा बिकवा सकता है, परन्तु लाइसेन्सधारी /शीतगृह स्वामी लाइसेन्स अधिकारी / जिलाधिकारी को ऐसी बिक्री की सूचना बिक्री के कम से कम अड़तालीस घण्टे पूर्व देगा और लाइसेन्स अधिकारी/जिलाधिकारी ऐसी बिक्री का पर्येक्षण या तो स्वंय या अपने द्वारा उस निर्मित प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से करेगा।

उन्होने कहा कि उ0प्र0 कोल्ड विनियमन अधिनियम-1976 में निर्धारित उक्त व्यवस्था का सम्बन्धित द्वारा अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

# जनपद की ग्राम पंचायतों में 12 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक किसान पाठशाला का होगा आयोजन

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया है कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में रबी वर्ष 2025-26 में दिनांक 12 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2025 तक जनपद में दो दिवसीय किसान पाठशाला (किसानों की बात-किसानों के साथ) का आयोजन 17 विकास खण्डों के 444 ग्राम पंचायतों में आयोजित किया गया है। किसान पाठशाला का आयोजन अपरान्ह 2 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक ग्राम पंचायत के पंचायत भवन/प्राथमिक पाठशाला/कृषि कल्याण केन्द्र में किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत प्रतिदिन किसान पाठशाला का आयोजन जनपद के 84 ग्राम पंचायतों में किया गया है जिसमें लगभग 8000 कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रतिभागी कृषकों को प्रथम दिवस में रबी दलहन, तिलहन की नवीन प्रजातियां एवं उत्पादन तकनीकी के प्रभावी बिन्दु, प्राकृति खेती एवं हरी खाद का महत्व, रबी फसलों में खरपतवार नियंत्रण एवं कृषि रक्षा, कृषि में ड्रोन का प्रयोग एवं फार्मर रजिस्ट्री का महत्व एवं उपयोगिता की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। द्वितीय दिवस में कृषि प्रसार में तकनीकी कौशल का महत्व, कृषि उत्पादन में एफ0पी0ओ0 की भूमिका एवं रणनीति, महत्वपूर्ण विभागीय योजनायें, जायद, मक्का, मूंग, उर्द एवं बाजरा उत्पादन की जानकारी दी जायेगी।

# एक पेड़ मां के नाम,सारा जंगल अदानी के नामः अजय प्रताप गोगपा ने किया धरना प्रदर्शन

**समाज जागरण**

सिंगरौली जिले के सरई तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत तेंदुहा और आस पास के अन्य गाँवों में ग्रामवासियों के विस्थापन एवं जंगलों की अवैध रूप से हो रही कटाई के विरोध में गोंडवानागणतंत्रपार्टी के तत्वाधान में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अपने जल, जंगल, जमीन और जीवन की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे आदिवासियों पर भाजपा सरकार अत्याचार कर रही है। एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पूरे देश में ह्यएक पेड़ माँ के नाम जैसा अभियान चला रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सिंगरौली में अंधाधुंध जंगलों की कटाई जारी है।यह अत्यंत विरोधाभासी और चिंताजनक है। लाखों पेड़ों की कटाई पर्यावरणीय तबाही नहीं है, बल्कि आदिवासी समुदाय की आजीविका, संस्कृति और अस्तित्व पर सीधा हमला है। यहाँ के आदिवासी, जो जंगलों को अपनी माँ मानते हैं, आज सरकार की दमनकारी नीतियों के कारण अपना घर-खेत छोड़ने को मजबूर हैं। जल जंगल और जमीन पर पहला हक आदिवासियों का है, कॉर्पोरेट का नहीं। आदिवासियों के अधिकारों और उनके हितों के संरक्षण हेतु गोंडवाना गणतंत्र पार्टी यह लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जन शिकायत निस्तारण में जनपद सोनभद्र, उत्तर प्रदेश में प्राप्त किया प्रथम स्थान

## पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में संवेदनशील, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण को मिली बड़ी सफलता

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। प्रदेश स्तर पर जारी नवीनतम आईजीआरएस (IGRS) रैंकिंग में जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण के मामले में जनपद सोनभद्र ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि का श्रेय पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व, निरंतर मॉनिटरिंग तथा जन शिकायतों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण को जाता है। उनके निर्देशन में सभी प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर, संवेदनशीलता के साथ, तथा उच्च गुणवत्ता परक एवं समयबद्ध निस्तारण कराया गया,






जिसके परिणामस्वरूप जनपद सोन भद्र प्रदेश में प्रथम पायदान पर पहुंचा। विशेष उल्लेखनीय है कि थाना म्योरपुर को छोड़कर जनपद सोनभद्र के सभी थाने भी प्रदेश स्तर पर IGRS के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम श्रेणी की रैंकिंग में शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा निरंतर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक शिकायतकर्ता को न्याय-संगत समा धान, समय पर फीडबैक, शिकायतों की गहन समीक्षा, एवं थाना स्तर पर पारदर्शी, प्रभावी और संवेदनशील कार्यप्रणाली दिखाई दे।

यह उपलब्धि जनपद सोनभद्र पुलिस की जनसेवा, उत्तरदायित्व और प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

# महादेव की वाणी से आरंभ हुई भागवत कथा, भक्ति भाव में डूबा सोन तट का सोनेश्वर महादेव मंदिर

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। नगर के सोननदी के पावन तट पर स्थित सोनेश्वर महादेव मंदिर चोपन बैरियर परिसर में चल रही सप्तदिवसीय संगीतमय श्रीम द्भागवत कथा का मंगलवार को दूसरे दिवस अत्यंत श्रद्धामय वातावरण में आयोजन किया गया। कथा व्यासपीठ पर विराजमान मां विंध्यवासिनी धाम, मिजार्पुर से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक श्री श्री सच्चिदानंद जी महाराज ने श्रीमद्भागवत महापुराण के दिव्य प्रसंगों का रसास्वादन कराते हुए भक्तों को आध्यात्मिक आलोक से अभिभूत कर दिया। महाराज जी



ने भगवान शिव और माता पार्वती के संवाद से कथा का प्रारम्भ करते हुए बताया कि प्रथम बार स्वयं महादेव ने भगवती पार्वती को भागवत कथा का पावन वृतांत श्रवण कराया था। इसके आगे कथा में उन्होंने भगवान शुकदेव जी के अवतरण, उनके जन्म का अलौकिक प्रसंग तथा धुंधकारी के मोक्ष की अत्यंत मार्मिक कथा का विस्तृत वर्णन प्रस्तुत किया। कथावाचक ने स्पष्ट किया कि भागवत श्रवण का अधिकारी वही व्यक्ति है जिसका मन निर्मल, विचार पवित्र तथा परपीड़ा से रहित हो। जो दूसरे के सुख में आनंदित होता है और जीवन में भक्ति को सर्वोपरि स्थान देता है, वही भक्त वास्तव में इस महापुराण के वास्तविक संदेश को आत्मसात कर पाता है।

कथा के दौरान संगीतमय भजनों की प्रस्तुति से पूरा परिसर भक्ति-भाव से सराबोर हो उठा। हरि नाम के गुंजायमान स्वर और दिव्य कथा का रसपान करते हुए श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। नगर सहित आस-पास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं की उप स्थिति उल्लेखनीय रही और यजमान मंडल द्वारा सुव्यवस्थित व्यवस्था का प्रबंध सराहनीय रहा। आयोजकों के अनुसार आगामी दिनों में कथा में श्रीकृष्ण लीलाओं सहित अनेक महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा, जिसके लिए श्रद्धा लुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। इस दौरान यजमान बाबूलाल केशरी व श्रीमती लालदेई केशरी, कन्हैया केशरी, महेंद्र केशरी, पम्मी केशरी, प्रदीप अग्रवाल, अमरनाथ दूबे, विकास चौबे, पुनीत पाठक, सहित भारी संख्या में कथा प्रेमी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा में आविष्कार फाउंडेशन द्वारा आयोजित "युवा उद्यमिता" कार्यक्रम

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा (सोनभद्र) में आविष्कार फाउंडेशन द्वारा आयोजित युवा उद्यमिता कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत महाविद्यालय की वाणिज्य संकाय के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राएँ – खुशी खान, तनु शर्मा, प्रिंस चौरसिया एवं सोहैल खान – ने जिला स्तरीय ज्यूरी राउंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की है। इस उपलब्धि के फलस्वरूप उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य



डॉ. प्रमोद कुमार तथा वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक – डॉ. संघमित्रा, डॉ. विकास कुमार एवं डॉ. विभा पांडेय – ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रति योगिता में भाग लेकर महा विद्यालय का गौरव बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया।

# ग्रीन माउंटेन स्कूल की दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू, विभिन खेलों का हुआ आयोजन

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

ओबरा/ सोनभद्र। ग्रीन माउंटेन स्कूल की दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का ओबरा नगर के अंबेडकर स्टेडियम में 9 दिसंबर 2025 को शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय खिलाड़ी रमेश सिंह यादव, भाजपा ओबरा मंडल अध्यक्ष शिव नाथ जायसवाल और उत्पादन निगम के सहायक निदेशक ई. सुरेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता का संचालन विद्यालय के उप प्रधानाचार्य धर्मजीत कुमार ने किया, जबकि प्रधानाचार्य टीएन झा की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर एडवोकेट उमेश शुक्ला, सुनील सिंह, सभासद विकास सिंह, अखिलेश जिज्ञासु सहित विद्यालय के अध्यापकगण और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। खेलकूद प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी, 200



मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर दौड़, रिले रेस, लंबी कूद और ऊंची कूद जैसे मुख्य खेल शामिल थे। उद्घाटन समारोह के दौरान, राष्ट्रीय खिलाड़ी रमेश सिंह यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव नाथ जायसवाल, उत्पादन निगम के सहायक निदेशक ई. सुरेंद्र सिंह और विद्यालय के प्रबंधक अमित सिंह ने खेलकूद के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में शारीरिक तंदुरुस्ती और मानसिक विकास के लिए खेल बहुत आवश्यक हैं, और पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी उतना ही जरूरी है। वक्ताओं ने भारत के उन खिलाड़ियों का भी जिक्र किया जिन्होंने विदेशों में देश का नाम रोशन किया है और खेल के माध्यम से उच्च पदों पर आसीन होकर राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं।

# मारकुण्डी घाटी पर कैमिकल से लदे टैंकर वाहन का ब्रेक फैल, टकराई पहाड़ी में, चालक व क्लीनर घायल

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र की मारकुंडी घाटी में आज एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। केमिकल बारूद से लदा एक टैंकर ब्रेक फेल होने के



बाद अनियंत्रित होकर पहाड़ से टकरा गया। इस दुर्घटना में टैंकर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टैंकर में सवार चालक और क्लीनर, जो चचेरे भाई बताए जा रहे हैं, गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटनास्थल पर मौजूद राहगीरों और सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला। उन्हें तत्काल सोनभद्र के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद मारकुंडी घाटी में लंबा जाम लग गया। घाटी के वन-वे होने के कारण स्थिति और अधिक जटिल हो गई, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस दल मौके पर मौजूद है और आवागमन बहाल करने के प्रयास जारी हैं। केमिकल बारूद लदे टैंकर को हटाने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है, ताकि किसी अन्य दुर्घटना या रिसाव के खतरे से बचा जा सके।

# शिकारपुर प्राथमिक विद्यालय में, रसोईयों से करवाया जा रहा शौचालय की साफ सफाई

**ब्यूरो समाज जागरण**

खलियारी/ सोनभद्र। विकास खण्ड नगवां ब्लॉक के शिक्षा क्षेत्र शिकारपुर प्राथमिक विद्यालय में अध्यापकों कि तानाशाही आई है सामने जिसमें बच्चों को खाना बनाने वाली रसोईयों से विद्यालय परिसर में लगवाया जा रहा है झाड़ू, साफ सफाई कर्मचारी नहीं करते हैं सफाई का कार्य। रसोईयों का आरोप है कि विद्यालय का प्रभारी द्वारा जबरजस्ती कराई जाती है साफ सफाई, नहीं करने पर नौकरी से हटाने कि मिलती है धमकी। रसोईयों का कहना है कि



विद्यालय परिसर में स्थित जो शौचालय बना है उसको भी साफ कराया जाता है, शिक्षकों के तानाशाही रवैये से रसोईया परेशान है। प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान में रसोईयों का हनन हो रहा है। इसके विषय में खण्ड शिक्षा अधिकारी नगवां धनंजय सिंह से सेल फोन से बात किया गया कि शिकारपुर के प्राथमिक विद्यालय परिसर में रसोईयों से झाड़ू और शौचालय साफ कराया जाता है तो उन्होंने बताया कि मेरा संज्ञान में ये बात नहीं है आप के द्वारा मुझे जानकारी मिली है जॉच करते हैं, जो भी इसमें दोषी होगा उसको छोड़ा नहीं जाएगा।

# अचानक तबादले पर अभिभावकों का विरोध, प्रधानाचार्य को सौंपा ज्ञापन

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र/ विंढमगंज। भारतीय इंटर मिडिएट कॉलेज में शिक्षकों की कमी के बीच अंग्रेजी एवं गणित शिक्षक के अचानक हुए स्थानांतरण को लेकर शुक्रवार को अभिभावकों और समाजसेवियों ने विद्यालय गेट पर विरोध प्रदर्शन कर जोरदार नारेबाजी किया। अभिभावकों ने इसे छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए प्रधानाचार्य राजेश कुमार से स्पष्टीकरण मांगा, प्रधानाचार्य ने अभिभावकों को बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर उन्हें रिलीविंग देनी पड़ी, यह उनकी मजबूरी थी। वहीं भाजपा पुर्व मंडल अध्यक्ष राकेश केसरी के आग्रह पर




प्रधानाचार्य के द्वारा DIOS से फोन पर कराई गई, बातचीत में अधिकारी गैरजिम्मेदार बात व शिक्षक की कमी हो तो कहीं से ढूंढ लीजिए जैसी टिप्पणी पर अभिभावक भड़क उठे। उन्होंने इसे अनुचित बताते हुए चेतावनी दी कि मामले को मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी सहित उच्च अधि कारियों तक पहुंचाया जाएगा और आवश्यक हुआ तो बड़ा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। अभिभावकों ने प्रधानाचार्य को ज्ञापन में विद्यालय की स्थिति सुधारने को लेकर छह प्रमुख मांगें रखीं– 1. अंग्रेजी शिक्षक दिनेश मणि त्रिपाठी एवं गणित शिक्षक चंदन प्रजापति के स्थानांतरण की जांच कर तत्काल नए शिक्षकों की नियुक्ति/प्रतिनियुक्ति की व्यवस्था की जाए। 2. विद्यालय में प्रधाना चार्य, सहायक अध्यापक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के सभी रिक्त पदों पर शीघ्र नियमित बहाली की जाए। 3. जर्जर विद्यालय भवन का ध्वस्तीकरण कर नया भवन निर्माण कराया जाए। 4. विद्यालय परिसर की भूमि एवं क्रीड़ा स्थल को संरक्षित किया जाए तथा ग्राम जामपानी स्थित विद्यालय की भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाए। 5. निष्क्रिय प्रबंध समिति की अवधि के समस्त आय-व्यय की निष्पक्ष जांच कराई जाए। 6. लगभग 12 वर्षों से निष्क्रिय प्रबंध समिति को समाप्त कर विद्यालय को राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज का दर्जा प्रदान किया जाए।

मौके पर मौजूद लोग राकेश कुमार केसरी उर्फ. बुल्लु, ओ.पी. यादव, सुरेंद्र पासवान ग्राम प्रधान, सकरार अहमद बसपा, मुन्नालाल पुर्व प्रधान, संजय गुप्ता, लवकुश चंद्रवंशी, ओम रावत, सुमन गुप्ता, हर्षित प्रकाश, अजय गुप्ता, जितन लाल, दीपक गुप्ता, किशन पटवा, लक्ष्मण कुशवाहा, दिलीप मौर्य, मनीष मद्धेशिया, संजय डीजे, मुन्ना पासवान, कार्तिक चंद्रवंशी, सुभाष भारती सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। पिपरी थाना क्षेत्र के चाचा कॉलोनी के पास मंगलवार की भोर में एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए विस्तृत जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार, रेणुकूट के शिवा पार्क निवासी 26 वर्षीय गौरीशंकर राजभर पुत्र जितेंद्र राजभर का शव मंगलवार की भोर लगभग 1 बजे रेलवे ट्रैक पर मिला। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, पंचनामा भरकर शव को कब्जे में लिया और परिजनों को सूचित किया। मृतक के पिता जितेंद्र राजभर ने पुलिस को दी तहरीर में गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि उनके बेटे गौरीशंकर का पिछले दो साल से दुद्धी कोतवाली



क्षेत्र के कटौली निवासी मानकुंवर नामक महिला से संबंध था। इस संबंध को लेकर कई बार थाने में पंचायत भी हो चुकी थी। पिता का आरोप है कि उक्त महिला कई बार उनके घर में घुसकर झगड़ा करती थी और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दे चुकी थी। उन्होंने यह भी बताया कि सोमवार रात उनका बेटा घर नहीं लौटा था। जब उन्होंने फोन किया तो महिला ने कॉल रिसीव किया और कहा कि गौरीशंकर सो रहा है, लेकिन उसने बेटे से बात नहीं कराई। देर रात लगभग 1:30 बजे किसी व्यक्ति ने उन्हें सूचना दी कि गौरीशंकर का शव रेलवे लाइन पर पड़ा है। परिजन जब मौके पर पहुंचे तो पुलिस भी वहां मौजूद थी और शव को अस्पताल में रखवा दिया गया था।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले के सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर महिला सहित अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की भी जांच होगी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा।

# शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए जा रहे लोगों से भरे ट्रैक्टर को, ट्रेलर ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत, कई घायल

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर चंडी तिराहा के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ। शव लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर को तेज रफ्तार ट्रेलर ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई और 11 लोग घायल हो गए, जिनमें से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान खरपत्तू (65 वर्ष) पुत्र जंगली निवासी भरहरी, थाना जुगैल के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के मझिगांव निवासी राम चंद्र (50 वर्ष) का निधन हो गया था। उनके परिजन और ग्रामीण



शव को ट्रैक्टर-ट्रॉली से अंतिम संस्कार के लिए मझिगांव से हिन्दुआरी ले जा रहे थे। मंगलवार दोपहर चंडी तिराहा के आगे वाराणसी-शक्तिनगर स्टेट हाईवे पर अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर गलत दिशा से जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली को एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार सभी 11 लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल लोढ़ी स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घायलों में इंद्रजीत (18), अनिल (20), कृपा (52), राम पति (63), राम प्यारे (62), रिंकू (14), राम लखन (60), सियाराम (32), जय राम (60) और सुरेश (30) शामिल हैं। इनमें से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सदर कोतवाल माधव सिंह और लोढ़ी चौकी इंचार्ज उमा शंकर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को अस्पताल पहुंचाने और राहत कार्य में सहायता की।

ट्रैक्टर सवार जितेंद्र कुमार ने बताया कि वे अपने अंकल के निधन के बाद मिट्टी लेकर मदिराव चौबे जा रहे थे टर्निंग पर रास्ता बंद होने के कारण ड्राइवर गलत दिशा में चले गए, तभी अचानक ट्रैक्टर ट्रेलर की चपेट में आ गया। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर में 15 से 20 लोग सवार थे और 6 से 7 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। ट्रेलर चालक सुरेंद्र पाल ने बताया कि वह वाराणसी से रेणुकूट के लिए निकला था। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रैक्टर चालक एक कार को ओवरटेक कर रहा था और गलत दिशा से आ रहा था। ट्रेलर चालक ने ट्रैक्टर को बचाने की बहुत कोशिश की, लेकिन दुर्घटना हो गई। इस घटना में ट्रेलर चालक भी चोटिल हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सविधान सभा के महत्वपूर्ण तिथि पर शिक्षा रोजगार चिकित्सा पर हो बहस:- विजय शंकर यादव

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। देश के इतिहास में महत्वपूर्ण है नौ दिसम्बर! बहुत ही संघर्ष कुर्बानियों के बाद मिली आजादी। देश चलाने को महत्वपूर्ण था सविधान 9 दिसम्बर को पहली बैठक हुई। 2 साल 11 महीना18 दिन लम्बे तैयारी अनुभवों कई देशो के सविधानो का अवलोकन मूल्यांकन के बाद तैयार किया गया भारत का सविधान। इस विशेष तिथि पर भारतीय अहिंसा सेवा संस्थान के अध्यक्ष छात्र नेता जनसेवक विजय शंकर यादव ने अम्बेडकर चौक से आवाज उठाते हुए देश के सदन से




मांग की रोजगार शिक्षा चिकित्सा पर हो बहस देश की आवाम महंगी शिक्षा और बेरोजगारी से जूझ रही है जब भी चुनाव आते है मुद्दे होते है रोजगार पर उस पर कोई ठोस कार्य नही हो पा रहा है महंगी शिक्षा के बाद बेरोजगारी झेल रहे युवा निराशा के दलदल में फंसते जा रहे है। देश कि सदन से हम मांग करते है कि वर्ष में कम से कम एक बार जरूर शिक्षा चिकित्सा रोजगार पर बहस हो। देश कि जनता के बेहतरी के लिए इन मुद्दों पर कार्य हो। जिससे देश के आवाम का जनजीवन बेहतर हो सके। इस विषय को लेकर संगठन आवाम में हस्ताक्षर अभियान चलाएगी जिससे आवाम कि मूल समस्याओं को सदन पहुँचाया जा सके। जनता कि सदन जनता को सस्ती शिक्षा चिकित्सा रोजगार दे। जिससे जनता का जन जीवन मजबूत हो सके।

# श्रम विभाग, थाना मानव तस्करी रोधी की संयुक्त टीम द्वारा चलाया गया बाल श्रम उन्मूलन अभियान

## बाल श्रम उन्मूलन अभियान के तहत नाबालिक बच्चों को बाल श्रम से कराया गया मुक्त

**ब्यूरो समाज जागरण**

खलियारी/ सोनभद्र। बी0एन0 सिंह, जिलाधिकारी सोनभद्र व अभिषेक वर्मा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में जनपद में चलाये जा रहे बाल श्रम उन्मूलन अभियान के क्रम में आज दिनांक 09-12-2025 को श्रम विभाग, थाना मानव तस्करी रोधी सोनभद्र (AHT) की संयुक्त टीम द्वारा पन्नूगंज, खालीहारी मार्केट सहित विभिन्न स्थानों पर बाल श्रम




उन्मूलन अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत दो नाबालिक बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराते हुए सम्बंधित नियोक्ताओं के विरूद्ध टीम द्वारा विधिक कार्यवाही गयी! रेस्क्यू टीम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना मानव तस्करी रोधी हरेंद्र यादव, मुख्य आरक्षी धनंजय यादव, आरक्षी पंकज कुमार महिला आरक्षी शालिनी वैश्य उपस्थित रहे।

# कोयला लदा ट्रेलर पलटने से घंटो जाम के झाम में फंसे रहे राहगीर, यातायात बहाल में जुटी पुलिस

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। पिपरी थाना क्षेत्र अंतर्गत तुर्रा से गढ़ा बैरियर क्षेत्र तक रीवा रांची हाईवे पर घंटों से लगे जाम के झाम में फंसे राहगीर बताया जा रहा है कि पिपरी थाना क्षेत्र स्थित वन देवी मंदिर के पास हाईवे एक कोयला लदा ट्रेलर



वाहन सड़क पर पलट गया जिससे बीच सड़क पर कोयला गिर गया जिससे यातायात बाधित हो गया। बताया जा रहा है कि मंगलबार की सुबह से करीब 7:30 बजे से लेकर घंटों लगे जाम में रोडवेज बस सहित वाहनों की लंबी लाइन लग गई जिसमें राहगीर जाम के झाम में फंसे रहे। पुलिस की टीम यातायात बहाल कराने में जुटे रहे।

# संदिग्ध परिस्थिति में युवक की कुएं में डूबने से मौत, जांच में जुटी पुलिस

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। बभनी थाना क्षेत्र के असनहर गांव में एक युवक की कुएं में डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कुएं से बाहर निकलवाया और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान 30 वर्षीय प्रमोद कुमार पुत्र बासदेव निवासी कारीडाड़ चक चपकी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, प्रमोद रात में बचरा बाजार से लौटने के बाद लगभग नौ बजे खाना खाकर दूसरे घर सोने के लिए निकला था। सुबह असनहर गांव में हृदय नारायण गोड़ के घर के पास एक कुएं में पानी भरने गई एक लड़की ने शव को उतराया हुआ देखा। इसकी सूचना तत्काल ग्राम प्रधान असनहर को दी गई। ग्राम प्रधान की सूचना



पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला। पहचान होने पर परिजनों को सूचित किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी में पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पेंशन दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार मे 17 दिसंबर को, पेंशन संबंधी समस्याओं का होगा त्वरित निराकरण

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह ने समस्त कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए अवगत कराया है कि 17 दिसंबर 2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशन दिवस का आयोजन किया गया है। पेंशन संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु इस विशेष आयोजन में अधिकारीगण अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगें। जिलाधिकारी ने पेंशनर संघ के पदाधिकारियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर अपनी पेंशन से संबंधित समस्याओं अथवा शिकायत को दर्ज कराये, ताकि उनका समाधान ससमय सुनिश्चित किया जा सके।

# उपलब्धि : रीगल रिसोर्सेस कंपनी स्टाक एक्सचेंज मार्केट में हुई रजिस्टर्ड

- सीमांचल के मक्का किसानों को रीगल ने किया पुरस्कृत
- ट्रैक्टर व बाइक समेत अन्य सामान किए गए वितरित
- मार्च से देश का सबसे बड़ा स्टार्च प्लांट बनेगा रीगल: अनिल किशोरपुरिया




**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया (किशनगंज) । मक्का किसानों की मदद से रीगल रिसोर्सेस कंपनी अगले साल मार्च से नंबर वन स्टार्च प्लांट बन जाएगा। कंपनी के नई यूनिट का काम अंतिम चरण में है। यह बातें कंपनी के सीएमडी अनिल किशोरपुरिया ने मक्का किसानों को पुरस्कार वितरण समारोह के मौके पर कही।

इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया। कंपनी के सीएमडी श्री किशोरपुरिया, परचेज हेड विवेक लिल्हा, ठाकुरगंज नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष देवकी अग्रवाल, स्थानीय पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बृजमोहन सिंह, जितेंद्र जैन और सुरेश मौर्य ने संयुक्त रुप से की। मंच संचालन राजेश कुमार कर रहे थे। अपने संबोधन में सीएमडी ने कहा कि कंपनी इसी साल अगस्त महीने में स्टाक एक्सचेंज में रजिस्टर्ड हो गई है। यह मक्का किसानों और किशनगंज बासियों के लिए खुशी की बात है। साथ ही बाजार में उथल-पुथल के बीच किसानों के सहयोग से कंपनी आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि अभी कंपनी में साढ़े आठ सौ टन का प्रतिदिन उत्पादन हो रहा है। लेकिन मार्च से प्रतिदिन सत्रह सौ टन का उत्पादन शुरू हो जाएगा। यानी मक्के की खपत दो गुना बढ़ जाएगी। कार्यक्रम में मौजूद किसानों ने दोनों हाथ उठाकर सहयोग करने की बात कहकर प्रबंधन का हौंसला बुलंद किया। सभा को देवकी अग्रवाल एवं मुखिया प्रतिनिधि ने भी संबोधित किया। कहा कि रीगल कंपनी के कारण स्थानीय पंचायत से लेकर जिले एवं सीमांचल के किसानों की समृद्धि तेजी से बढ़ रही है। कार्यक्रम में दो किसानों को ट्रैक्टर, छह को बुलेट बाइक, पांच को टीवीएस रेडर बाइक देकर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा सैकड़ों मक्का किसानों को सिलाई मशीन, इनभरटर, स्मार्ट वांच, मोबाइल व सूटकेस के साथ अन्य पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन नरेश शर्मा ने की। इस मौके पर कंपनी के शेखर देवनाथ, अशोक पांडे, कार्तिक चंद्र साव, दीपक झा, संतोष झा, अमित अग्रवाल व सोनू मौर्य समेत अन्य उपस्थित थे।

# पटना में बालू माफिया के खिलाफ हुई कड़ी कार्यवाई

## 28 ट्रैक्टर जप्त, 32 लाख का लगा जुमार्ना

**समाज जागरण पतन जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ राजधानी पटना में बालू माफियाओं के खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार की रात एक बजे से शुरू हुई इस कार्रवाई में कुल 28 ट्रैक्टरों को जब्त किया गया, जो बालू से लदे हुए थे। इन्हें दीघा थाना क्षेत्र में उस स्थान से पकड़ा गया जहां रोड किनारे अस्थाई रूप से बालू मंडी बनाकर अवैध तरीके से बालू की बिक्री की जा रही थी। जिला प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इन सभी वाहनों पर कुल 32 लाख रुपये का भारी जुमार्ना लगाया गया है। यह अभियान जिलाधिकारी त्यागराजन के विशेष आदेश पर संचालित किया गया। कई दिनों से प्रशासन को यह इनपुट मिल रहा था कि पाटलिपुत्र रेल परिसर के पास अवैध खनन से लाई गई बालू की बिक्री की जा रही है। इस पर गंभीरता दिखाते हुए डीएम ने एक विशेष टीम का गठन किया, जिसमें सदर एसडीएम, एसडीपीओ लॉ एंड ऑर्डर 2, जिला खनन पदाधिकारी, सभी खान निरीक्षक और दीघा थानेदार शामिल थे। इस टीम ने देर रात संयुक्त छापेमारी की, ताकि किसी भी तरह के प्रतिरोध या भागने की कोशिश को रोका जा सके।छापेमारी के दौरान प्रशासनिक टीम ने पाया कि पाटलिपुत्र रेल परिसर के पास सड़क किनारे अवैध बालू मंडी संचालित की जा रही थी। यह मंडी न केवल कानून का उल्लंघन कर रही थी, बल्कि सरकारी राजस्व को भी भारी नुकसान पहुंचा रही थी। जांच के दौरान वहां खड़े सभी 28 ट्रैक्टर बालू से लदे मिले। प्रशासन ने तुरंत सभी वाहनों को ट्रॉली सहित जब्त कर लिया और गाड़ी मालिकों के खिलाफ दीघा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। जिला प्रशासन ने बताया कि इन सभी ट्रैक्टर मालिकों पर बिहार खनिज जैसे रियायत, अवैध खनन निवारण, परिवहन और भंडारण को लेकर 32 लाख रुपये का सामूहिक जुमार्ना लगाया गया है। यह नियमावली राज्य में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और अवैध खनन को रोकने के लिए बनाई गई है। इसके अलावा प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन में संलिप्त पाए गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पटना जिलाधिकारी त्यागराजन ने कहा कि जिले में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार के दिशा-निदेर्शों के अनुसार अवैध खनन पर सख्ती से रोक लगाई जाए। इसके लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि जहां-जहां अवैध गतिविधियों की आशंका हो, वहां नियमित रूप से सघन छापेमारी की जाए और समय-समय पर विशेष अभियान भी चलाए जाएं। डीएम ने एक महत्वपूर्ण निर्देश यह भी दिया कि अवैध माइनिंग पर प्रभावी रोक लगाने के लिए तकनीक का अधिकतम उपयोग किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को ड्रोन और हाईटेक बोट का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया, ताकि उन स्थानों पर भी नजर रखी जा सके जहां पारंपरिक तरीकों से पहुंचना कठिन होता है। इससे अवैध उत्खनन करने वालों की पहचान करना आसान होगा, साथ ही मौके पर ही प्रमाण जुटाकर तुरंत कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण से संबंधित हर इनपुट को गंभीरता से लिया जाएगा। यदि किसी क्षेत्र से जानकारी मिलती है कि वहां अवैध गतिविधि हो रही है, तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

# पटना के होटल में खाने के बाद बजट को लेकर हुई मारपीट में छह घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बाढ़ अनुमंडल में सोमवार की देर रात दाह संस्कार के बाद भोजन के इंतजाम को लेकर हुए विवाद ने गंभीर रूप धारण कर लिया। उमानाथ स्थित मुक्ति धाम के पास एक होटल में भोजन परोसने के दौरान दो पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इस झड़प में छह लोग घायल हो गए और सभी को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को काबू में किया और एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार अथमलगोला प्रखंड के सरिस्तापुर गांव के एक व्यक्ति का निधन हो गया था। उनके अंतिम संस्कार के लिए परिजन और ग्रामीण बाढ़ के उमानाथ मुक्ति धाम पहुंचे थे। हिंदू परंपरा के अनुसार दाह संस्कार पूरा होने के बाद उपस्थित लोगों के भोजन का प्रबंध पास के एक होटल में किया गया था। दाह संस्कार पूरा होने के बाद जब लोग होटल पहुंचे और भोजन करना शुरू किया तो कुछ लोगों ने भोजन की गुणवत्ता को लेकर शिकायत जताई। शुरूआती शिकायतों के बावजूद माहौल शांत था। ग्रामीणों ने दुकानदार से कहा कि दाल-चावल और सब्जी की गुणवत्ता ठीक नहीं है और उसका स्वाद संतोषजनक नहीं है। हालांकि, होटल संचालक ने इसे हल्के में लिया और प्रारंभिक तौर पर माहौल नियंत्रित रहा। विवाद तब बढ़ा जब भोजन समाप्त होने पर होटल संचालक ने करीब 3600 रुपये का बिल प्रस्तुत किया। ग्रामीणों ने भोजन की खराब गुणवत्ता का हवाला देते हुए बिल में छूट या कमी करने की मांग की। दूसरी ओर, होटल संचालक और उसके स्टाफ ने बिल में कोई कटौती करने से इनकार कर दिया। इसी बात पर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई। कहासुनी ने जल्द ही उग्र रूप धारण कर लिया। दोनों ओर से एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप होने लगे और विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते लाठी-डंडे और ईंटों का इस्तेमाल शुरू हो गया। होटल के भीतर और बाहर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जिससे आसपास के लोग भी दहशत में आ गए। हंगामे के दौरान दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। घायल व्यक्तियों को तुरंत अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायलों में कुछ ग्रामीण और होटल संचालक पक्ष के लोग शामिल हैं। अस्पताल स्त्रोतों के अनुसार, कुछ घायलों को सिर और हाथ-पैर में चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही बाढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मारपीट को नियंत्रित किया और स्थिति सामान्य की। इसके बाद एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर रही है। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। होटल संचालक और ग्रामीणों के बीच विवाद की वास्तविक वजह का पता लगाया जा रहा है। घायल ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि होटल संचालक विवाद के समय शराब के नशे में था। उनका कहना है कि नशे की हालत में उसने उत्तेजक व्यवहार किया और झगड़े को बढ़ावा दिया। इसके अलावा, ग्रामीणों ने बताया कि होटल संचालक उनके गांव का दामाद लगता है और इस वजह से उन्हें उम्मीद थी कि मामला शांतिपूर्ण ढंग से सुलझ जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ग्रामीणों के अनुसार, उनके गांव में जब भी किसी की मौत होती है, तो वे उसी होटल में भोजन का प्रबंध करते हैं। इस बार भोजन की गुणवत्ता खराब होने के कारण उन्होंने बिल में कटौती का आग्रह किया था जो विवाद का मुख्य कारण बना।

# अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी,नर्सिंग होम एवं बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण में लापरवाही पर जिला प्रशासन की कड़ी कार्रवाई – 14 संस्थान सील

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिलाधिकारी विशाल राज की अध्यक्षता में एवं सिविल सर्जन की उपस्थिति में किशनगंज जिले के सभी निजी अस्पतालों में बायोमेडिकल वेस्ट के उचित निस्तारण की नियमित मॉनिटरिंग से संबंधित बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में सभी अस्पतालों से दैनिक बायोमेडिकल वेस्ट उठाव की स्थिति पर कड़ी निगरानी रखने तथा शहरी क्षेत्र के सभी निजी अस्पतालों की भौतिक जांच कराने का निर्देश दिया गया था।

उक्त निर्देश के आलोक में सिविल सर्जन द्वारा जिले के विभिन्न निजी स्वास्थ्य संस्थानों में बायोमेडिकल वेस्ट के मानक निष्पादन से संबंधित व्यापक जांच की गई। जांच के क्रम में कई निजी संस्थानों में गंभीर विसंगतियाँ पाई गईं। विदित हो कि पूर्व में भी नगर परिषद द्वारा ऐसे मामलों की जांच की गई थी जिसमे पाया गया कि बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण में निर्धारित मानक का अनुपालन नही किया जा रहा है ,और उनके द्वारा संबंधित के विरुद्ध अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया था।

अनेक निजी पैथोलॉजी एवं नर्सिंग होम में बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण की मानक प्रक्रिया का पालन नहीं किया जा रहा था।

कचरे को अधिकृत एजेंसी के माध्यम से निष्पादित करने के बजाय यत्र-तत्र फेंका जा रहा था, जिससे संक्रामक रोगों के फैलने की प्रबल आशंका तथा पर्यावरण एवं आमजनों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना मिली। कई संस्थान बिहार नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण एवं विनियमन) नियमावली, 2013 के तहत निबंधित नहीं पाए गए।

संचालन हेतु आवश्यक चिकित्सा मानक, स्वच्छता, लाइसेंस, दस्तावेज तथा प्रोटोकॉल का अनुपालन नहीं किया जा रहा था।

इन गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेशानुसार चिह्नित संस्थानों को सील करने हेतु दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई। शहर के चूड़ीपट्टी क्षेत्र में कुल 14 पैथोलॉजी एवं नर्सिंग होम अवैध संचालन एवं बायोमेडिकल वेस्ट के गलत निष्पादन के आधार पर सील करने एवं उनमे विरुद्ध निर्धारित अर्थदंड लगाने की कार्रवाई की जा रही है।

# पटना के बिहटा में चला अतिक्रमण तथा अवैध निर्माण पर बुलडोजर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ मंगलवार को पटना जिले के बिहटा नगर परिषद क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई पटना जिलाधिकारी के निर्देश पर दानापुर की एसडीएम दिव्या शक्ति के नेतृत्व में की गई। जिसमें बड़े पैमाने पर सड़क किनारे बने अवैध निर्माण को प्रशासन के बुलडोजर से ध्वस्त किया गया। अभियान की शुरूआत बिहटा चौक से की गई। यहां से लेकर डोमनिया पुल बाजार तक सड़क के दोनों किनारों पर फैले अवैध निमार्णों को हटाया गया। यह पूरा मार्ग अत्यंत व्यस्त इलाकों में आता है, जहां रोजाना भारी जाम की समस्या देखी जाती है। प्रशासन के अनुसार यही अवैध कब्जे जाम का प्रमुख कारण बने हुए थे। एसडीएम दिव्या शक्ति के साथ स्थानीय अंचल अधिकारी राकेश कुमार सिंह, नगर परिषद कर्मी और भारी पुलिस बल मौजूद था। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखते हुए बुलडोजर ने सड़क को कब्जा मुक्त करने का काम शुरू किया। अभियान के दौरान स्थानीय निवासियों की प्रतिक्रियाएं मिली-जुली रहीं। कुछ लोगों ने इस कार्रवाई का समर्थन किया और कहा कि इससे जाम की समस्या कम होगी तथा सड़कें चौड़ी और सुगम होंगी। हालांकि, कई गरीब दुकानदारों ने चिंता भी व्यक्त की। उनका कहना है कि प्रशासन को अतिक्रमण हटाने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए थी। बिहटा नगर परिषद क्षेत्र में अभी तक न तो वेंडिंग जोन बनाया गया है और न ही पार्किंग की व्यवस्थित व्यवस्था है। स्थानीय दुकानदारों ने मांग की कि नगर परिषद जल्द से जल्द वेंडिंग जोन का निर्माण करे, ताकि इधरझ्र उधर सड़क किनारे दुकानें लगाने की मजबूरी खत्म हो और व्यापार भी बाधित न हो।स्थानीय लोगों ने इस बात पर नाराजगी जताई कि बिहटा नगर परिषद क्षेत्र बने चार वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अभी तक पारंपरिक व्यापारियों के लिए कोई स्थायी स्थान उपलब्ध नहीं कराया गया है। वेंडिंग जोन की अनुपस्थिति के कारण दुकानें सड़क पर फैल जाती हैं और जाम की स्थिति गंभीर होती जाती है। इसी कारण प्रशासन को बार-बार ऐसे अभियान चलाने पड़ते हैं। अंचल अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि बिहटा क्षेत्र में लगातार जाम की शिकायतें मिल रही थीं। सड़क के दोनों किनारों पर अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित था और लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ता था। उन्होंने कहा कि पटना जिला प्रशासन और दानापुर अनुमंडल प्रशासन के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है और आगे भी इसी प्रकार अवैध कब्जों को हटाया जाएगा। अभियान से पहले दुकानदारों को जानकारी दी गई थी और 24 घंटे का समय भी दिया गया था। कई लोगों ने पहले ही स्वेच्छा से अपना अतिक्रमण हटा लिया था, लेकिन कुछ लोगों ने ऐसा नहीं किया, जिसके कारण प्रशासन को बुलडोजर चलाना पड़ा। राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा कि यह केवल शुरूआत है और आने वाले दिनों में पूरे बिहटा नगर परिषद क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने की कोशिश जारी रहेगी।

# पति को छोड़कर किशनगंज से पटना प्रेमी के पास पहुंची प्रेमिका इंस्टाग्राम पर हुआ था प्यार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ किशनगंज जिले में सोशल मीडिया पर शुरू हुई एक ऑनलाइन दोस्ती के कारण एक शादीशुदा महिला अपने इंस्टाग्राम प्रेमी से मिलने के लिए घर छोड़कर पटना पहुंच गई। दो महीने की चैटिंग और बढ़ती नजदीकियों के बाद महिला ने प्रेमी के साथ रहने का फैसला कर लिया। लेकिन मामला तब खुला जब परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत पुलिस को कर दी। अंततः पटना के गांधी मैदान में पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। मामला किशनगंज के टेढ़ागाछ थाना क्षेत्र का है। 3 दिसंबर को ममता नाम की महिला घर से बकरी चराने का बहाना बनाकर निकली लेकिन शाम तक नहीं लौटी। परिजनों को शक हुआ और अगले दिन उन्होंने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं, दूसरी ओर ममता 4 तारीख को पटना पहुंचकर अपने ऑनलाइन प्रेमी सन्नी के साथ रहने लगी। ममता ने पुलिस को बताया कि वह पिछले कुछ महीनों से इंस्टाग्राम पर सन्नी के वीडियो देखती थी। उसे सन्नी का स्टाइल और व्यवहार पसंद आता था। फिर दोनों के बीच संदेशों का आदान-प्रदान शुरू हुआ और दो महीने पहले उन्होंने एक-दूसरे के मोबाइल नंबर भी शेयर कर लिए। फोन कॉल और चैटिंग के जरिए दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ती चली गईं। सन्नी पटना के नेऊरा थाना क्षेत्र के गोरना गांव का रहने वाला है और एसके पूरी थाना क्षेत्र में नाई का काम करता है। उसने ममता को मिलने के लिए पटना बुलाया। ममता के अनुसार सन्नी ने उसे विश्वास दिलाया कि वह उसकी जिंदगी बदल देगा। इसके बाद ममता घर-परिवार छोड़कर पटना चली गई। ममता और सन्नी चार दिनों तक कृष्णा अपार्टमेंट के पास किराए के कमरे में पति-पत्नी की तरह रहने लगे। सन्नी ने दावा किया कि उसने मंदिर में ममता से शादी भी कर ली थी। सन्नी ने बताया कि एक साल पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर दूसरे युवक के साथ भाग गई थी। इससे वह मानसिक रूप से परेशान रहा और खुद को अकेला महसूस करने लगा। इसी दौरान ममता उसके संपर्क में आई और धीरे-धीरे प्यार हो गया। सन्नी के अनुसार ममता ने उससे कभी यह नहीं छिपाया कि वह शादीशुदा है। लेकिन उसने कहा कि घर पर उसकी जिंदगी ठीक नहीं चल रही थी। ममता के गायब होने के बाद उसके मामा और परिजन लगातार उसकी खोज में जुट गए। उनके हाथ तब सुराग लगा जब उन्होंने सन्नी के इंस्टाग्राम वीडियो में एक पोस्टर देखा जिस पर पटना लिखा था। इससे उन्हें भरोसा हो गया कि ममता पटना में है। परिजन 7 दिसंबर को पटना पहुंचे और सन्नी से लोकेशन पूछने लगे। वह कभी छपरा तो कभी वैशाली बताता रहा जिसके कारण शक गहरा गया। आखिरकार मामा ने कोर्ट मैरिज कराने का बहाना बनाकर दोनों को पटना के गांधी मैदान में बुलाया और वहां पहले से पुलिस को जानकारी दे दी। जैसे ही दोनों मिले, पुलिस ने तत्काल उन्हें हिरासत में ले लिया। गांधी मैदान थाना पुलिस दोनों को थाने ले गई और पूछताछ शुरू की। पुलिस के अनुसार ममता स्वेच्छा से सन्नी के साथ आई थी, लेकिन उसका शादीशुदा होना और उम्र, दोनों की वैवाहिक स्थिति की कानूनी जांच भी की जा रही है। ममता ने पुलिस को बताया कि वह सन्नी के पास इसलिए आई क्योंकि वह अपनी वैवाहिक जिंदगी को लेकर दुखी थी। हालांकि, उसने यह भी कहा कि पटना आने के बाद उसे पता चला कि सन्नी भी पहले से शादीशुदा है और इससे उसकी उलझन बढ़ गई थी।

# सरैया पंचायत के चार युवाओं ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, जे एस एस सी -सीजीएल 2025 में मिली उल्लेखनीय सफलता

**संवाददाता पदमा, समाज जागरण**

पदमा, : वर्ष 2025 सरैया पंचायत के लिए उत्साह और गौरव लेकर आया है, जहां पंचायत के युवाओं ने अपनी मेहनत और लगन से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। झारखंड सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर निकाली गई भर्तियों और नियुक्ति प्रक्रिया के लिए पंचायतवासियों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया है। आठ दिसंबर 2025 को घोषित जे एस एस सी-सीजीएल परिणाम में सरैया ग्राम के चार युवकों का चयन हुआ है, जिनमें सतीष कुमार पिता परमेश्वर मेहता, जो पूर्व में बीडीओ पद पर नियुक्त हो चुके हैं, शुभम कुमार पाण्डेय पिता दिनेश पाण्डेय कनीय सचिवालय सहायक, अक्षय मेहता पिता महेन्द्र मेहता श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी तथा अभीषेक कुमार पिता आदित्य मेहता सहायक प्रशाखा पदाधिकारी पद पर चयनित हुए हैं। इस उपलब्धि पर पंचायत की मुखिया शांति देवी और पदमा प्रखंड के उपप्रमुख सत्येन्द्र कुमार राणा ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ये सफलता पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत है। पूर्व उपमुखिया सुरेश कुमार पाण्डेय ने चयनित युवाओं, उनके माता-पिता, गुरुजनों तथा मार्गदर्शकों को धन्यवाद देते हुए हृदय से आभार प्रकट किया और सभी के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यालय प्रबंधन कमिटी की बैठक आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिलाधिकारी सह अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन कमिटी विशाल राज की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन कमिटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विद्यालय के विकास से संबंधित विभिन्न आवश्यकताओं जैसे
सुरक्षा कर्मी को प्रतिनियुक्ति, विद्यालय वाहन को निरस्त करने, आंतरिक सड़कों की मरम्मत, खेल के मैदान का सुदृढ़ीकरण, हाई टेंशन विद्युत तार



का स्थानांतरण, परिसर में हर घर नल जल की व्यवस्था, जिला स्तरीय मेस कमिटी का गठन जैसे अनेक मुद्दों पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों के प्रधानों को आदेशित किया गया कि वे अपने अपने स्तर पर इस कार्य को पूर्ण करें।

साथ ही विद्यालय के प्राचार्य मो मेराज आलम को निर्देशित किया गया कि वे सभी विभागों के संपर्क में रहकर कार्य की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराते रहेंगे।

# पटना में प्रशिक्षण के दौरान शिक्षक की मौत

**समाज जागरण उतना जिला संवाददाता:-वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिक्रम में मंगलवार को डायट में तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने के दौरान दुल्हिन बाजार प्रखंड के बड़की खड़मा गांव स्थित माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक अम्बुज कुमार का योगाभ्यास के दौरान निधन हो गया।



जानकारी के अनुसार पटना जिला के पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र के सिगोड़ी थाना अंतर्गत वलीपुर गांव निवासी रामभवन सिंह के पुत्र अंबुज कुमार दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के बड़की खड़मा गांव स्थित माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक के रुप में कार्यरत थे। वे बिक्रम के डायट में चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने गए थे। जहां मंगलवार की सुबह पिटी के दौरान अचानक तवियत खराब होने से उनका निधन हो गया। जिसकी सूचना मिलते ही दुल्हिन बाजार के खड़मा गांव तथा उनके पैतृक गांव वलीपुर में शोक की लहर छा गयी। ग्रामीणों और सह कर्मियों के अनुसार अम्बुज कुमार शांत, सरल स्वभाव और कर्तव्य निष्ठ शिक्षक थे। विद्यालय और शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। वही उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। परिवारवालों को रो रोकर बुरा हाल हो गया।

# पटना जिले के पालीगंज में किया गया मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज स्थित एसडीपीओ 1 कार्यालय में मंगलवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार पटना जिले के पालीगंज स्तिथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वन के कार्यालय में मंगलवार को आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में अनुमंडल के सभी सर्किल इंस्पेक्टर, पर्यवेक्षी पदाधिकारी तथा थाना अध्यक्ष उपस्थित रहे। वही डी आई यू के भी पदाधिकारी मौजूद रहे। मौके पर पालीगंज एसडीपीओ 1 राजीवचन्द्र सिंह ने सभी मौजूद पदाधिकारियों को लंबित कांडों, खास करके गंभीर कांडों में शीघ्र कार्रवाई करने एवं निष्पादन करने हेतु निर्देश दिया। कांडों के निष्पादन में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम का इस्तेमाल आवश्यक रूप से करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी प्राथमिकी, कांड देनिकी तथा चार्जशीट को सीसीटीएनएस पर अपलोड करने का निर्देश दिया। साथ ही इ साक्ष्य अप तथा दर्पण पोर्टल पर अपडेट करने का भी निर्देश दिया। सघन वाहन चेकिंग, रात्रि गश्ती एवं अभियुक्तो के गिरफ्तारी पर जोर दिया। अवैध हथियार, शराब एवं मादक पदार्थों के बरामदगी एवं जपती करने के लिए सभी पुलिस पदाधिकारियो को निर्देश दिया। मौके पर निरीक्षक चंद्रिका प्रसाद, पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार, खिरिमोड थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार, पियरपुरा थानाध्यक्ष रंजन कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।



# जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न

## आधार सेवाओं में सुधार एवं उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त के स्पष्ट निर्देश

**मिंटू कुमार समाज जागरण हजारीबाग**

आज दिनांक 09.12.2025 को समाहरणालय सभागार, हजारीबाग में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निदेर्शानुसार प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में आधार पंजीकरण एवं अद्यतन सेवाओं की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।



उपायुक्त ने ग्रामीण क्षेत्रों में आधार पंजीकरण एवं अद्यतन केंद्रों की आवश्यकता का आकलन करते हुए जिला परियोजना पदाधिकारी को इन केंद्रों की उपलब्धता हर पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुविधाओं से जुड़ी आधार सेवाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक के दौरान उन्होंने आधार अपडेट में देरी, नाम सुधार, बायोमेट्रिक त्रुटि तथा आधार जारी होने में विलंब जैसी शिकायतें के संबंध में समीक्षा की। इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र एवं संतोषजनक निपटारा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

प्रशिक्षु आईएएस ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी बाल विकास परियोजना कार्यालयों में आधार किट/बाल आधार किट को सक्रिय कराते हुए 0-5 वर्ष के सभी बच्चों का आधार पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में प्रखंड स्तर पर (सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग) द्वारा संचालित स्थायी आधार केंद्रों, पंचायत स्तर पर प्रज्ञा केंद्रों, तथा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित आधार कार्ड निर्माण की स्थिति की विस्तृत जानकारी वक्क्ष उद्धड प्रवीण कुमार सुमन द्वारा दी गई। साथ ही, डाक विभाग के अंतर्गत संचालित पोस्ट ऑफिस एवं इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (IPPB) के आधार केंद्रों की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त, MKS Enterprises को 05-07 एवं 15-17 वर्ष के आयु वर्ग के व्यक्तियों का बायोमेट्रिक अपडेट हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में जिला भू अर्जन पदाधिकारी, नजारत उपसमाहर्ता, शिक्षा पदाधिकारी, अधीक्षक, सहायक प्रबंधक, जिला परियोजना पदाधिकारी (UID), उरउ मैनेजर, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के मैनेजर, तथा वक्क्षक्षेत्रीय कार्यालय रांची से प्रतिनिधि प्रोनोबेष दत्ता उपस्थित थे।